माघ शुक्ल पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 16 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 327, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अब छंटने लगा है 'अल नीनो' का प्रभाव 16

मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री 15

## सोनिया ने लिखी रायबरेली को चिट्ठी... परिवार को संभालिएगा

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार** : कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजस्थान में राज्यसभा के नामांकन के बाद से भाजपा लगातार उन्हें ट्रोल कर रही है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें अवसरवादी बताया तो इस बीच सोनिया गांधी ने रायबरेली के नाम एक भावानात्मक चिट्ठी लिखी है।

सोनिया गांधी ने पत्र में लिखा कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों में मिलकर पूरा होता है। यह नेह नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है।



**▸▸ अब सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा पर प्राण आपके पास**

रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फिरोज गांधी जी को जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। तब से अब तक, यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। इसी रौशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे। आज मैं जो कुछ भी हूँ, आपकी बदौलत हूँ और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है। अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं रायबरेली से अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन मेरा मन-प्राण हमेशा आपके पास रहेगा।

## पंजाब में पटरियों पर बैठे किसान, ट्रेनों का मार्ग बदला

लुधियाना/होशियारपुर, एजेंसी

'दिल्ली चलो' आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई को लेकर पंजाब में कई स्थानों पर किसान घंटों पटरियों पर बैठे रहे। जिससे दिल्ली-अमृतसर मार्ग पर कुछ ट्रेनों को दूसरे मार्गों से भेजा गया। किसानों ने कई टोल प्लाजा पर धरना भी दिया और अधिकारियों पर यात्रियों से पथकर नहीं लेने के लिए दबाव बनाया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) और बीकेयू डकोंदा (धनेर) ने पंजाब में कई जगहों पर चार घंटे के लिए 'रेल रोको' का आह्वान किया था।

**कई टोल प्लाजा पर दिया धरना, पथकर न लेने का बनाया दबाव**



पटियाला के राजपुरा में रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान।

किसानों ने दोपहर करीब 12 बजे अपना आंदोलन शुरू किया और कई स्थानों पर पटरियों पर बैठ गए। प्रदर्शन शाम चार बजे तक जारी रह सकता है। हरियाणा पुलिस द्वारा आंसू गैस के इस्तेमाल के विरोध में किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर कई टोल प्लाजा पर प्रदर्शन भी किया। होशियारपुर में किसानों ने जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया। दोआबा किसान कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जंगवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों ने चोलांग और हरसे मानसर में टोल प्लाजाओं का घेराव किया और वहां धरना दिया। उन्होंने केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारे लगाए और किसानों के लिए न्याय की मांग की।

### हमें किसानों के तौर-तरीके पर आपत्ति



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को कहा कि अपनी मांगों को मनवाने के लिए किसानों के तौर तरीके निंदनीय हैं क्योंकि वे आक्रमण करने जा रही किसी सेना की तरह दिल्ली की ओर कूच करने की कोशिश कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए खट्टर ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों को रोक सकती थी। अगर वे नहीं रुके, तो वहां कुछ समझ होनी चाहिए और 'दिल्ली वाले' कहते हैं कि वे किसानों के आंदोलन के साथ हैं। किसानों के 'दिल्ली चलो' आह्वान में आप की भागीदारी को लेकर एक सवाल पर उन्होंने कहा कि टिप्पणी करना सही नहीं है लेकिन उनके (किसानों के) व्यवहार से पता चलता है कि उन्हें किसी तरह का समर्थन प्राप्त है।

# सुप्रीम कोर्ट की चुनावी बॉण्ड पर रोक

## योजना को निरस्त कर दानदाताओं और राशि के खुलासे का भी दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसले में राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया तथा चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था। लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में उच्चतम न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया।



**▸▸ सर्वोच्च न्यायालय ने कहा-यह अभिव्यक्ति और सूचना के अधिकारों का उल्लंघन**

**▸▸ 13 मार्च तक निर्वाचन आयोग को दानदाताओं के नाम सार्वजनिक करने के दिए निर्देश**

न्यायालय के आदेशानुसार, निर्वाचन आयोग 13 मार्च तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर छह वर्ष पुरानी योजना में दान देने वालों के नामों की जानकारी देगा। संविधान पीठ ने 232 पृष्ठों के अपने दो अलग-अलग, लेकिन सर्वसम्मत फैसलों में कहा कि एसबीआई को राजनीतिक दलों द्वारा भुगतान कराए गए सभी चुनावी बॉण्ड का ब्योरा देना होगा। इस ब्योरे में यह भी शामिल होना चाहिए कि किस तारीख को यह बॉण्ड भुनाया गया और इसकी राशि कितनी थी। पूरा विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को विवरण साझा करने का भी निर्देश दिया, जिसमें बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीदार का नाम और खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का मूल्य शामिल है।

प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत बोलने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन है।

### शीर्ष न्यायालय के फैसले का सम्मान : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनावी बॉन्ड योजना का बचाव करते हुए कहा कि इसका प्रामाणिक उद्देश्य चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाना था। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने हालांकि कहा कि उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करती है। चुनावी बॉन्ड योजना को रद किए जाने के बाद केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की यह टिप्पणी सामने आई। भाजपा प्रवक्ता नलिन कोहली ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है ।

### फैसले से वोट की ताकत मजबूत होगी : कांग्रेस

कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय नोट के मुकाबले वोट की ताकत को और मजबूत करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर लिखा कि योजना की शुरुआत के दिन कांग्रेस ने इसे अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताया था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनावी बॉण्ड को कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था।

## पुलिस भर्ती फॉर्म में त्रुटि वाले अभ्यर्थी भी दे सकेंगे परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों के लिए होने वाली लिखित परीक्षा में वह अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे, जिनके ऑनलाइन भरे गए फॉर्म में किसी प्रकार की त्रुटि हो गई है।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के उप सचिव ने सभी डीएम-एसपी को पत्र लिखकर इस बाबत दिशा-निर्देश जारी किया है। दरअसल, सभी जिलों में 2377 परीक्षा केंद्रों में 17 व 18 फरवरी को दो पालियो में लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा में कुल 4817441 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे।

**▸▸ 17-18 फरवरी को होगी सिपाही के लिए लिखित परीक्षा**

**▸▸ उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने जारी किए दिशा-निर्देश**

इसमें ढेर सारे अभ्यर्थियों ने भर्ती बोर्ड को यह जानकारी दी है कि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय अथवा उसमें संशोधन करते समय खुद से या साइबर कैफे द्वारा फार्म में विभिन्न तरह की त्रुटि हो गई हैं। ऐसे में उन्हें परीक्षा में शामिल होने से वंचित न किया जाए। उसके बाद बोर्ड की ओर से निर्देश जारी किया गया कि जरूरी औपचारिकता पूरी कराकर अभ्यर्थियों को परीक्षा दिलाएं।

## 'इंडिया' को झटका, नेकां अकेले लड़ेगी लोस चुनाव

श्रीनगर, एजेंसी

**▸▸ आप व टीएमसी ने भी किया है अकेले लड़ने का एलान**



जम्मू-कश्मीर की सबसे बड़ी क्षेत्रीय पार्टी नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) ने गुरुवार को घोषणा की कि वह आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। पार्टी प्रमुख और सांसद फारूक अब्दुल्ला ने यहां यह घोषणा की। इसे विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के अलावा क्षेत्रीय गठजोड़ पीएजीडी के लिए एक झटके के तौर पर देखा जा रहा है। अब्दुल्ला ने यहां पत्रकारों से कहा कि जहां तक सीटों के बंटवारे की बात है तो मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि नेशनल कांफ्रेंस अकेले चुनाव लड़ेगी।

नेशनल कांफ्रेंस 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा रही है। 'आप' और टीएमसी ने भी कहा है कि वे क्रमशः पंजाब और प. बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेंगी। नेकां के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर व लद्दाख की सीटों में से तीन को लेकर कांग्रेस के साथ बातचीत कर रही है।

## ट्रक से भिड़ी स्कूल बस, चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार** : सीमेंट लदे ट्रक व स्कूल बस के बीच हुई टक्कर में बस चालक की मौत हो गई। दो शिक्षिकाओं समेत 20 छात्र-छात्राएं घायल हो गए जिसमें पांच गंभीर हैं। बस में 35 छात्र-छात्राएं सवार थे। डीएम व एसपी ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

गुरुवार को बिजनौर के मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल की बस सुबह बच्चों को लेकर स्कूल आ रही थी। बस चंदक-मंडावर मार्ग पर रानीपुर के पास पहुंची तो सामने से आ रहे सीमेंट लदे ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से घायल बच्चों को बस से निकाला और एंबुलेंस व अन्य वाहनों से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



**▸▸ बस में थे 35 छात्र-छात्राएं, 20 घायल, घायलों में दो शिक्षिकाएं**

**▸▸ घायलों में पांच की हालत गंभीर हायर सेंटर के लिए रेफर**

जिला अस्पताल पहुंचे 20 विद्यार्थियों में से पांच की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। हादसे में बस चालक मनोज 40 वर्ष निवासी ग्राम जालपुर की मौत हो गई। सूचना पर जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, एसपी सिटी संजीव बाजपेई आदि जिला अस्पताल पहुंचे। बस में सवार थाना मंडावर के गांव हाजीपुर की खुशी, गांव तीमरपुर की शिवांक, गांव बुडकरा की जीविका, थाना नांगल के गांव पुंडरीकला की कनिका, शाहपुरी के फैज और दीपिका, कामराजपुर की किया, तिसोतरा के देव व यश कुमार, शहदपुरी के इशांक नोमान, अफान, परी और पुडंरी निवासी आर्यन, सोबतपुर के कपिल कुमार, मानपुर के विशेष, नित्या व आरुष, किरतपुर के गांव बुडकरा की हिमानी राजपूत, अनामा चौहान समेत कई बच्चे घायल हुए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे मामले की मजिस्ट्रेटी जांच कराई जाएगी। स्कूल प्रबंधन की कहीं कोई भी कमी मिली तो स्कूल पर भी कार्रवाई होगी।

## तहखाने में पूजा पर रोक के लिए याचिका पर 28 को सुनवाई

**वाराणसी।** वाराणसी की एक अदालत ने गुरुवार को मस्जिद के तहखाने में पूजा-पाठ करने की अनुमति देने के फैसले के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष के एक वकील ने यह जानकारी दी। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश ((पंचम) अनिल कुमार की अदालत ने मस्जिद परिसर में तहखाने में पूजा-पाठ की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई की तारीख 28 फरवरी तय की है।

## रामलला और अयोध्या थीम पर सिक्का जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने भव्य राम मंदिर पर एक स्मारक सिक्का जारी किया। राम लला और अयोध्या की थीम पर आधारित रंगीन सिक्का में एक तरफ राम लला की प्रतिमा तो दूसरी ओर राम मंदिर की आकृति बनी है। यह सिक्का एसपीएमसीआईएलआई की वेबसाइट से खरीदा जा सकता है। इसके अलावा दो अन्य स्मारक सिक्के भी जारी किए जो महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर हैं।

उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लि. (एसपीएमसीआईएल) के 19वें स्थापना दिवस समारोह में भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति पर दो धातुओं से बना सिक्का और इसमें एक सींग वाले गैंडे (देश में लुप्तप्राय पशु श्रृंखला का हिस्सा) पर सिक्का जारी किया। बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति पर जारी सिक्का सीमित संस्करण वाला है और इस पर बुद्ध और स्तूप की तस्वीर है। सीतारमण ने पंचतंत्र विषय पर स्मारक टिकट और सिक्के लाने के लिए एसपीएमसीआईएल के प्रयासों की सराहना की। वित्तमंत्री ने कहा कि हाल ही में आप जिन विषयों को लेकर आ रहे हैं, चाहे वह स्मारक टिकट हों या सिक्के, यह बताता है कि आप दुनियाभर की गतिविधियों से अवगत हैं। आप पर्यावरण और दिव्यांगों के लिए चिंताओं को समझते हैं। साथ ही इसे इतना आकर्षक बनाना चाहते हैं जिसे किसी को उपहार दिया जा सके। वर्चुअली आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता सीतारमण ने की। राम लला और अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर जारी स्मारिका सिक्का को 50 ग्राम के 999 शुद्ध रजत से बनाया गया है।



एसपीएमसीआईएल के स्थापना दिवस समारोह के दौरान सिक्का जारी करतीं वित्तमंत्री।



**▸▸ रंगीन सिक्के में एक ओर रामलला तो दूसरी ओर उकेरी गई है श्रीराम मंदिर की आकृति**

**▸▸ वित्तमंत्री ने महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर भी जारी किए स्मारक सिक्के**



## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7535080677 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज



☞ ज्वालानगर स्थित मनोकामना मंदिर में संतोषी माता की पूजा अर्चना प्रात: 6 :30 बजे।

☞ भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आंबेडकर पार्क में दोपहर 12 :30 बजे।

# मानव जाति के कल्याण को रहें तत्पर : डॉ. यादव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए।

**अमृत विचार:** राजकीय रजा स्नातकोत्तर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसएस यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना पहले आपके सेवा व समर्पण के भाव को प्रेरित करती है। युवाओं को स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों पर चलकर ऊर्जा को सही दिशा में लगाकर समाज, देश व संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों अंबेडकर दल, आजाद दल, राधा कृष्णन दल एवं रानी लक्ष्मीबाई दलों के 200 स्वयंसेवकों व स्वंय सेविकाओं का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पैगा के संविलियन प्राथमिक विद्यालय में शुरू हुआ। डॉ. सोनिया, डॉ. सुरजीत, डॉ. प्रमोद, डॉ. कैश मियां ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं में सोफिया, मेहनाज, इल्मा, यन्हा, ईरम, जैनब, विनिता अब्दुल रब रहे। इस दौरान डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. सुरजीत सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. सोनिया यादव आदि रहे।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तैयारियां तेज, फिजिकल कॉलेज स्टेडियम में होंगे निकाह और सात फेरे

# मार्च में गूंजेगी शहनाई, परिणय सूत्र में बंधेगे 2500 जोड़े

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



बैठक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा करते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिले में 2500 जोड़ों की शादी कराने का लक्ष्य है। प्रशासनिक स्तर से मार्च के पहले सप्ताह में फिजिकल कॉलेज स्टेडियम में निकाह और सात फेरे होंगे। घरातियों और बरातियों को भोजन भी मिलेगा। जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत निर्धारित पात्रता रखने वाले लाभार्थी अनिवार्य रूप से योजना से आच्छादित कराया जाएगा।

कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को हुई बैठक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जिले में कुछ दिवसों में भव्य कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल की मौजूदगी में अधिकारियों से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी के पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की स्थिति के बारे में समीक्षा की। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से प्राप्त आवेदन पत्रों का खंड विकास अधिकारी और नगरीय क्षेत्र के आवेदन पत्रों का संबंधित अधिशासी अधिकारी के स्तर से सत्यापन होना है। सत्यापन की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता अपनाई जाएं। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी या अधिशासी अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारियों की देखरेख में सत्यापन कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। सत्यापित किए गए आवेदन पत्रों की गंभीरता पूर्वक जांच कर ली जाएं। निर्धारित पात्रता शर्तों के आधार पर लाभार्थी पात्रता की श्रेणी के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने का हकदार है। बैठक के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, उपायुक्त उद्योग मुकेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी सहित सभी खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुलिस लाइन में हुई व्यापारियों की गोष्ठी

**रामपुर, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में क्षेत्राधिकारी ने व्यापारियों की गोष्ठी की। इसमें सीओ सिटी ने उनकी समस्याएं सुनीं। व्यापारियों को आश्वासन दिलाया कि जल्द ही समस्याओं को निस्तारण कराया जाएगा। व्याापरियों ने सीओ का स्वागत किया। इस दौरान व्यापारी नेता संदीप अग्रवाल सोनी, शैलेंद्र शर्मा समेत आदि लोग शामिल रहे।

### भारत बंद को सफल बनाने की अपील

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की पंचायत तहसील कार्यालय में तहसील अध्यक्ष नईम प्रधान के नेतृत्व में हुई। इसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। 16 फरवरी को भारत बंद को सफल बनाने के लिए अपील भी की। इस दौरान नगर अध्यक्ष मुराद अली खान, अफरोज अली, आरिफ, कामिल, अब्दुल अजीज, मकसूद अली आदि किसान शामिल रहे।

# सीबीएसई : कड़ी निगरानी में हुई परीक्षा

## 46 परीक्षार्थियों में से एक रहा अनुपस्थित, पेंटिंग की परीक्षा भी हुई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



दयावती मोदी एकेडमी में परीक्षा देकर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सीबीएसई की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गईं। पहले दिन 12वीं का एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। नकलविहीन परीक्षाएं कराने के लिए केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में 24 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

जनपद में 13 परीक्षा केंद्रों पर सीबीएसई परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। दयावती मोदी एकेडमी में 12वीं के विषय उद्यमशीलता की परीक्षा में 46 के सापेक्ष 45 परीक्षार्थी शामिल हुए। होली चाइल्ड स्कूल में 10वीं की पेंटिंग की परीक्षा में एक परीक्षार्थी ने परीक्षा दी। उधर, नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीटी कैमरों की निगरानी में सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा कराई जा रही हैं। सीबीएसई परीक्षा के सिटी कोआर्डिनेटर नीरज तिवारी ने बताया कि जिले में 10वीं की परीक्षा के लिए 3500 और 12वीं के लिए 2500 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि केंद्रों के परीक्षा कक्षों में 24 परीक्षार्थियों को बैठाने की व्यवस्था कराई गई है। इसके अलावा परीक्षा के दौरान सीबीएसई और स्थानीय स्तर पर उड़नदस्ते छापामारी करेंगे। कहा कि परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन कराई जाएगी। सीबीएसई परीक्षा 10वीं की 3 अप्रैल तक जबकि, 12वीं की परीक्षा 15 मार्च तक होगी।

### परीक्षा के लिए इन स्कूलों को बनाया गया है केंद्र

सेंट मेरी स्कूल, ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल, सेंट एंथनी स्कूल, सनवे स्कूल, सेंट पॉल्स स्कूल, दयावती मोदी एकेडमी, व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल, ब्रहमदत्त सरस्वती स्कूल बिलासपुर, आरएएन बिलासपुर, न्यू एज बिलासपुर, होली चाइल्ड स्कूल बिलासपुर, लीड इंडिया इंटरनेशनल, केंद्रीय विद्यालय सीआरपीएफ रामपुर।

### छूटे हुए छात्रों की आज होगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

**रामपुर, अमृत विचार :** हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छूटे हुए छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुक्रवार को रजा इंटर कॉलेज में होंगी। 22 फरवरी से नौ मार्च तक हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इससे पहले दो फरवरी से लेकर नौ फरवरी तक सभी स्कूलों में प्रायोत्मक परीक्षाएं हुई थीं। इनमें कुछ छात्र-छात्राएं छूट गए थे। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि जिन भी छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं छूट गई हैं। वह स्कूल में संपर्क कर शुक्रवार को रजा इंटर कॉलेज में परीक्षा दे सकते हैं। इसके बाद अवसर दोबारा नहीं मिलेगा।

## आभा ऐप की आईडी बनवाएं, मिलेगा लाभ

**रामपुर, अमृत विचार:** वार्ड संख्या 36 के सभासद मोहम्मद जफर ने बताया कि आभा ऐप की आईडी बनाने का कार्य स्वास्थ्य विभाग की आशाओं को दिया है। वे घर-घर जाकर लोगों की आईडी बना रही हैं। इसके लिए जब मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता है, तो वह ओटीपी बताने में लोग हिचकिचाते हैं। बल्कि वह ऐसा न करके मोबाइल पर प्ले स्टोर के जरिए खुद आभा ऐप पर डाउनलोड कर लें। जिससे कि आभा ऐप की आईडी बन जाएगी। परामर्श लेते समय आईडी के बारे में बताए। इससे मालूम होगा कि किस-किस चिकित्सक से उपचार कराया है। इससे लोगों को काफी हद तक समय से उपचार मिल सकेगा। **डायरिया वार्ड में सात मरीज भर्ती :** जिला अस्पताल में बुखार, जुकाम के साथ डायरिया के काफी मरीज आ रहे हैं। गुरूवार को सात नए मरीज डायरिया वार्ड में भर्ती हुए। मौसम में बदलाव के बाद जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिकित्सकों ने मरीजों को दवाओं के साथ उचित परामर्श दिया।



बाजार में खाद्य पदार्थों के नमूने लेते अधिकारी। ● अमृत विचार

# शाहबाद में टीम ने लिए खाद्य पदार्थों के नमूने, जांच को भेजे

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शाहबाद में अभियान चलाकर कई दुकानों पर तेल और अन्य सामान के नमूने लिए। नमूने जांच के लिए भेजा।

खाद्य पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिए सहायक खाद्य आयुक्त अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने अभियान चलाया गया। इस दौरान शाहबाद पुराना बाजार स्थित उजैर पुत्र नईम की तेल निर्माण इकाई से सरसों के तेल के दो नमूने लिए। 345 किलोग्राम (कीमत लगभग 38000 रुपये) खुला सरसों का तेल सीज किया। शाहबाद साप्ताहिक बाजार स्थित दिनेश पुत्र जीवन राम की दुकान से मिर्च पाउडर का एक नमूना लिया। राधेश्याम पुत्र श्रीराम की दुकान से हल्दी पाउडर का नमूना लिया। गांव गौसमपुर शाहबाद स्थित धर्मेंद्र पुत्र करन सिंह की दुकान से रिफाइंड का नमूना, अजीतपुर रामपुर स्थित दूधिया अशोक पुत्र भूप सिंह से दूध का एक नमूना लिया गया। खाद्य पदार्थों के कुल छह नमूने संग्रहीत कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मिलावट की धाराओं में वाद योजित किए गए जाएंगे। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामप्रताप, राहुल शुक्ला, अजरा बी मोहम्मद शामिल रहे।



टॉपर्स को सम्मानित करते विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

# विधायक ने हाईस्कूल-इंटर के टॉपर्स को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** चंदूपुरा सीकमपुर स्थित रैनबो इंटर कॉलेज में गुरुवार को इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वार-टांडा के विधायक शफीक अहमद अंसारी ने हाईस्कूल और इंटर के जनपद टॉपर्स खुशी दिवाकर, नागेश्वर चौहान और पारित कुमार सिंह को समान्नित किया। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान कोतवाल टांडा से एसएस पचौरी, विद्यालय प्रबंधक संजीव कुमार, सह संस्थापक राजीव सिंह चौहान, निर्देश लता, मीना देवी, प्रधानाचार्य हरकेश सिंह, संचालक राजीव सिंह कुशवाह, ओमप्रकाश सिंह, विनोद कुमार, होराम सिंह, रोशन सिंह, दिनेश कुमार आदि रहे।

## एसडीएम ने धनौरी का किया निरीक्षण

**स्वार,अमृत विचार:** एसडीएम को निरीक्षण के दौरान स्कूल में छात्रों की संख्या कम मिली। शिक्षक एवं शिक्षामित्र मौजूद मिले। एसडीएम ने बच्चों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को एसडीएम अवनीश कुमार ने गांव धनौरी स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों, हेल्थ एंड वेलनेंस सेंटर, सहकारी गन्ना समिति लिमिटेड, राशन की दुकान, प्राथमिक ग्रामीण शहरी समिति का निरीक्षण किया। एसडीएम ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय यूपीएस में 70 बच्चों का नाम रजिस्टर में दर्ज पाया। इसके सापेक्ष 36 बच्चे मिले। 63 बच्चों का नाम रजिस्टर में दर्ज पाया। केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनीता मिलीं। उपस्थिति पंजिका में तीन से छह वर्ष की आयु के 39 बच्चे दर्ज थे। इसके सापेक्ष 13 बच्चे अनुपस्थित मिले।



कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव।

# घायल व्यक्तिओं की मदद करने पर दिया गया जोर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने यातायात नियमों के पालन करने और दुर्घटना में घायल व्यक्तिओं की मदद के लिए हमेशा तैयार रहने की प्रेरणा दी। इस दौरान छात्र-छात्राओं को सुरक्षा नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई।

15 जनवरी से राष्ट्रीय सड़क माह मनाया गया। इसका समापन राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज में गुरुवार को हुआ। इस मौके पर अधिकारियों ने विभाग से संबंधित सड़क सुरक्षा के कार्यक्रमों का आयोजन किया। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत अवतार सिंह (अध्यक्ष) वीर खालसा सेवा समिति एवं प्रदीप कुमार सक्सेना (एनजीओ) को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2024 में उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य शिव शंकर ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

# मेले में 140 युवाओं को मिला रोजगार

संवाददाता, रामपुर/स्वार

**अमृत विचार:** स्वार स्थित प्रशिक्षण केंद्र में गुरुवार को आयोजित रोजगार मेले में 140 युवाओं को नौकरी मिली। नियुक्ति पत्र पाकर सभी युवाओं के चेहरे खिल गए।

रोजगार मेले का उद्घाटन विधायक के प्रतिनिधि मोहम्मद उमैर अंसारी व नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन डॉ. मोहम्मद ने किया। मेले में लगभग 247 अभ्यर्थी शामिल हुए। विभिन्न कंपनियों ने युवक-युवतियों का साक्षात्कार लेकर चयन किया। 140 युवाओं का चयन हुआ। इसके बाद उन्हें नियुक्ति पत्र बांटे गए। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई से जानी, प्रमोद कुमार मिश्रा, अनुराग शुक्ला आदि मौजूद रहे।



नियुक्ति पत्र देते विधायक के प्रतिनिधि उमैर अंसारी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

### कॅरियर काउंसलिंग में युवाओं को दिए टिप्स

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को कॅरियर काउंसलिंग हुई। इसमें डॉ. सैयदा शुमायला नईम ने मानविकी के क्षेत्र में अपने कॅरियर पथ में स्पष्टता और दिशा चाहने वाले छात्रों को अमूल्य मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय में परामर्श एवं निर्देशन प्रकोष्ठ दिशा ने कला संकाय के छात्र-छात्रों के लिए विशेष कॅरियर परामर्श सत्र का आयोजन कराया। सत्र का आरंभ डॉ. अजीता रानी ने कॅरियर से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं के विषय में छात्र- छात्राओं के साथ चर्चा की। डॉ. नईम ने व्यापक योग्यता और विशेषज्ञता के साथ कला संकाय के छात्र-छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों को आकार देने में मदद करने के लिए सलाह दी। इस मौके पर डॉ. मीनाक्षी गुप्ता, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. जेबी नाज, डॉ. खुशबू, डॉ. आकांक्षा व डॉ. आयुष कुमार आदि रहे।

# हिंदी में बिंदी व मात्रा का बड़ा महत्त्व

संवाददाता, शाहबाद



हिंदी शिक्षक अरविंद राम।

▸▸ इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को हिंदी प्रवक्ता ने बताए सफलता के सूत्र

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों के पास परीक्षा की तैयारी के लिए अब कम समय बचा है। 22 फरवरी को पहले दिन हिंदी के प्रश्न पत्र से ही बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। विद्यार्थी विषय की तैयारी कर अच्छे अंक ला सकते हैंस इसके बारे में जानकारी दी गई।

राजकीय इंटर कॉलेज के शिक्षक अरविंद राम ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बताया कि हिंदी में बिंदी, मात्रा और सुलेख का बड़ा महत्व है। परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थी निरंतर अभ्यास करें। विषय को रटकर नहीं, लिखकर याद करें। ऐसा करने से बेहतर अंक पाने में आसानी होगी। तनावमुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करें। बताया कि विद्यार्थी हिंदी की तैयारी के लिए अन्य विषयों के मुकाबले कम समय देते हैं, लेकिन ऐसा करने से अच्छे अंक पाने में परेशानी आ सकती है। इसलिए विद्यार्थी अगर हिंदी में नियमित समय देकर तैयारी करें तो अच्छे अंक प्राप्त होंगे। विद्यार्थी इस बात का भी ध्यान रखें कि हिंदी विषय के अंक परीक्षा परिणाम की श्रेणी सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### यह गुरु मंत्र काम आएगा

सटीक उत्तर अच्छे अंक प्राप्त करने की कुंजी है। प्रश्नों को भली-भांति समझ कर सटीक उत्तर लिखें, लेखन स्पष्ट एवं त्रुटि रहित रहे। महत्वपूर्ण बिंदुओं पर शीर्षक डालकर ही लिखें प्रश्नोत्तर खण्डवार एवं क्रमानुसार लिखें। उत्तर पुस्तिका पर साफ सुथरा लेखन ही बेहतर अंक दिलाने में सहायक होगा।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

- पिछले सालों के प्रश्न पत्रों को हल करें। इससे परीक्षा के पैटर्न का पता चलेगा।
- महत्वपूर्ण लेखक, कवियों की रचनाएं एवं जीवन परिचय का अध्ययन करें।
- छोटे-छोटे प्रश्न और व्याकरण में संधि, समास, अलंकार आदि का लिखकर अभ्यास करें।

## चित्रकला प्रतियोगिता में विवेक सैनी प्रथम

**रामपुर, अमृत विचार:** तंबाकू नियंत्रण अभियान के संयोजक जीव विज्ञान प्रवक्ता सचिन कुमार ने छात्रों को तंबाकू के खतरों से रूबरू कराया। कहा कि तंबाकू में पाया जाने वाला नशीला पदार्थ निकोटिन स्लो प्वाइजन है। अधिक मात्रा में तंबाकू चबाने और धुएं के साथ भीतर लेने से मुंह, गला, पाचन तंत्र, फेफड़े, हृदय और तंत्रिका तंत्र प्रभावित होते हैं।

जैन इंटर कॉलेज में गुरुवार को चित्रकला प्रतियोगिता में तंबाकू के खतरों से सावधान करने के लिए छात्र-छात्राओं से चित्रण कराया। इसमें विवेक सैनी प्रथम, राज सागर द्वितीय, आर्यन सैनी तृतीय रहे। प्रधानाचार्य हरीश डुडेजा ने कहा कि सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वाले लोगों को बिना संकोच के टोकने की आदत डालें। इस दौरान डॉ. गौरव वार्ष्णेय, विशाल सक्सैना, सुनील जैन, नूतन कुमार शर्मा, राहुल जैन, मनोज कुमार, विनय गर्ग, प्रिया रहीं।

**उत्साह** | यूपी पुलिस भर्ती की तैयारियां अंतिम दौर में, 11 केंद्रों पर 17 और 18 फरवरी को होगी परीक्षा

# वर्दी पहनने को युवाओं में दिख रहा जोश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती को लेकर युवाओं में उत्साह है। शनिवार और रविवार को पुलिस भर्ती की परीक्षा होगी। इसे लेकर प्रशासनिक अधिकारी तैयारियों में जुटे हैं। अभ्यर्थी भी परीक्षा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वे मेहनत कर खाकी वर्दी हासिल करना चाहते हैं।

वर्ष 2018 में पुलिस भर्ती निकली थी। इसके बाद पांच साल 2023 में फिर से करीब दो माह पहले पुलिस भर्ती निकाली गई थी। अब पुलिस में भर्ती होने के लिए युवाओं में जोश दिख रहा है। युवाओं ने फार्म भरने के बाद कोचिंग में तैयारी की है। युवतियां भी जमकर मेहनत करने में जुट गई हैं। सुबह-शाम या फिर रात बस पढ़ाई में जुटी हुई हैं। साथ ही युवा कई माह से सड़कों पर दौड़ लगाा रहे हैं। कई-कई किलो मीटर तक युवा दौड़ रहे हैं। युवतियां भी दिन निकलने के बाद आंबेडकर पार्क या फिर रोशन बाग में दौड़ लगा रही हैं। उधर, प्रशासनिक अधिकारी भी परीक्षा को लेकर सक्रिय हो गए हैं।



कॉलेज में कैमरों को चेक करता कर्मचारी।



"मैं दो साल से पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा हूं। दो दिन बाद परीक्षा होने जा रही है। इसके लिए काफी मेहनत की है। ताकि लिखित परीक्षा में पास होकर सफल हो सकूं। भर्ती होकर जनता की सेवा करुंगा। - रमेश कुमार



"इस बार यूपी पुलिस में करीब 60 हजार भर्तियां निकाली गई हैं। इसके बाद से लगातार परीक्षा की तैयारी चल रही है। घटनाक्रम को भी पढ़ा जा रहा है। परीक्षा पास करने को मेहनत कर रहे है। - संजीव कुमार



"दो वर्ष से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जा रही है। 18 फरवरी को पुलिस भर्ती की परीक्षा है। इसे लेकर तैयारी चल रही है। ताकि इस परीक्षा को पास करके सफल हो सकू। - विनीता



"मैं कई साल से कोंचिग जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। कुछ दिन पहले ही शासन की ओर से यूपी पुलिस भर्ती आई। उसकी तैयारी चल रही है, अब दो दिन बाद परीक्षा है। इसमें सफलता हासिल करनी है। - निशा

## एक नजर

### जमीन कब्जाने के कई मामलों में हुई सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** किसानों की जमीन से जुड़े कई मामलों में गुरुवार को एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट कोर्ट) में सुनवाई हुई। अब इस मामले में 22 फरवरी को सुनवाई होगी। सपा सरकार में आजम खां ने जौहर यूनिवर्सिटी का निर्माण कराया था। किसानों की जमीनें कब्जाने के मामले में आजम खां सहित काफी लोगों को आरोपी बनाया था। गुरुवार को कई मामलों में सुनवाई हुई।

### 20 लीटर शराब मिली आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन पुलिस ने 20 लीटर शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। भूरा पुत्र इन्द्र सिंह निवासी ग्राम पसियापुरा जनूबी को पंजाबनगर से शिव मंदिर की तरफ से पकड़ा है।

### पुलिस ने दो आरोपी पकड़े

**रामपुर,अमृत विचार :** टांडा पुलिस ने आरोपी अब्दुल मलिक निवासी मोहल्ला टंडोली को तमंचा व कारतूस के साथ मिनी स्टेडियम के पास से गिरफ्तार किया। उधर, चोरी के मुकदमे में पुलिस ने अजय निवासी गांव अलीनगर उत्तरी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके पास से पर्स, कुल 900 रुपये, 10 रुपये का नेपाली एक नोट मिला। एक चाकू भी मिला है।

# गलत इंजेक्शन से गर्भवती की मौत

## परिजनों का हंगामा, पटवाई-मिलक रोड स्थित गंगवार अस्पताल सील

संवाददाता, पटवाई



**अमृत विचार:** पटवाई में बुधवार देर रात झोलाछाप के गलत इंजेक्शन से गर्भवती की हालत बिगड़ी तो वह उसे अपनी कार से दूसरे अस्पताल ले जाने लगा। लेकिन उससे पहले ही रास्ते में महिला की मौत हो गई। इससे गुस्साए परिजनों ने झोलाछाप के अस्पताल में हंगामा किया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे नोडल अधिकारी ने अस्पताल सील कर दिया।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव मतवाली निवासी बाबू अपनी पत्नी किरण (25) को प्रसव के लिए बुधवार दोपहर दो बजे एक निजी अस्पताल ले जा रहा था। इस दौरान रास्ते में एक झोलाछाप ने उसे बातों में फंसा लिया। बाबू गर्भवती पत्नी को उसके साथ पटवाई-मिलक रोड स्थित गंगवार अस्पताल ले गया। जहां गर्भवती को भर्ती कराया। बाबू का आरोप है कि इस दौरान वहां के स्टाफ ने उसे गलत इंजेक्शन लगा दिया।



अस्पताल के बाहर मौजूद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

देर रात उसकी हालत बिगड़ने पर झोलाछाप बिना किसी को बताए अपनी कार से उसे एक निजी अस्पताल लेकर जा रहा था। तभी रास्ते में गर्भवती की मौत हो गई। इसकी जानकारी बाबू को हुई तो उसके होश उड़ गए।

उसने पटवाई पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इस बीच आरोपी मौके से फरार हो गया।

यहां हंगामा कर परिजनों ने अस्पताल के स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बाद में परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर अस्पताल के आरोपी स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

> पटवाई के गंगवार हॉस्पिटल का मामला सामने आया है, यहां क्षेत्र की गर्भवती महिला इलाज कराने गई थी, उसकी मौत हो गई है। हॉस्पिटल में संचालक नदारद मिला। झोलाछाप स्टाफ मिला था। अस्पताल पर सीलबंदी की कार्रवाई कर दी है। आगे की कार्रवाई में दोनो पक्षों को बुलाकर वार्ता की जाएगी। हालांकि अस्पताल विभाग की स्वीकृति से संचालित है।
>
> -डॉ. केके चहल, नोडल अधिकारी

### गली-मोहल्लों में चल रहे क्लीनिक

हर तहसील क्षेत्र में धड़ल्ले से अप्रशिक्षित लोग स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से साठगांठ कर दुकानों और घरों में अस्पताल खोल रहे हैं। इनमें गर्भवतियों और बच्चों को भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। यहां महिलाओं व बच्चों की मौत हो रही है। दो से तीन दिन के अंदर निजी अस्पतालों का स्टाफ एक दो गर्भवती को मार रहा है। ऐसे अस्पताल संचालकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्रवाई नहीं हो रही है। अगर होती है तो आनन-फानन अस्पताल को सील कर दिया जाता है। बाद में मामला शांत होते ही फिर से अस्पताल की सील को खोल दिया जाता है।

### मारपीट करने में आरोपी को दो साल की हुई कैद

**रामपुर, अमृत विचार :** मारपीट करने के मामले में विशेष न्यायधीश एससी-एसटी एक्ट की कोर्ट ने आरोपी को दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही साढ़े छह हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

यह मामला 21 फरवरी 2014 का है। शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव ताजपुर बेहटा निवासी किशनपाल फुल्लू की दुकान पर सामान लेने गया था। सामान लेने के बाद किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई थी। फुल्लू ने किशनपाल की नाक पर वार कर दिया था। जिससे वह घायल हो गया था। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने फुल्लू, कमल हसन और सिपाही फिरोज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने विवचेना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायधीश एससी-एसटी एक्ट कोर्ट में हुई। कोर्ट ने गुरुवार को आरोपी कमल हसन को दो साल की सजा सुनाई है। एसपीओ शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि सिपाही फिरोज के खिलाफ गवाही नहीं देने के कारण उसे बरी कर दिया। वहीं फुल्लू की पहले ही मौत हो चुकी है। आरोपी पर साढ़े छह हजार का जुर्माना लगाया है।

# फर्जी कार्मिक की गायब जांच पत्रावली मिली, होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

▸▸ लाखों रुपये का भुगतान कराने का है आरोप

**अमृत विचार :** बीएसए कार्यालय में सहायक लेखाकार के पद पर कार्य कर रहे फर्जी कार्मिक की गायब पत्रावली मिलने पर जांच शुरू हो गई है। तत्कालीन जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने 27 जनवरी को आरोपी नेगपाल सिंह से सभी पटल हटाने और उसकी नियुक्ति की जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया था। इसमें जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला पंचायत की वित्तीय परामर्शदाता शामिल थे। डीएम का तबादला जौनपुर होने के बाद फर्जी कार्मिक की पत्रावली गायब हो गई थी। गुरुवार को पत्रावली मिल गई। अब सीडीओ डॉ. नन्द किशोर कलाल के नेतृत्व वाली कमेटी जांच करेगी।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ के स्थानांतरण के बाद फाइल गायब हो गई। नेगपाल सिंह पर सहायक लेखाकार के पद पर रहते हुए कूटरचित अभिलेखों से अपनी पत्नी को शिक्षिका के पद पर नियुक्त कराने और उसे लाखों रुपये का भुगतान करने का आरोप है। उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति बेसिक शिक्षा अधिकारी ने की थी।

इसके जवाब में निदेशालय ने बताया था कि नेगपाल कोई भी कार्मिक उनके अधीनस्थ कर्मचारी नहीं है। निदेशालय के पत्र पर जिला अधिकारी ने उससे सभी पटल हटाने और उसकी नियुक्ति की जांच के लिए 27 जनवरी को समिति गठित की थी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने 10 फरवरी को जिलाधिकारी से फाइल गायब होने की शिकायत की थी। गुरुवार को पत्रावली मिलने के बाद सभी संबंधित अधिकारियों को 15 दिन में जांच आख्या देने के निर्देश दिए गए हैं।

### मारपीट के दो मामलों में पांच लोग गिरफ्तार

**केमरी, अमृत विचार :** मारपीट के मामलों में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। गांव जिवाई जदीद निवासी नेमचंद ने पुलिस को बताया कि वह पीलाखार में मछली पकड़ने गया था। तभी गांव का ही धर्मपाल मछली मारने पहुंच गया। नेमचंद के जाल में मछलियां फंस गई थीं। इसे लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। बाद में आरोपी धर्मपाल प्रेमचंद के घर चला गया। जहां उसकी पत्नी रूपा को पीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। लालानगला में रामपाल निवासी मोहल्ला यादव कॉलोनी बहजोई जिला संभल का विवाह थाना क्षेत्र के नारायण नगला गांव में हुआ था। वह अपनी ससुराल से नाबालिग पुत्री को अपने साथ ले जाने की जिद करने लगा। लईक अहमद निवासी केमरी रवि बाबू निवासी भानपुर थाना मिलक बलवीर निवासी बूची थाना शीशगढ़ बरेली ने भी ससुरालयों के साथ मारपीट की।

# साइकिल चलाते समय तालाब में गिरे मदरसे के छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ गांव पंजाब नगर में मामा के घर रह रहा था सिकंदराबाद का निवासी शाहनवाज

**अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में मामा के घर रह रहे मदरसे के छात्र की तालाब में डूबने से मौत हो गई। गुरुवार दोपहर वह साइकिल चलाने घर से निकला था। लेकिन वह साइकिल सहित तालाब में गिर गया। देर शाम तालाब में साइकिल पड़ी देख परिजनों ने उसे बाहर निकाला। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही उसे घर ले गए।

टांडा थाना क्षेत्र के गांव सिकंदराबाद में किसान इरफान का परिवार रहता है। उनका बेटा शाहनवाज (10) कई वर्षों से गांव पंजाब नगर में अपने मामा असलम के यहां रह रहा था। वह मदरसे का छात्र था। गुरुवार दोपहर ढाई बजे वह घर से बाहर साइकिल चलाने निकला था। जब गांव पंजाब नगर के बाहर तालाब के पास पहुंचा तो यहां वह साइकिल सहित तालाब में गिर गया। शाम पांच बजे तक वह घर नहीं पहुंचा तो उसके मामा व अन्य लोगों ने उसकी तलाश की। इस दौरान उन्हें साइकिल तालाब में दिखी।

उन्होंने उसे तालाब में तलाश किया तो पानी में उसका शव मिल। उसे बाहर निकाला। सूचना के बाद पुलिस आ गई। सिविल लाइन प्रभारी अजय मिश्रा ने बताया कि 10 वर्ष के बालक की मौत हो गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

### चिकित्सक पर गोवंश की फर्जी टैगिंग का आरोप

**मसवासी, अमृत विचार:** पशु चिकित्सक पर गोवंश की फर्जी तरीके से टैगिंग करने का आरोप लगाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। पशु चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग की है।

दिनेश गोयल ने बताया कि 30 जनवरी को क्षेत्र के गांव मझरा खुशहालपुर में पशु चिकित्सक ने चार गोवंश की टैगिंग की थी। सोमवार को नगर के हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने एसडीएम अवनीश कुमार को नगर के वार्ड संख्या-7 में गोवंश के आवारा घूमने की शिकायत की थी। एसडीएम ने नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चंद्रा घटना की जानकारी दी थी। चेयरमैन ने संरक्षित किए गए गोवंश के टैग की जांच करने के लिए पशु चिकित्सक से कहा। आरोप है कि पशु चिकित्सक ने टैग फर्जी बताते हुए मामले से पल्ला झाड़ लिया।

# मानसिक रूप से कमजोर महिला मिली

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार:** पुलिस ने हाईवे पर भटक रही मानसिक रूप से कमजोर महिला को परिजनों के हवाले कर दिया। परिजन काफी दिनों से गायब महिला को तलाश कर रहे थे। अब महिला के मिलने पर परिजन भावुक हो गए। उन्होंने पुलिस का आभार जताया। इस दौरान थाना पुलिस ने महिला का उपचार कराने व ध्यान रखने की हिदायत दी।

मंगलवार रात गश्त के दौरान थानाध्यक्ष निशा खटाना को भोट कस्बे के पास रामपुर-काठगोदाम हाईवे पर भटकती हुई एक महिला मिली थी। पूछताछ के दौरान महिला ने अपने पते व परिजनों के संबध में संतोषजनक जानकारी नहीं दी थी। इसके बाद पुलिस महिला को थाने ले गई थी। महिला हेल्पडेस्क के कार्यालय में बैठा दिया था। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने उसे नए कपड़े पहनाए और खाना खिलाया। उसके परिजनों के बारे में जानकारी ली तो महिला ने अपने आप को काजी टोला मोहल्ले का निवासी बताया। पुलिस ने बरेली के बारादरी पुलिस को महिला का फोटो भेजकर उसकी जानकारी मांगी। बारादरी पुलिस ने महिला को थाना क्षेत्र का ही निवासी बताया और उसके परिजनों का मोबाइल नंबर दिया। बुधवार दोपहर बाद बरेली जनपद के बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला काजी टोला निवासी फरीद परिजनों संग थाने पहुंचे।



महिला को परिजनों के हवाले करतीं पुलिसकर्मी।

महिला की पहचान अपनी बहन नूर उर्फ रजिया के रूप में की। महिला ने भी अपने भाई को पहचान लिया। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि महिला की पहचान व परिजनों के पहचान के साथ ही परिजनों की पुष्टि होने पर महिला को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### गाय खेत में पहुंची तो पड़ोसी का कंधा तोड़ा

**शाहबाद, अमृत विचार:** खेत रखाते समय गाय को भगाना किसान को भारी पड़ गया। गाय भागकर पड़ोसी के खेत में घुस गई। इस पर गुस्साए पड़ोसी ने किसान पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इससे उसका कंधा टूट गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

गांव मीरापुर निवासी मोर सिंह के अनुसार, वह खेत में फसल की रखा रहा था। इस दौरान उसने गोवंश को खेत से भगाया। यह गोवंश पड़ोसी लालाराम के खेत में चला गया। लालाराम ने गाली-गलौज की। मोर सिंह ने इसका विरोध किया तो उसने लाठी से हमला कर दिया। जिससे उसकी हड्डी टूट गई। पुलिस ने मोर सिंह की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।



अजीतपुर में निर्माण ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

# भूखंड में निर्माण पर गरजी जेसीबी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** नक्शा पास कराए बिना भूखंडों में किए गए निर्माण पर रामपुर विकास प्राधिकरण की जेसीबी गरजी। गुरुवार को विभाग की इस कार्रवाई से अन्य भूखंड स्वामियों में खलबली मची हुई है। दिसंबर में भूखंड स्वामी को नोटिस दिए गए थे। इसका जवाब नहीं देने पर कार्रवाई हुई।

आरडीए के जेई हरिओम गुप्ता ने भूखंड पर हुए निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कराया। तहसील सदर के गांव अजीतपुर स्थित एक्जीक्यूटिव इनक्लेव पर राजेश पांडेय, इस्तेखार ने 16 हजार वर्ग मीटर भूमि पर बिना नक्शे के भूखंड कर निर्माण कराया था। जेई ने बताया कि विभाग से बिना मानचित्र पास कराए ही भूखंड कर निर्माण कराया गया था। इसे लेकर दिसंबर में नोटिस दिया गया था। कार्रवाई के समय लेखपाल महिपाल और सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस मुस्तैद रही।

### युवती से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**शाहबाद, अमृत विचार:** युवती से छेड़खानी के मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

ढकिया पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के अनुसार, 13 फरवरी को उसकी बेटी खेत से चारा लेने गई थी। आरोप है कि वहां पड़ोसी तेज सिंह मौजूद था। आरोपी युवती को सरसों के खेत में खींचकर ले गया और उससे छेड़खानी की। किसी तरह पीड़िता ने खुद को बचाया। घर आकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। पीड़िता की मां ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**छेड़खानी का आरोपी दबोचा :** शाहबाद पुलिस ने छेड़खानी के आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी जयपाल निवासी करैथी का मझरा का रहने वाला है।

# दुष्कर्म के प्रयास के आरोपियों को लोगों ने पेड़ से बांधकर पीटा

संवाददाता, मसवासी

▸▸ स्वार थाना क्षेत्र के एक गांव की घटना, पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया

**अमृत विचार :** स्वार थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन युवकों ने घर में घुसकर युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। इस बीच ग्रामीणों ने दो युवकों को पकड़ लिया। इसके बाद पेड़ से बांधकर उनकी पिटाई कर दी।

बताया गया कि स्वार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तीन युवक एक युवती को अकेला देखकर उसके घर में घुस गए थे। घटना मंगलवार देर शाम की बताई जा रही है। युवकों ने युवती के साथ छेड़खानी दी। युवती ने विरोध और हंगामा किया। तभी लोग मौके पर पहुंचे और दो युवकों को दबोच लिया। हालांकि एक युवक भाग गया। लोगों ने दोनों युवकों को पेड़ से बांधकर पीटा। उनके परिजनों को भी मौके पर बुलाया गया। ग्रामीणों की मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। इस घटना की सूचना रात में ही पुलिस को दी गई। पुलिस दोनों युवकों को वाहन में बैठाकर कोतवाली ले गई।

मामला दो अलग-अलग समुदाय का था। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया था। युवती के पिता ने इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। लेकिन पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर मामला रफा-दफा कर दिया है। युवती और आरोपी युवक एक ही गांव के बताए गए हैं। फिलहाल क्षेत्र में घटना की चर्चा तेज है।

# शिकायतकर्ता का ही नाली पर अतिक्रमण

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** बंद नालियां खुलवाने के लिए समाधान दिवस में की गई शिकायत के निस्तारण के लिए मौके पर पहुंची पालिका टीम को शिकायकर्ता का ही नाली पर अतिक्रमण मिला। हटाने पर शिकायकर्ता ने विरोध जताया। इस पर टीम ने उसे चेतावनी दी और अतिक्रमण हटवाकर नाली को खुलवाया।

मामला मोहल्ला संत कॉलोनी के वार्ड नंबर तीन का है। कॉलोनी के रहने वाले चंद्रपाल सिंह ने तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपा था। इसमें बताया था कि कॉलोनी में किशनलाल का मकान है, इसका सेफ्टी टैंक (गटर) काफी समय से खराब है। इससे निकलने वाली गंदगी नालियों में होकर जाती है। इससे पड़ोसियों का बुरा हाल है। इससे संक्रमण फैल रहा है। गुरुवार सुबह 11 बजे पालिका के सफाई निरीक्षक विजय अनार्य के नेतृत्व में टीम कॉलोनी पहुंची। टीम ने देखा नाली में पानी का निकास शिकायतकर्ता ही द्वारा नाली पर किए गए अतिक्रमण से बंद हुआ है। इस पर कर्मचारी नाली पर किए गए अतिक्रमण को हटाने व नाली को खुलवाने का प्रयास करने लगे। इस पर शिकायतकर्ता विरोध जताने लगा। इस पर टीम के साथ नोकझोंक भी हुई। कुछ देर चले हंगामे के बाद टीम ने अतिक्रमण हटवाते हुए पानी का निकास कराया। इस मौके पर आरिफ खां, अनिल सक्सेना, रूपेश सक्सेना, अशोक कुमार, सोनू आदि मौजूद रहे।



नाली की सफाई करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

▸▸ हटाने पर हुई नोकझोंक, टीम ने कराया शांत, अतिक्रमण हटवाकर खुलवाई नाली

### जलती मोमबती गिरने से घर में भड़की आग

**रामपुर,अमृत विचार:** चपटा कॉलोनी में जलती मोमबती गिरने से घर में आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर फायर बिग्रेड पहुंच गई। उसके बाद आग पर काबू पाया। गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला चपटा कॉलोनी निवासी गुलनाज घर में करीब आठ बजे मोमबती जलाकर दुकान पर सामान लेने चली गईं थीं। अचानक से मोमबती गिर जाने के बाद आग लग गई। जिससे घर में रखा सामान जल गया।

**कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपी पकड़े**

**रामपुर,अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी वसीम निवासी मोहल्ला कूचा कसाब खाना घेर मर्दान खां, मुनीबुर्रहमान निवासी तकिया शेख अलाउद्दीन और महमूद उर्रहमान को गिरफ्तार किया है।

**अनदेखी** | मोहल्ला मैगजीन में लोगों ने बांसों पर खींच रखे हैं तार, हादसे का रहता है खतरा

# शहर में खंभों पर बिजली के तारों का मकड़जाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर के लोगों को निर्बाध रूप से बिजली देने के लिए विद्युत निगम की ओर से 94 करोड़ रुपये की लागत से कार्य कराया जा रहा है। पुराने केबल और खंभे बदले जा रहे हैं। लेकिन शहर के मोहल्ला बरेली गेट से मैगजीन की ओर जाने वाले रास्ते पर बिजली के खंभ कम लगे हैं। खंभे काफी दूर होने से लोगों ने केबल डाल रखे हैं। ये केबल टूट जाते हैं। जिससे घटना का खतरा रहता है।

शहर के मोहल्ला मैगजीन की आबादी करीब 4000 है। यहां की गली-मोहल्ले और चौराहों में बिजली के खंभे नहीं हैं। क्षेत्र की आबादी अधिक होने के बावजूद यहां के लोगों के लिए विद्युत निगम की ओर से खंभे नहीं लगे हुए हैं। जो खंभे लगे हैं उन पर तारों का मकड़जाल है। इससे हादसे का खतरा रहता है। सप्ताह भर पहले ही मोहल्ला पंखेवालान में बिजली का खंभा नीचे गिर गया था। इसकी सूचना आसपास के लोगों ने विद्युत निगम के अधिकारियों को दी थी। अधिकारियों ने खंभे को हाइड्रा से सीधा कराया था। अधिकारियों की उदासीनता के चलते यही स्थिति मोहल्ला मैगजीन की है।



मोहल्ला मैगजीन में तारों का मकड़जाल।

> केंद्र सरकार की ओर से शहरवासियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पुराने केबल, खंभे बदलवाने का कार्य कराया जा रहा है। मोहल्ला मैगजीन के उपभोक्ताओं के लिए जल्द ही खंभे लगवाए जाएंगे।
>
> -इमरान खां, एक्सईएन प्रथम



> मोहल्ला मैगजीन में तारों का मकड़जाल है। खंभे नहीं हैं। इस वजह से तार बांस पर खींचे हुए हैं। इससे किसी दिन भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। दिनभर काफी राहगीरों की आवाजाही रहती है।
>
> - मोहसिन



> बिजली के तारों में फॉल्ट आपूर्ति बाधित होती है। फाल्ट ठीक करने मोहल्ले के लोग परेशान होते हैं। काफी दूर लगे बिजली के खंभे से लाइन घर की ओर खींची है। जिससे घरों में रोशनी हो सके।
>
> - मोहम्मद सैफ उल्लाह



> मोहल्ला मैगजीन के लोगों का काफी बुरा हाल है, बिजली के तार खुले में पड़े है, वह काफी नीचे लटक रहे हैं जिससे किसी दिन भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। यहां पर छोटे बच्चे दिनभर खेलते रहते हैं।
>
> - साबिर



> बिजली के कनेक्शन के लिए कई बार अधिकारियों से संपर्क किया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक क्षेत्र का स्टीमेट नहीं बना है, स्टीमेट बनने के बाद ही कनेक्शन मिलेगा। इसके लिए कोई सुनवाई नहीं हुई है।
>
> - राशिद

### टीम ने पिंजरा लगाकर पकड़े 132 उत्पाती बंदर

**बिलासपुर, अमृत विचार:** केमरी कस्बे में पंचायत प्रशासन की ओर से अभियान लगाकर 132 उत्पाती बंदरों को पिंजरा लगाकर पकड़ा गया। इन बंदरों को जंगल में छोड़ा गया है।

गुरुवार को नगर पंचायत ने बंदर पकड़ो अभियान की शुरूआत थाना परिसर से की। जहां मथुरा से फुरकान अल्वी ठेकेदार की आई टीम ने पिंजरा लगाकर उत्पाती बंदरों को पकड़ा। पंचायत कार्यालय के ही वाहन से पीपली वन जंगल में छुड़वाया।

चेयरमैन के पति अंसार अहमद ने बताया कि कस्बे में बंदरों के आंतक पर रोक लगाने के लिए पंचायत टीम ने अभियान की शुरूआत की है। इस दौरान सभासद शकील अहमद अंसारी, मोहम्मद वकील, मोहम्मद तारिक, लेखाकार विनीत सक्सेना, हरपाल, जाहिद खान, कुलदीप सिंह, संजय आदि मौजूद रहे।



पंचायत में शामिल किसान। ● अमृत विचार

# किसानों ने राजस्व वसूली रोकने को उठाई आवाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की पंचायत में शासन से राजस्व वसूली रोकने की आवाज उठाई। भारत बंद को भी सफल बनाने पर जोर दिया।

संगठन के प्रदेश के कैंप कार्यालय में गुरुवार को हुई पंचायत में प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा, इस समय किसानों के पास बकाया जमा करने के लिए पैसा नहीं हैं, क्योंकि सारा पैसा गेहूं की फसल में लग चुका है। राजस्व विभाग वसूली के लिए किसानों पर दबाव बना रहा है। कहा कि गेहूं फसल की कटाई न होने तक वसूली पर रोक लगाई जाएं। जिला प्रवक्ता मनजीत सिंह अटवाल ने कहा कि प्रशासन को राजस्व वसूली रोक देनी चाहिए। चेतावनी दी कि अगर गेहूं फसल की कटाई से पहले वसूली के नाम पर किसानों का उत्पीड़न किया तो बड़ा आंदोलन होगा। पंचायत में जिला उपाध्यक्ष जागीर सिंह, जोगिंदर सिंह, गुलाम मोहम्मद, छिद्दा नेता, योगेश सिंह, जुबैद आलम आदि रहे।

## एक नजर

### बिजली चोरी में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर,अमृत विचार :** बिजली चोरी रोकने को लिए गुरुवार को विद्युत निगम की टीम ने चेकिंग की। दो पहाड़ी गेट क्षेत्र के मोहल्ला घेर बाज खां, राजद्वारा के मोहल्ला कैथ वाली मस्जिद के तीन घरों से अतिरिक्त केबल के जरिए चोरी की जा रही थी। सभी के खिलाफ बिजली चोरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एसडीओ विनय कुमार ने बताया कि चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए चेकिंग कराई गई जिसमें पांच घरों से चोरी मिली। लोगों को बिजली चोरी नहीं करने की हिदायत दी है। बिजली चोरी पकड़ने के लिए चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

### पुलिस ने मारपीट के आरोपी को पकड़ा

**रामपुर,अमृत विचार :** पटवाई पुलिस ने मारपीट के मामले में आरोपी को पकड़ने के बाद थाने ले आई। इसके बाद आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उसका चालान कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी क्रम में पटवाई पुलिस ने आरोपी विक्रम उर्फ चरन सिंह पुत्र श्यामलाल निवासी ग्राम चन्दनपुर थाना पटवाई को गिरफ्तार किया उसपर मारपीट करने का आरोप था और वह काफी समय से फरार चल रहा था।

# जश्न जिबरील मनाओ हुसैन आए हैं...

## इमाम हुसैन और हजरत अब्बास की यौमे पैदाइश पर सजी महफिल

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** इमामबाड़ा किला मुअल्ला में नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन और हजरत अब्बास अलमबरदार की यौमे पैदाइश पर हुई जश्ने सब्रो वफा की महफिल में देर रात तक शायरों ने सामाईन (श्रोताओं) को अपने कलाम से बांधे रखा। जश्न का आगाज नवाब काजिम अली खान उर्फ नवेद मियां ने शमा रोशन करके किया। मौलाना जमान बाकरी ने तिलावत-ए-हदीस-ए-किसा और मौलाना मूसा रजा ने कुरआन से महफिल का आगाज किया।

हजरत इमाम हुसैन और हजरत अब्बास की यौमे पैदाइश पर इमामबाड़े को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। महिफल की निजामत कर रहे अब्बास हैदर सहरी ने सज्जाद हल्लौरी को दावते सुखन दी। उन्होंने कहा कि एक इंकलाबे खुमैनी से हो गए हैरान, अरे अभी तो जहूर-ए-इमाम बाकी है। वारिस



इमाबाड़ा किला में कलाम पेश करते डॉ. मुहिब मौरानवी। ● अमृत विचार

जलालपुरी ने कहा, आए हो तीरों रोकने सजदा हुसैन का, लो अब तुम्हीं बनोगे मुसल्ला हुसैन का। डॉ. मुहिब रजा मौरानवी ने कहा, रख दी हमने एक रोटी ताजिये के साये मे, अब कहां मुमकिन हमारे घर को बरकत छोड़ दे। अब्बास हैदर ने कहा, दम से तुम्हारे साहिबे ईमान हैं हुसैन, दुनिया में आज जितने मुसलमान हैं हुसैन।

- इमामबाड़ा किला में शायरों ने अपने कलाम पर लूटी वाहवाही
- हजरत इमाम हुसैन, अब्बास की यौमे पैदाइश पर हुई महफिल

उतरौला से तशरीफ लाए दो भाई अली हसन और जाफर ने कहा, जश्न जिबरील मनाओ के हुसैन आए हैं, बाग सादात सजाओ के हुसैन आए हैं। उन्होंने पढ़ा, नसल वीरान है आकर उसे आबाद करे, कोई राहिब को बताओ के हुसैन आए हैं। साहिल मौरानवी ने कहा, जश्ने सरवर में वे आते भी तो कैसे आते, उनसे आया न गया, हमसे बुलाया न गया। हसन मेहंदी, मोहम्मद हैदर सहरी, मुंतजिर, जैन जैदी, यूसूफ रिजवी, अरीब नियाजी, बाबर जैदी और सैयद अरहम मेहंदी ने कलाम पेश किए।

महफिल में शायरों ने अपने कलाम पेश कर खूब वाह-वाही लूटी। महफिल के मेहमान-ए-खुसूसी इमामे जुमा रामपुर मौलाना सैयद अली मोहम्मद नकवी, समाजसेवी मामून शाह खान रहे। इस मौके पर महफिल के संयोजक तस्लीम सहरी, मिर्जा मुज्तबा अली बेग, काशिफ खान, राजा खान, तनवीरुल हैदर, तकी अब्बास, मंसूर हुसैन, असलम महमूद, अकबर रिजवी, फैसल रिजवी, सईद, ताबिश नकवी, इमरान, प्रिंस जैदी, अली हैदर जैदी, शान जैदी व पुरनूर आदि मौजूद रहे।

### वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार:** पटवाई रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को गुरुवार देर शाम को टक्कर मार दी। जिसके कारण बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। उसके बाद पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया।

कोतवाली निवासी संदीप बाइक से किसी काम से शाहबाद जा रहा कि रायपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी वाहन चालक मौका पाकर फरार हो गया। लोगों ने घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया। जहां संदीप की मरहम पट्टी कर उसके परिजनों को फोन पर सूचना दी गई।

परिजन बिना कोई कार्रवाई किए ही घायल को घर ले गए। घटना के संबंध में परिजनों की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित परिजनों का तहरीर मिलने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप


मनोकामना मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### श्री गणेश और नंदी महाराज की मूर्ति स्थापित

**शाहबाद, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला जिलेदारान में स्थित मनोकामना मंदिर में श्री गणेश व नंदी महाराज की मूर्ति की स्थापना की गई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। मनोकामना मंदिर में भगवान गणेश व नंदी महराज की मूर्ति खंडित हो गई थी। श्रद्धालुओं ने दोनों मूर्तियों की विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा कराई। प्राण प्रतिष्ठा नरवर के विद्वान आचार्य नितिन भारद्वाज ने विधि विधान से मंत्र उच्चारण से की। इसमें मुख्य यजमान दीपक भारद्वाज व विदुषी मिश्रा ने बताया कि आचार्य ने संपूर्ण अधिवास की प्रक्रिया को पूर्ण करके मूर्ति को शीतलता, पुष्टता, मधुरता आदि प्रदान करके हवन पूर्ण करने के पश्चात शोभायात्रा के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस दौरान स्पर्श शर्मा, ख्यालीराम शर्मा, राजू गुप्ता, आशु गुप्ता, यश शर्मा, मुकुल गुप्ता, दिलीप जोशी, मुकेश जोशी, मित्रपाल, सुनीता श्रीवास्तव, सुषमा शर्मा, सोनम श्रीवास्तव, सर्वेश शर्मा, गुंजन, बबीता गुप्ता, रूपाली गुप्ता, अंशिका, गौरी आदि रहीं।


निर्धन परिवार को सामान देते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### समिति ने निर्धन परिवारों को दिया सामान

**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से दो गरीब निर्धन परिवार की बेटियों की शादी में नकद व सामान देकर सहयोग किया गया। समिति के जिला अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया कि लड़की बिलासपुर की है। उसकी शादी 26 तारीख को है। एक लड़की शहर की है। इसकी शादी 21 तारीख को है। दोनों परिवारों की मदद के लिए समिति की ओर से घरेलू सामान व नकद सहयोग किया गया। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा समिति का मकसद ही जरूरतमंदों की मदद करना है। वीर खालसा सेवा समिति आगे भी जरूरतमंदों की मदद करती रहेगी। इस मौके पर समाजसेवी सरदार मनमीत सिंह, सुनील अग्रवाल, मनजीत सिंह सुखदेव सिंह, अमनदीप सिंह, सेवा सिंह व अर्जुन सिंह, मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### भूमि पर कब्जे के विरोध में प्रदर्शन

**मिलक, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सिलई बड़ा के लोग एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और समस्या का समाधान कराने के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन भी किया। ग्रामीणों ने शिकायती पत्र में बताया कि गांव में खाद के गड्ढे की ग्राम समाज की भूमि है। इस पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। भूमि पर आंबेडकर पार्क का बोर्ड लगा दिया है। उन्होंने भूमि कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। इस मौके पर राम नारायन, प्रकाशदास, दिनेश कुमार, अमित, आकाश, प्रेमपाल, नंदकिशोर, ब्रदी प्रसाद, मनोज कुमार, शिवचरन लाल, तोताराम व शिशुपाल आदि मौजूद रहे।


भाजपा कार्यालय पर मौजूद जिलाध्यक्ष एवं अन्य। ● अमृत विचार

### जिलाध्यक्ष ने लोगों को ग्रहण कराई भाजपा की सदस्यता

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने कई दलों से आए लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। भाजपा में शामिल लोगों का स्वागत किया। राम विहार स्थित भाजपा के जिला कार्यालय में गुरुवार को जिलाध्यक्ष ने लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलवाई। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में राजेन्द्र प्रताप गंगवार, सत्येंद्र कुमार गुप्ता, गुच्छन खां, गंगाराम यादव, विरूण अवतार गुप्ता, विजय गुप्ता, हरिओम गुप्ता, चंद्रपाल सागर, रामपाल सागर, सुरेंद्र गंगवार आदि शामिल हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी का भारतीय जनता पार्टी में स्वागत है। इस दौरान प्रेम शंकर पांडेय, दिनेश शर्मा, कपिल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दिया जा रहा प्रोत्साहन

**भोट, अमृत विचार :** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पंकज लोधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से केंद्र व प्रदेश सरकार ने कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने को ग्राम परिक्रमा यात्रा की जा रही है। योजनओं से वंचित लाभार्थी किसानों का चयन कर किसान मोर्चा पदाधिकारी ने उन्हें लाभान्वित करवा रहे हैं। क्षेत्र के खौदपुरा गांव में गुरुवार को भाजपा किसाना मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने गो पूजन किया। इस दौरान पंकज लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि भारत को विकसित देश बनाने में किसानों का अहम योगदान होगा। अधिकतर राजनैतिक पार्टियां व किसान संगठन किसानों के हितों की बात न कर परिवारवादी राजनीति कर रहे हैं। केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार ने कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन दिया है। इस दौरान लालता प्रसाद लोधी, ओमवीर सिंह सैनी, बालजीत सिंह सैनी, राजकुमार, वीर सिंह, रामप्रसाद, प्रेमपाल आदि मौजूद रहे।

### किसानों को बताईं भाजपा सरकार की उपलब्धियां

**मिलक, अमृत विचार :** भाजपा किसान मोर्चा के परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ऋषि पांडे ने किसानों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। भाकिमो के जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार किसानों को किसान सम्मान निधि दे रही है। निजी ट्यूबवेलों के बिजली बिल माफ करने का काम प्रदेश सरकार ने किया। एग्रीकल्चर यंत्र व लघु कृषकों के लिए सिंचाई सोलर पैनल पर सब्सिडी उपलब्ध कराई है। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### केमरी में भाजपा की परिक्रमा यात्रा का हुआ कार्यक्रम

**केमरी, अमृत विचार :** गुरुवार को भाजपा किसान मोर्चा के मंडल केमरी परिक्रमा यात्रा के चौथे दिन कमुआ नगला में कार्यक्रम हुआ। इसमें किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सौरव यदुवंशी और किसान मोर्चा मंडल के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने भाजपाइयों ने उपलब्धियां गिनाईं। इस मौके पर राजकुमार शर्मा, महेंद्रपाल यदुवंशी, राजू राठौड़, भूप सिंह दिवाकर, शोभित यदुवंशी, देवकीनंदन आदि लोग उपस्थित रहे।

# गंगा गायत्री और गीता का करें सम्मान

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष मुनीश चंद्र ने कहा कि हमारे त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं। ये हमारे अंदर नई ऊर्जा का संचार करते हैं। जीवन की सार्थकता और सफलता के लिए इनके संदेश को ग्रहण करना आवश्यक है। ज्ञान प्राप्ति के लिए हमें सरस्वती मां का प्रतिदिन पूजन करना चाहिए। घर और समाज में अशांति का कारण यह है कि हम अपनी परम्पराओं को भूल रहे हैं।

अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा मिलक की ओर से बसंत पंचमी पर धनेली पूर्वी में प्रेम आश्रम पर ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना कर जन कल्याण के लिए यज्ञ में आहुतियां दीं गईं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि अपने अहंकार के वश हम अपनी मनमानी


मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कर रहे हैं। इसका परिणाम दुख और अशांति है। गंगा गीता और गायत्री का सम्मान करें, नियमित दान ध्यान और परोपकार के कार्य करने से सुख शांति और समृद्धि की प्राप्ति होगी। श्याम बाबू शर्मा ने कहा कि अपने बच्चों को धार्मिक शिक्षा अवश्य दिलाएं। उन्हें धर्म पर चलने की प्रेरणा दें। धार्मिक आयोजनों में उन्हें अपने साथ लेकर जाएं और उन्हें अपने देवी देवताओं की कहानियां सुनाएं। आश्रम के संस्थापक प्रेम शंकर पांडेय ने कहा कि ब्राह्मणों ने अपनी मेधा के बल पर हमेशा समाज को दिशा दी है। उन्होंने स्वयं कष्ट सहन कर समाज के कल्याण की कामना की है। इसीलिए वह समाज में पूज्य है। अध्यक्ष उमेश चन्द्र शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान खिचड़ी भोज में सभी ने मिलकर भोजन किया। यहां अभय गौड़, संजय पंडित, अनूप पांडे, विजय पांडेय, अनमोल, अमन राय आदि रहे।

### जरूरत पड़ने पर गाजीपुर बार्डर पर जाएंगे किसान

**केमरी, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के नेतृत्व में गांव सुजानपुर स्थित खेत में किसानों की पंचायत हुई। इसमें जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम सिंह वर्मा का सभी जिलाध्यक्षों के लिए संकेत हैं कि गाजीपुर बॉर्डर और दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन पर नजर बनाए रखें।

जरूरत पड़ी तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता भी दिल्ली कूच करेंगे। 17 फरवरी को आंबेडकर पार्क में मासिक पंचायत होगी। जिलाधिकारी को किसानों की समस्याएं बताई जाएंगी।

इस दौरान लखविंदर सिंह, नरेश बाबू, जगतार सिंह, टीका राम गंगवार, बब्लू सैफी, अमित गंगवार आदि मौजूद रहे।


घेर मियां में बैठक में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां व अन्य। ● अमृत विचार

# हल्द्वानी मामले की जांच सेवानिवृत्त जज से कराएं

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने कहा कि मुस्लिमों को निशाना बनाकर मस्जिदों को छीन शहीद किया जा रहा है। दिल्ली में छह सौ वर्ष पुरानी मस्जिद और हल्द्वानी में मस्जिद को शहीद कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि देश संविधान के मुताबिक चलना चाहिए। तभी देश में अमन, चैन कायम रह सकेगा।

शहर के मोहल्ला घेर मियां स्थित ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निवास पर गुरुवार को बैठक हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष शुऐब यूनुस ने कहा कि हल्द्वानी मामले की जांच हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज या फिर मानव अधिकार आयोग से कराई जाएं। इस दौरान अर्शी खां, फिरोज खां, बाबू खां, फैजान खां, राहत जान खां, जुनैद खां आदि शामिल रहे।


सीगनखेड़ा में आयोजित बसपा के कैडर कैंप में बोलते मुरादाबाद मंडल प्रभारी।

# भाजपा कर रही धर्म की राजनीति

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** चमरौआ क्षेत्र के गांव सीगनखेड़ा में गुरुवार को बसपा के कैडर कैंप का आयोजन किया। इसमें मुरादाबाद मंडल क्षेत्र के प्रभारी डॉ. रणवीर सिंह ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी में लोग तेजी से जुड़ रहे हैं। बसपा के चार बार के शासनकाल को प्रदेश की जनता याद कर रही है। किसानों के साथ खराब व्यवहार केंद्र, प्रदेश की सरकार कर रही है। भाजपा धर्म की राजनीति कर रही है।

जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी ने कहा कि बसपा के शासन काल की नीतियों को जन-जन तक बताने का काम करें। चार बार की सरकार में जो काम किए थे।

वह आज तक किसी सरकार ने नहीं किए। बसपा सरकार में भाईचारा होता था। इस दौरान हबीबुर रहमान, सुशील सागर, सोनू सागर, अमीर अहमद, राजेंद्र सागर, आजम अली, सुखदेव, जाकिर अली, अब्दुल कादिर,सौरन सागर, सतवीर आदि शामिल रहे।

### निर्माण की प्रगति धीमी मिलने पर जताई नाराजगी

**रामपुर, अमृत विचार:** विकासखंड बिलासपुर की ग्राम पंचायत मुल्लाखेड़ा, गजरौला में बन रहे अंत्येष्टि स्थल निर्माण की प्रगति धीमी मिलने पर डीपीआरओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने दोनों ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान को एक माह में निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन ने ग्राम पंचायतों में चल रहे अंत्येष्टि स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। वह ओडीएफ प्लस के कार्यों एवं राशन की मॉडल शॉप निर्माण कार्य, मुंडिया कला में स्मार्ट पंचायत सचिवालय, स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र, स्मार्ट क्लास पहुंचे। जहां उन्होंने व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी पंचायत सलीम हुसैन, जिला परियोजना समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन नरेंद्र कुमार आदि रहे।

# अतिक्रमण करने वाले 110 लोगों को नोटिस

**कार्यालय संवाददातार, रामपुर**

**अमृत विचार:** धमोरा से मिलक तक कई जगहों पर अतिक्रमण है। कई साल से यहां लोग अतिक्रमण कर बसे हुए हैं। अब 110 स्थानों को चिह्नित कर जेसीबी चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड ने राजस्व विभाग को पत्र लिखा है। इसमें तीन दिन का समय दिया गया है।

धमोरा से लेकर मिलक रोड पर काफी अधिक अतिक्रमण है। लोगों ने यहां दुकान और मकान बनाकर अतिक्रमण कर लिया है। निर्माण खंड के तत्कालीन एक्सईएन हेमंत कुमार के समय नोटिस दुकानदारों को देकर लाल निशान लगवा दिए थे। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

लोक निर्माण विभाग के


धमोरा में सड़क किनारे दुकानें। ● अमृत विचार

अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में राजनीति का दबाव अधिक रहता है, इसलिए अतिक्रमण नहीं हटा पा रहे हैं। गुरुवार को एक्सईएन केवी सिंह के पास पत्र आया। इसमें 110 स्थानों पर अतिक्रमण तोड़ने के लिए कहा गया। एक्सईएन ने नई टीम गठित करने के निर्देश दिए हैं। राजस्व विभाग मिलक को भी पत्र भेजा है।

> धमोरा मे पीडब्ल्यूडी की जगह पर कई वर्षों से अतिक्रमण है। इसके लिए मिलक तहसील प्रशासन और राजस्व विभाग को लिखा गया है। इसमें कमेटी गठित करने के बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। अतिक्रमणकारियों को तीन दिन में जगह खाली करने के लिए नोटिस भेज दिए गए हैं। –केवी सिंह, एक्सईएन, निर्माण खंड लोनिवि

**समस्या** शहर, तहसील, ग्रामीण और कस्बों में रखे ट्रांसफार्मरों में आई खराबी

# ओवरलोडिंग से जनवरी में फुंके 320 ट्रांसफार्मर

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** विद्युत निगम के उपकरण सर्दी में भी दगा दे रहे हैं, ओवरलोडिंग से हीट होकर ट्रांसफार्मर फुंकने का सिलसिला नहीं थम रहा है। विद्युत निगम की ओर से अभियान चलाकर उपभोक्ताओं का भार बढ़ाने के साथ नए कनेक्शन भी दिए जा रहे हैं। जबकि उपकरण पहले से ही चल रहे लोड को नहीं झेल पा रहे हैं। ऐसे में गर्मी में इन उपकरणों के भरोसे आपूर्ति के लिए उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों को झेलना पड़ सकता है।

मालगोदाम स्थित ट्रांसफार्मर वर्कशाप के आकंड़ों के अनुसार, जनवरी में जनपद में 320 ट्रांसफार्मर फुंके हैं। इनमें शहरी क्षेत्र, तहसील, ग्रामीण और देहात क्षेत्रों के ट्रांसफार्मरों में खराबी


मालगोदाम स्थित वर्कशाप में रखे ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

आई है। इन आंकड़ों में शहर, स्वार-टांडा के ट्रांसफार्मर लोड नहीं झेल पाए। सर्दी में ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद घंटों लोगों की सही होने का इंतजार करना पड़ रहा है। शहर में लगे विद्युत निगम के उपकरणों के भरोसे गर्मी के मौसम में बड़ी समस्या होगी। शहर के पुराने मोहल्लों में वर्षों पहले लगे ट्रांसफार्मर अपनी उम्र पूरी कर चुके हैं। इसके कारण ट्रांसफार्मरों के फ्यूज फुंकने के कारण बिजली गुल हो रही है। सर्दी के मौसम में भी 320 ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं, इस हिसाब से गर्मी में उपभोक्ताओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ सकती है। जब सर्दी में इतने ट्रांसफार्मर फुंके है, तो गर्मी में लोगों का क्या हाल होगा, इसको आसानी से समझा जा सकता है। जनवरी में शहर में 75, स्वार-टांडा में 200, बिलासपुर में 30 और मिलक में 15 ट्रांसफार्मरों में खराबी आई है।

### नहीं थम रही बिजली चोरी

बिजली चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए निगम की ओर से बराबर चेकिंग अभियान चलाए जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी चोरी नहीं रुक पा रही है। बात करें शहर की तो यहां पर भी 50 प्रतिशत लाइनलॉस है, स्वार-टांडा और बिलासपुर में 40 प्रतिशत लाइनलॉस है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए जल्द ही स्मार्ट मीटर लगेंगे। इससे काफी हद तक चोरी पर लगाम लग सकेगी।

> जनवरी में 320 ट्रांसफार्मर वर्कशाप में सही के लिए आए। किसी का तेल बहना, तो किसी के फ्यूज और पैनलों में दिक्कत आई है। शासनादेश के अनुसार ट्रांसफार्मरों को सही किया जाता है। –राजेश कुमार, वर्कशाप एसडीओ


मसवासी में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

# ग्रामीणों ने की ओवरलोड वाहनों पर रोक की मांग

**संवाददाता, मसवासी**

**अमृत विचार:** उत्तराखंड बॉर्डर स्थित नया गांव नजीबाबाद के ग्रामीणों ने स्वार क्षेत्र के उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार को ज्ञापन सौंपकर ओवरलोड वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान गुस्साए लोगों ने प्रदर्शन भी किया।

ग्रामीणों ने बताया कि ओवरलोड वाहनों से संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। ज्ञापन में बताया है कि उनके संपर्क मार्ग पर कई स्टोन क्रॅशर संचालित हैं। ऊबड़-खाबड़ रोड पर ट्रक और डंपर कच्चा बजरफुट लेकर गुजरते हैं और स्टोन क्रॅशरों पर डंप करते हैं।

इसके कारण मार्ग खराब हो गया है। एसडीएम से ओवरलोड वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन पर अशफाक अहमद, तौफीक अली, अरुज आलम, अमीर, नाजिम, शाहबेज, शादाब, आदि के हस्ताक्षर है।

## एक नजर

### कवयित्री सुभद्रा चौहान की पुण्यतिथि मनाई

**बिलारी, अमृत विचार :** अमरपुर काशी स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। गुरुवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों व शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर दिव्यांशी, लक्ष्मी यादव, निशा, लक्षिता सैनी, अमित यादव, वंशिका, छवि , हिंदी प्रवक्ता राकेश प्रजापति, पुष्पेंद्र यादव, नेतराम यादव, मीनू यादव, भावना, शिवानी, ओंकार सिंह, दीपक बिश्नोई आदि मौजूद रहे।

### हादसे के पांच माह बाद रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** हादसे के पांच माह बाद कार मलिक के विरुद्व रिपोर्ट दर्ज की गई। कोतवाली के ग्राम कमालपुरी खालसा निवासी अमर सिंह 23 अगस्त 2023 को बाइक से ठाकुरद्वारा से अपने घर कमालपुरी खालसा जा रहा था। भवालपुरा बाग के निकट सामने से आ रहे कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें अमर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। उपचार के दौरान अमर का पैर भी काटना पड़ा। उसका आरोप है कि दुर्घटना के बाद कार मालिक ने उपचार के लिए खर्च का वादा किया था। लेकिन उसने खर्च नहीं उठाया। एसएसपी के आदेश पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### दुष्कर्म के प्रयास में तीन पर एफआईआर

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी विवाहिता ने तीन लोगों पर दुष्कर्म का प्रयास व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 17 जनवरी को रात्रि में वह घर पर खाना बना रही थी। तभी गांव के ही अंकुश, सोनू, सुभाष आदि शराब पीकर घर में घुस आए। आते ही अश्लील हरकतें करने लगे। जब विरोध किया तो गालियां देने लगे। इस बीच उसके साथ छेड़छाड़ की। जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से मारा पीटा। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नगर पालिका अध्यक्ष का किया सम्मान

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में स्टेशन रोड स्थित बॉडी बिल्डिंग क्लब में नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज यादव का स्वागत किया गया। क्लब के स्वामी बंटी चौधरी ने बताया कि पालिका अध्यक्ष के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अमर सैनी, अमित गुप्ता, आशीष कुमार जादौन, मयंक गुप्ता, अभिषेक पांडे, सोनू गुप्ता, नरेश चौधरी, कपिल चौधरी, उपेंद्र चौधरी, दीपक, अमित गुप्ता, वीरेंद्र, शुभम, अंकुश, राहुल , पवन आदि मौजूद रहे।

### बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के विद्युत उपकेंद्र में टेस्टिंग किए जाने के कारण विद्युत आपूर्ति कुछ समय के लिए बाधित रहेगी। नगरवासी सुबह 10 :00 से पूर्व अपना जरूरी कार्य कर लें। शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित उपखंड कार्यालय के निर्देशानुसार 33/11 के0 वी0 विद्युत उपकेंद्र बिलारी( टाउन) की टेस्टिंग किए जाने के कारण प्रात : 11 :00 बजे से शाम 14 :00 तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपखंड के अधिशासी अभियंता ने दी है।

# आंदोलन को कुचलने का प्रयास कर रही डबल इंजन की सरकार

## किसान नेताओं की नजरबंदी के विरोध में आपात बैठक

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के केंद्रीय कार्यालय पर संभल जिले के पदाधिकारियों की आपात बैठक हुई। जिसमें सरकार पर किसान आंदोलन को कुचलने के प्रयास का आरोप लगाया। साथ ही नजरबंद किए गए किसान नेताओं की जल्द रिहाई की मांग की गई।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन असली के केंद्रीय कार्यालय पर संभल जिले के पदाधिकारियों की आपात बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता चौधरी धर्मवीर सिंह एवं संचालन आशिक रजा ने किया। बैठक में चल रहे देशव्यापी किसान आंदोलन के मध्य डबल इंजन की सरकार द्वारा भारतीय किसान यूनियन असली के जिला अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को नजरबंद किए जाने पर चर्चा की गई। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि तत्काल नजरबंद किए गए


बैठक को संबोधित करते किसान नेता। ● अमृत विचार

पदाधिकारियों को रिहाई नहीं किया गया तो 17 फरवरी को भटोला में अंडर पास की मांग को लेकर चल रहे धरना स्थल पर होने वाली महापंचायत में आगामी रणनीति की घोषणा की जाएगी।

बैठक को संबोधित करते हुए युवा प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ चौधरी ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून एवं संपूर्ण किसान कर्ज माफी आदि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर देश में शुरू हुए किसान आंदोलन को सरकार कुचलने का प्रयास कर रही है। जो सफल नहीं होगा। बैठक में ओमप्रकाश राणा, बाबूराम प्रजापति, नवाब सिंह, वीरेंद्र सिंह राघव, विशाल चौधरी, दिलशाद हुसैन, मोहम्मद सुलेमान, वारिस प्रधान, अनीस अहमद, डॉ. जावेद, चौधरी शिव सिंह, रामसेवक, वीरेश यादव, भोला यादव, हरिशंकर, पप्पू, मोहर सिंह यादव, मोरध्वज यादव, रिशिपाल यादव, मोहन सिंह यादव, चौधरी मेघराज सिंह, जगपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# चिंता मुक्त और प्रसन्नचित्त होकर बोर्ड परीक्षा दें विद्यार्थी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला कलेवाला के अंग्रेजी प्रवक्ता प्रीतम सिंह ने ग्राम माधोबाला में विद्यार्थियों को सुझाव देते हुए कहा कि यूपी बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। उन्होंने समस्त बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे चिंता मुक्त होकर पूर्ण तैयारी के साथ परीक्षा दें।

उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे बोर्ड की परीक्षाएं निकट आती हैं। विद्यार्थियों को नींद कम आने लगती है और मानसिक रूप से परेशान रहने लगते हैं। ऐसी स्थिति में विद्यार्थी अपनी परीक्षाओं की तैयारी ठीक प्रकार से नहीं कर पाते हैं। इसलिए मानसिक तनाव महसूस न करें और चिंता मुक्त रहें। प्रश्नपत्र पाकर घबराए नहीं। प्रश्नपत्र को शांत मन से कम से कम दो बार पढ़ें। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं के दौरान सोना भी जरूरी है। कम से कम 6 घंटे गहरी नींद सोना जरूरी है। इस दौरान तनु पाल, साधना चौहान, रितिका चौहान, दीपा, सविता, साक्षी, प्रिया, शिवानी, शादाब अली, आदित्य व ऋतिक आदि मौजूद रहे।


छात्रों को बोर्ड की परीक्षाओं के टिप्स देते प्रवक्ता। ● अमृत विचार

## अघोषित बिजली कटौती ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

**कांठ, अमृत विचार:** क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान हैं। नगर में तहसील और टाउन फीडर से बिजली की आपूर्ति की जाती है लेकिन करीब 15 दिन से नगर व क्षेत्र में निर्धारित शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिल पा रही है। नगर में हो रही कटौती से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गुरुवार को उपभोक्ता भूपेंद्र चौहान, देवेंद्र सिंह, दीपक कुमार, सचिन कुमार बंटी, खुर्शीद अहमद,राजकुमार सिंह, आकाश शर्मा आदि बिजली आपूर्ति में सुधार कराकर कटौती मुक्त आपूर्ति देने की मांग की है। बिजली उपकेंद्र कांठ के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि तहसील फीडर में जर्जर लाइनों को बदलवाया जा रहा है जिसके कारण कार्य के समय आपूर्ति को बंद रखा जा रहा है।

# कक्षा 12 के छात्रों को दी विदाई

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** रामसरन लाल मेमोरियल इंटर कालेज पसियापुरा पदार्थ में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का विदाई और सम्मान समारोह मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन से गजेन्द्र सिंह चौहान, वीएस इंटर कालेज रामूवाला गणेश के प्रधानाचार्य खड़क सिंह व राम कृष्ण ने किया। मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह चौहान एवं ब्लॉक प्रमुख ठाकुरद्वारा डॉ. वीर सिंह सैनी रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि सत्यपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, एसडीओ विद्युत ठाकुरद्वारा उमाशंकर सक्सेना, नरेंद्र सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य दिनेश कुमार प्रजापति,मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल, शिवेंद्र बंधु गुप्ता व मनोज कुमार रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य जगदीश सक्सेना


कार्यक्रम में स्मृति चिह्न प्रदान करते अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

ने एशियन एजुकेशन अवॉर्ड्स इंडियन आइकन अवार्ड से सम्मानित सीजीसीटी इंस्पेक्टर अनिरुद्ध चौहान का सम्मान किया। इस दौरान भूपेंद्र सिंह, मुकेश चौधरी, धर्मेंद्र सिंह, ज्ञान प्रकाश, अब्दुल समद, शाहिद हुसैन आदि को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। वहीं छात्र -छात्राओं ने मां सरस्वती का अवतरण दिवस एवं वीर हकीकत राय के बलिदान पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र योगेश कुमार, विनय कुमार, पायल एवं जूही को सम्मानित किया गया। संचालन धर्मवीर सिंह ने किया। इस दौरान पुष्पा, निर्वेश, मधु, जयपाल सिंह, रघुवीर सिंह, अनिल कुमार, हसीन खान, पंकज, ओमप्रकाश सिंह ,अभय सक्सेना, अमन सक्सेना, ज्योति, सलोनी चौहान, सलौनी यादव, चंचल, पूनम शर्मा, संजना, मनीषा आदि मौजूद रहे।

## अतिक्रमण की समस्या से निपटने को लगवाए निशान

**कांठ, अमृत विचार:** एसडीएम के निर्देश पर नगर पंचायत प्रशासन ने सड़कों के किनारे पेंट से निशान लगाकर अतिक्रमण हटाने की पहल की है।

हाईवे के किनारे एवं मुख्य बाजार में फल विक्रेता, फड़, चाट पकौड़ी आदि के ठेले लगाने के कारण अतिक्रमण रहता है। जिससे घंटों जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। नगर पंचायत एवं प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की मात्र औपचारिकता की जाती है।

अतिक्रमण पर एसडीएम सचिन राजपूत ने संज्ञान लिया है। उनके निर्देश पर थाने के सामने से कांठ-स्योहारा मार्ग एवं मिश्रीपुर हाईवे पर पेंट से तीर के बड़े-बड़े निशान लगाने का कार्य गुरुवार को नगर पंचायत द्वारा किया गया। टीम में शामिल अजय कुमार उर्फ वीरू वाल्मीकि ने बताया कि निर्धारित किए चिह्न से सड़क पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व प्रधान के पुत्र का गन्ने के खेत में मिला शव, कोहराम

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** ग्राम मौढ़ी की पूर्व प्रधान के युवा पुत्र का शव ग्राम नवादा रोड पर एक खेत में मिला है। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव में आने पर परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल है।



थाना क्षेत्र के ग्राम मौढ़ी निवासिनी इंद्रेश 2010 में ग्राम प्रधान रह चुकी हैं। कुछ समय पूर्व उनका निधन हो गया था। उनका पुत्र दीपांशु धनगर (22) अपने पिता से बुधवार की दोपहर रुपये लेकर खरीदारी करने कांठ था। काफी प्रतीक्षा के उपरांत भी जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। काफी तलाशने के बाद रात्रि में पिता कृपाल सिंह ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। दीपेश का शव गुरुवार को लाइनपार नहर विभाग के कार्यालय के पास गन्ने के खेत में पड़ा मिला। दीपांशु कोचिंग कर नौकरी की तैयारी कर रहा था। सीओ अंकित तिवारी घटनास्थल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। गुरुवार को शव के गांव आने पर मृतक के घर कोहराम मचा हुआ था। मृतक के एक बड़ा भाई व पिता हैं।

## प्राचीन पौंणा खेड़ा मंदिर से तांबे के शेषनाग की चोरी

**बिलारी, अमृत विचार:** प्राचीन पौंणा खेड़ा मंदिर से बीती रात चोरों ने शीशा तोड़ा और शिवलिंग के पास शेषनाग को चुराकर ले गए।

गुरुवार को समाजवादी व्यापार सभा के नगर अध्यक्ष चिराग अग्रवाल ने कोतवाली में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी काली माता के मंदिर में ताले तोड़कर पीतल के बिजली से चलने वाले ध्वनि यंत्र चोरी हो गए थे। बताते चलें कि मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। परंतु कुछ कैमरे के तार बंदरों ने काट दिए हैं। सूचना पर नगर चौकी प्रभारी रितेश कुमार मौके पर पहुंचे और मौका मुआना करने के बाद घटना के शीघ्र खुलासे का आश्वासन दिया।

# ब्लॉक सभागार में समस्याओं को लेकर प्रधानों ने की बैठक

संवाददाता, कुंदरकी

▸▸ सीईं पर विकास कार्यों में कमीशन लेने का लगाया आरोप

**अमृत विचार:** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत अधिकांश ग्राम पंचायतों के प्रधानों द्वारा विकास कार्यों में आ रही परेशानियों को लेकर बैठक ब्लाक सभागार में आयोजित की गई। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी के नाम ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को देकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

ग्राम प्रधानों ने मांग की है कि अब तक जिस क्रम में कार्य किए जाते रहे हैं उसी क्रम में किए जाएं और एस्टीमेट एमबी जेई आरईएस द्वारा किया जाए। क्योंकि शासन द्वारा जो सीईं ग्राम पंचायत पर स्वच्छ भारत मिशन फेस टू के कार्यों के लिए रखे गए हैं वह इन कार्यों को करने के लिए सक्षम नहीं है और न ही उनका व्यवहार ग्राम प्रधानों के प्रति अनुकूल है। साथ ही सीईं द्वारा एमबी और एस्टीमेट के बदले में कमीशन की मांग की जाती है। नहीं देने पर कार्यों को विलंब से किया जाता है। इस बारे में जब विकासखंड अधिकारी कुंदरकी चैतन्य पाठक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधानों द्वारा सीडीओ के नाम ज्ञापन दिया गया है जो उनको भेजा जाएगा।


देवकीनंदन इंटर कॉलेज में छात्र को स्मृति चिह्न प्रदान करते विद्यालय के प्रबंधक और प्रधानाचार्य । ● अमृत विचार

# छात्र व छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया

ठाकुरद्वारा / डिलारी

**अमृत विचार :** देवकी नन्दन शर्मा इंटर कालेज बहेड़ी ब्रह्मनान में इटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं का विदाई दी गई।

कार्यक्रम में परीक्षार्थियों को स्मृति चिह्न भेंट कर विदाई दी गई। प्रबंधक पं. राधेश्याम शर्मा व प्रधानाचार्य दाऊद अली ने छात्रों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान अवधेश कुमार, नजाकत अली, फाकीर हुसैन, सलमान, राजेन्द्र सिंह, अदिति रूहेला व सीताराम आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी मरीजों की भीड़, चिकित्सक दे रहे सावधानी बरतने की सलाह

# बदलते मौसम से खांसी, बुखार के रोगी बढ़े

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** बदलते मौसम के चलते जुकाम, खांसी, बुखार के साथ दमे के रोगियों की संख्या बढ़ने लगी है। चिकित्सकों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 280 मरीज ओपीडी में पहुंचे। ज्यादातर रोगी खांसी, जुकाम व बुखार से पीड़ित थे। जिसमें एक व्यक्ति को सांस लेने की अधिक दिक्कत होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही बुखार से पीड़ित चार रोगियों को भर्ती किया गया। चिकित्सकों ने मरीजों को सलाह दी कि अभी ऊनी व गर्म कपड़ों का प्रयोग करें। खानपान पर विशेष ध्यान दें। फास्ट फूड व ठंडी चीजों से परहेज।


ठाकुरद्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराते मरीज।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह सैनी ने बताया कि मौसम परिवर्तन से मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

इस दौरान सबसे ज्यादा मरीज गले में खराश और खांसी जुकाम के पहुंच रहे हैं। ऐसे मौसम में सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि मौसम में बदलाव का असर सबसे ज्यादा लोगों की सेहत पर पड़ता है। दिन में धूप से एकदम गर्मी के हल्के कपड़ों का प्रयोग न करें अभी गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करें। साथ ही उन्होंने छोटे बच्चों की देखभाल करने की आवश्यकता बताई।

### अभी गर्म कपड़ों से न करें परहेज

**कांठ, अमृत विचार :** फरवरी में मौसम प्रतिदिन बदल रहा है। जिससे बुखार, जुकाम, खांसी आदि के रोगी बढ़ गए हैं। गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगियों की भीड़ रही। बुखार, खांसी, जुकाम और नजले के रोगियों की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ व निजी अस्पतालों में भीड़ देखने को मिल रही है। अस्पतालों में पहले से दोगुना ज्यादा बुखार, खांसी व जुकाम के रोगी बढ़ गए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि बार-बार मौसम के बदलने से खांसी, जुकाम, बुखार, नजला के रोगी बढ़ गए हैं। उन्होंने सलाह दी है कि अभी मौसम बदल रहा है। इसलिए गर्म कपड़ों से परहेज न करें। साथ ही अपने बच्चों के खानपान का ध्यान रखें।

## सार-संक्षेप


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नाटक के माध्यम से जानकारी देती टीम।

### नुक्कड़ नाटक से कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठाकुरद्वारा एवं सीएचसी डिलारी में स्पर्श कुष्ठ जागरुकता पखवाड़ा के दौरान जिले से आए जिला कुष्ठ टीम के रामानंद वाजपेयी एवं उनकी टीम ने कुष्ठ रोग पर नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया। गुरुवार को जिले से आई टीम ने कुष्ठ रोग के लक्षण एवं उपचार के बारे में बताया। कहा कि कुष्ठ रोग के बारे में समाज में व्याप्त भ्रान्ति से दूर रहें। क्योंकि कुष्ठ रोग साथ रहने व साथ खाने से नहीं फैलता, कुष्ठ छुआछूत का रोग नहीं है। इसका ईलाज एमडीटी द्वारा सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर नि :शुल्क किया जाता है। रामानंद वाजपेयी ने बताया कि अगर किसी को कुष्ठ के लक्षण, शरीर पर सुन्न दाग, नसों में झनझनाहट, कान पर गांठें, उंगलियों का टेढ़ापन हो वो अपने नजदीकी अस्पताल में सम्पर्क करें, ताकि समय पर ईलाज किया जा सके। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सैनी, आशू गुप्ता, शोएब खान, मोहम्मद दीन, अरूण कुमार, कुलवंत सिंह आदि उपस्थित रहे।


एसबीएस स्कूल में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

### एसबीएस स्कूल में हुआ विदाई समारोह

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के एसबीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं की विदाई समारोह पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति किए। गुरुवार को स्कूल में कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं के लिए गुड लक एवं 12वीं के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी रखी गई। बच्चों के विदाई समारोह कार्यक्रम में कक्षा 9 की छात्राओं द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों ने रैप वॉक प्रस्तुत किया। मेधावी विद्यार्थियों से विद्यालय प्रबंधक राजीव सहाय एवं प्रधानाचार्य संयोग वशिष्ठ ने सामान्य प्रश्न पूछे एवं उन्हें सम्मानित भी किया गया। सत्र 2023- 24 की मोस्ट इंटेलिजेंट बालिकाओं में माहिन और इफरा को चुना गया। बालकों में जीत आगे रहे तो बालिकाओं में वेरी कोऑपरेटिव पूर्वी सिंह एवं बालकों में सिद्धांत का चयन हुआ। सत्र 2023-24 के लिए मोस्ट डायनामिक पर्सनेलिटी 12वीं कॉमर्स की मानवी वरगोती बालिका वर्ग में व फैज बालकों में चयनित हुए। मोस्ट स्टाइलिश अनुष्का शर्मा 12वीं कॉमर्स और एजाज 12वीं कॉमर्स चुने गए। स्टूडेंट ऑफ द ईयर जीत व भूमिका चुनी गई। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक राजीव सहाय ने कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए उनकी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही कक्षा 12वीं के छात्रों को शुभकामनाएं दी।


मौके पर मौजूद वन विभाग की टीम, पुलिस व नगर पंचायत अध्यक्ष।

### तेंदुए ने चार बकरियों को बनाया शिकार

**कांठ, अमृत विचार :** नगर पंचायत ऊमरी कलां के मोहल्ला पछैयान में तेंदुए ने चार बकरियों को शिकार बना लिया। इससे लोगों में दहशत है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष ने नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह दी। नगर पंचायत ऊमरी कलां के वार्ड नं0 09 मोहल्ला पछैयान में तेंदुए ने जियाउद्दीन पुत्र अमीनुद्दीन की चार बकरियों को मार डाला। नगर वासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान अली को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे नपं अध्यक्ष ने वन विभाग के आला अधिकारियों सहित एसडीएम कांठ को सूचित किया। सूचना पाकर लेखपाल सहित प्रशासन और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। नगर पंचायत अध्यक्ष ने लोगों को रात में अकेले न निकलने देने की सलाह दी। इस दौरान ईओ श्वेतांक सारस्वत, मोहम्मद ज़ीशान, वन विभाग से मनोज कुमार वर्मा, अमरजीत सिंह, नजम अहमद, सुरेन्द्र सिंह यादव तथा जयकुमार आदि मौजूद रहे।


ऊमरी कलां में निरीक्षण करते एडीएम प्रशासन व एसडीएम। ● अमृत विचार

### एडीएम प्रशासन व एसडीएम ने किया निरीक्षण

**कांठ, अमृत विचार :** एडीएम प्रशासन एवं एसटीएम कांठ ने गुरुवार को नगर पंचायत ऊमरी कलां में चल रही योजनाओं की गुणवत्ता परखी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीएम प्रशासन गुलाब चंद्र के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद उसमान अली भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने पंचायत कार्यालय सहित नहर की पटरी पर हुए सौंदर्यीकरण की भी गुणवत्ता जांची। एडीएम प्रशासन ने व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई। इस दौरान ईओ स्वेतांक सारस्वत, मोहम्मद ज़ीशान, नजम अहमद, जयकुमार व सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### संगठन को मजबूत करने की अपील

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बुध बाजार आर्य समाज मंदिर में पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ बैठक की। जिसमे संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। गुरुवार को आयोजित बैठक में प्रभात कुमार ने आर्य समाज भवन व स्कूल भवन को भी देखा। साथ ही उसमें मरम्मत आदि करने के निर्देश कमेटी को दिए। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को अगर आवश्यक हुआ तब 11 :00 बजे चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। अध्यक्षता प्रधान गुलाब सिंह वर्मा, संचालन संजीव सिंघल ने किया। बैठक में इंदुकांत आर्य, रामावतार सिंह, रामनिवास, केदार सिंह, संजय शर्मा, रामस्वरूप, मित्रपाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### भारोत्तोलन में पृथ्वी सिंह ने जीता गोल्ड मेडल



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर निवासी भारोत्तोलन खिलाड़ी पृथ्वी सिंह ने यूपी ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर जनपद का नाम रोशन किया है। उनके इस प्रदर्शन से खिलाड़ियों में खुशी है। कोच सर्वेश सिंह ने बताया कि यूपी ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 फरवरी तक गढ़मुक्तेश्वर हापुड़ में किया गया। इसमें महानगर के पृथ्वी सिंह ने भारोत्तोलन में 67 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। उनके इस प्रदर्शन पर जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार, जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अजय पाठक समेत अन्य खेल विशेषज्ञों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### 25 को होगा सफाई मजदूर महासंघ का सम्मेलन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संविदा कर्मचारियों के स्थायीकरण व न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर 25 फरवरी को विशाल सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के सदस्यों की परेशानियों पर चर्चा की जाएगी। संघ के प्रदेश महामंत्री प्रेम बाबू वाल्मीकि ने बताया कि फरवरी के अंत में आयोजित सम्मेलन में सरकार की सफाई कर्मचारी विरोधी नीतियों का खुलकर विरोध किया जाएगा। इसके अलावा नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चुनाव भी कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व राज मंत्री अनूप प्रधान रहेंगे। मुख्य वक्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नागर होंगे। सम्मेलन का शुभारंभ महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा किया जाएगा।

### स्टेडियम में 20 और 21 को होंगे बैडमिंटन ट्रायल्स

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए 20 और 21 फरवरी को ट्रायल्स होंगे। इसमें चयनित खिलाड़ी मंडल टीम की ओर से भाग लेंगे। खेल निदेशालय एवं उत्तर प्रदेश खेल संघ की ओर से प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 29 फरवरी को किया जाएगा। इसका मेजबानी सोनकपुर स्टेडियम करेगा। मंडल स्तरीय टीम के लिए 20 फरवरी को जनपद और 21 फरवरी को मंडल स्तरीय ट्रायल्स होंगे। चयनित खिलाड़ी मंडल की ओर प्रदेश स्तरीय टीम का हिस्सा होंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों को पात्रता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व जन्मतिथि प्रमाण पत्र सक्षम स्तर से निर्गत और प्रमाणित होने चाहिए।



दिल्ली रोड स्थित होटल में नीमा की बैठक में मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देते पदाधिकारी।

# बैठक में हड्डी व जोड़ों के दर्द से बचाव की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नेशनल इंटीग्रेटिड मेडिकल एसोसिएशन की ओर से दिल्ली रोड स्थित होटल में सीएमई का आयोजन किया गया।

इसमें हड्डी व जोड़ों के दर्द पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य अतिथि सीएमई नोएडा के प्रकाश व वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. विजय सिंह चौहान ने मानवता की सेवा के लिए भारतीय चिकित्सक पद्धतियों जैसे आयुर्वेद, यूनानी के उत्थान पर बल दिया। सीएमई में वरिष्ठ आयुर्वेद डॉ. एसपी गुप्ता, डॉ. अमीर जकी, डॉ काव्य सौरभ रस्तोगी, डॉ. शोहदीन, नाजिम खान, डॉ. आरिफ रहमान, डॉ. फहीम बैग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अनिल शर्मा और संचालन डॉ. शहाबुद्दीन ने किया।

## भारतीय जनता पार्टी की ओर से पंचायत भवन सभागार में स्मार्ट सिटी महिला सम्मेलन का आयोजन

# केंद्र सरकार ने महिलाओं को बनाया सशक्त और आत्मनिर्भर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा महानगर की ओर से गुरुवार को पंचायत भवन सभागार में स्मार्ट सिटी महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता मोदी नगर की विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि केंद्र सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाया है। हर क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिए आगे कदम बढ़ाएं।

डॉ. विजयलक्ष्मी पंडित के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। मुख्य वक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शक्ति वंदन कानून पारित कर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। स्वयं



पंचायत भवन में भाजपा महिला मोर्चा के सम्मेलन को संबोधित करती मुख्य वक्ता।

सहायता समूह बनाकर दिखाया कि भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए जब तक आधी आबादी सशक्त नहीं होती हम इसकी कल्पना नहीं कर सकते। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री डॉ. रश्मि रावल ने महिलाओं को संकल्प दिलाया कि केंद्र और प्रदेश सरकार के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है। इसलिए महिलाओं को भी केंद्र की मोदी सरकार को फिर सत्ता में लाने के लिए जुटना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने किया। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान, महापौर विनोद अग्रवाल, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. शशि चौहान, भाजपा महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, कार्यक्रम की संयोजक प्रिया अग्रवाल, सह संयोजक वनिता मल्होत्रा, भाजपा की मंडल अध्यक्ष मदालशा शर्मा सहित अन्य मौजूद रहीं। संचालन महिला मोर्चा की महामंत्री हेमा खत्री ने किया। आयोजन में महामंत्री सुनीता सैनी, पूर्णिमा, शालिनी अग्रवाल, शबाना खान, सुनीता शर्मा, शीतल राजपूत, विजय पांडे, रुचि चौधरी, कविता गुप्ता, राधा, शशि किरण, गीता शर्मा, मनोरमा, सरोज सैनी, पंकज शर्मा, रंजना शर्मा सहित अन्य की मौजूदगी रही।

### सम्मेलन में पहुंचीं शिक्षिकाएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भाजपा की ओर से पंचायत भवन सभागार में आयोजित स्मार्ट सिटी महिला सम्मेलन में बेसिक शिक्षा विभाग की कई शिक्षिकाएं भी पहुंची थीं। इसको लेकर चर्चा रही। बताया जा रहा है कि विभागीय कार्यक्रम बताकर कई शिक्षिकाओं को भाजपा नेत्रियों ने बुला लिया था। हालांकि कार्यक्रम राजनीतिक होने से इसको लेकर बेसिक शिक्षा विभाग में भी चर्चा चली। लेकिन, कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं रहा।

# पहले दिन शांतिपूर्ण हुई सीबीएसई परीक्षा

## 10वीं और 12वीं की परीक्षा को महानगर में बनाए गए 16 केंद्र, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू गई। पहले दिन कम छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। अभी 19 फरवरी तक कुछ विषय की परीक्षाएं होंगी। पहले दिन परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में खास उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थी परीक्षा केंद्र पर समय से पहले ही पहुंच गए थे। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी दिखी। उनका कहना है कि जैसे सोचा था उसके अनुसार ही प्रश्नपत्र आया।

केसीएम विद्यालय के प्रधानाचार्य व सीबीएसई कार्डिनेटर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पहले दिन 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं की पेंटिंग और 12वीं के विद्यार्थियों की एंटरप्रेन्योरशिप की परीक्षा हुई। पेंटिंग के पेपर में विद्यार्थियों से कैलाशनाथ मंदिर का निर्माण किसने कराया था, कौन सा पेपर जल रंग के लिए उपयुक्त नहीं है जैसे प्रश्न पूछे गए। 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के लिए जिले में 16 केंद्र बनाए गए हैं। 10वीं की परीक्षा के लिए 5100 और 12वीं की परीक्षा के लिए 4000 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। दोपहर 10:30 बजे शुरू होकर 12:30 बजे परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा देने के बाद विद्यार्थियों ने बताया कि पेपर आसान था। परीक्षा को लेकर विद्यार्थी उत्साहित थे। पिछली कई परीक्षाओं और टेस्ट के जैसे ही उन्हें यह परीक्षा लगी और उन्होंने आत्मविश्वास के साथ सभी प्रश्नों के उत्तर लिखे।



केसीएम स्कूल में परीक्षा के बाद प्रश्नपत्र को लेकर आपस में चर्चा करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### परीक्षा को लेकर चर्चा करते नजर आए विद्यार्थी

परीक्षा केंद्र से बाहर निकल रहे विद्यार्थी पेपर को लेकर ही चर्चा करते नजर आए। आपस में पेपर कैसा हुआ, कितने प्रश्न हल किए और कौन से प्रश्न आसान लगे आदि चर्चाओं में ही व्यस्त दिखे। पेपर देकर लौटे अभ्यर्थी तनाव रहित नजर आए, कारण पहला पेपर उनका सही तरीके से पूरा हो गया था।

### यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी भी हुई तेज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के बाद अब बारी यूपी बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत की है। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं, जो 9 मार्च तक चलेंगी। जनपद में 110 केंद्र बनाए गए हैं। 10वीं में 42,772 और 12वीं में 38,825 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण है।

# 502 ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से गुरुवार को पंचायत भवन सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न दलों के 502 लोगों ने पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें मध्य नगर मंडल से 119, रामगंगा विहार मंडल से 98, कटघर मंडल से 72, दससराय मंडल 36, चंद्रनगर मंडल 74, लाइनपार मंडल 30, दीवान का बाजार मंडल 33, भोजपुर मंडल से 27 लोग शामिल रहे।

भाजपा में शामिल होने वालों का जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने पार्टी का पटका व फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि आज भाजपा परिवार में शामिल हुए लोगों से महानगर में पार्टी पहले की अपेक्षा और अधिक मजबूत होगी। विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीब तबके के लिए विशेष योजनाएं संचालित की हैं। विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के



पंचायत भवन में भाजपा में शामिल हुए अन्य दलों के नेता व समर्थक, साथ में भाजपाई।

**▸▸ नगर विधायक ने कहा- पार्टी पहले से और अधिक मजबूत हुई**

आदर्शों पर चलते हुए आज पार्टी एक विशाल वृक्ष बन गई है।

महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा कि पार्टी सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ काम कर रही है। डा. केके मिश्रा, लोकसभा संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ा राजनीतिक पार्टी है। महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले सपा, बसपा, कांग्रेस, आप समेत अन्य दलों के बड़ी संख्या में नेताओं ने भाजपा की सदस्यता के लिए इच्छा जाहिर की थी। इसी क्रम में 502 लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। संचालन कार्यक्रम संयोजक महानगर महामंत्री कमल गुलाटी ने किया। इस दौरान नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव, पार्षद दल के उप नेता सुरेंद्र विश्नोई, लोकसभा विस्तारक निखिल, महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा, दिनेश शीर्षवाल, नत्थूराम कश्यप, सर्वेश पटेल, सुनीता शर्मा, हेमराज सैनी, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राहुल सेठी, हरिओम सैनी, मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति, सूर्य मोहन शमसेरी, संजीव चौहान, अमित सिंह मिंटू, मुकेश भारद्वाज, आलोक सैनी आदि उपस्थित रहे।

# एमएसएमई में भुगतान की समय सीमा 180 दिन करने की मांग की

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/संभल

**अमृत विचार :** पीतल नगरी के निर्यातकों व कारोबारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा के पूर्व सांसद सैय्यद जफर इस्लाम ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से उनके साउथ ब्लॉक दिल्ली स्थित कार्यालय में मुलाकात की।

ईपीसीएच के पदाधिकारियों के साथ वित्तमंत्री से मुलाकात के दौरान एमएसएमई के अंतर्गत 45 दिन में पेमेंट करने के नियम से व्यापारी वर्ग को आ रही परेशानियों की जानकारी दी। कहा कि इस कानून को तुरंत समाप्त किया जाए। एमएसएमई के तहत पेमेंट की समय सीमा को 45 दिन से बढ़ाकर 180 दिन कर दिया जाए। इसके अलावा जीएसटी रिफंड में परेशानी बताई। वित्तमंत्री ने कहा कि समस्या के हल को लेकर विचार किया जाएगा। इस दौरान आईईएमएल चेयरमैन राकेश कुमार, मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन मुरादाबाद के महासचिव अवधेश अग्रवाल, फकरे आलम, नूर उल ने अपनी बात रखी। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन चैप्टर संभल के चेयरमैन कमल कौशल वार्ष्णेय ने बताया कि समस्याओं पर वित्तमंत्री का रुख सकारात्मक रहा।



वित्तमंत्री से मिलते राज्यसभा के पूर्व सांसद जफर इस्लाम, साथ में निर्यातक।

**▸▸ पूर्व सांसद सैय्यद जफर इस्लाम ने केंद्रीय वित्तमंत्री के सामने रखीं निर्यातकों की समस्याएं**

## शराब की दुकान में कूमल लगाकर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** गलशहीद थाना क्षेत्र में रोडवेज अड्डे के सामने स्थित शराब दुकान में कूमल लगाकर चोर नकदी और शराब चोरी कर ले गए। शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

थाना गलशहीद में रामपुर रोड पर बस अड्डे के सामने अंग्रेजी शराब की दुकान है। इसमें चक्कर की मिलक निवासी अमन भटनागर और विक्की सेल्समैन हैं। अमन और विक्की के अनुसार बुधवार रात करीब दस बजे वह दोनों दुकान बंद करके घर चले गए थे। गुरुवार सुबह दुकान खोली तो अंदर सामान बिखरा था। दुकान के पीछे की दीवार में रेलवे लाइन की ओर से कूमल लगा था। चोर दुकान के काउंटर में रखे करीब 52 हजार रुपये की नकदी, शराब की 4 पेटी समेत करीब 75 हजार रुपये कीमत की शराब चोरी करके ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छात्राओं को बताए हेल्पलाइन नंबर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज में महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुवार को जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति अभियान की आंतरिक समिति की सदस्य व राजकला पीडीए गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्या मधुबाला त्यागी ने बताया कि आप में से कोई भी छात्रा किसी मुश्किल में फंसी हो तो वह तुरंत पुलिस हेल्पलाइन नंबर डायल करें। उसे मदद जरूर मिलेगी। थाने पर महिला हेल्प डेस्क है, जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं।



साहू रमेश कुमार कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं को जानकारी देतीं मिशन शक्ति प्रभारी।

**आयोजन**

**▸▸ मिशन शक्ति अभियान के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम**

मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक ज्योति ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया से परेशान करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल 1090 व 112 , 1076 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दें। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। इस दौरान कालेज प्रधानाचार्या अर्चना साहू, कालेज प्रबंधक सुशील कुमार, वरिष्ठ शिक्षिका शैलजा रस्तोगी, गौरांग साहू, निमित जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## सिविल लाइंस थाने का किया निरीक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाने का गुरुवार को एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालय पर अभिलेखों की जांच की और उसे अपडेट रखने का निर्देश दिया।

इसके बाद महिला और साइबर हेल्ड डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना, बैरक आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महिला और साइबर हेल्प डेस्क में आने वाली शिकायतों को जांच कर समय सीमा के अंदर निस्तारित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा थाना परिसर में बन रहे विवेचक कक्ष के निर्माण कार्य को भी देखा। एसएचओ को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा कराएं। निरीक्षण के दौरान सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर, एसएचओ आरपी शर्मा समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**सुझाव** अच्छे खानपान के साथ बेहतर बनाए दिनचर्या, छह से आठ घंटे की नींद भी जरूरी

# बोर्ड परीक्षा को लेकर दबाव महसूस न करें विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं चल रही हैं। हालांकि अभी चुनिंदा विषय के विद्यार्थी ही परीक्षा दे रहे हैं। यूपी बोर्ड परीक्षाओं का भी काउंटडाउन शुरू हो गया है। छात्र-छात्राओं में परीक्षा को लेकर चिंता है। विशेषज्ञ शिक्षकों का कहना है कि विद्यार्थी परीक्षा का दबाव महसूस न करें। निश्चिंत होकर परीक्षा की तैयारी करें। अच्छे खानपान के साथ बेहतर दिनचर्या बनाएं। साथ ही परीक्षा के दिनों में छह से आठ घंटे की नींद भी अवश्य लें।



प्रो.ममता शर्मा।

केजीके महाविद्यालय की प्रो. ममता शर्मा का कहना है कि छात्रों को किसी भी प्रकार के मानसिक दबाव को लेकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी नहीं करनी चाहिए। अभिभावक भी उनका हौसला बढ़ाएं। छात्र परीक्षा के नतीजों को लेकर सकारात्मक सोच रखें। उन्होंने कहा कि पॉजिटिव और शांत रहने के लिए योग को अपनाएं। धीमी गति से गहरी सांस लें और एक से दो सेकेंड के लिए सांस रोक लें। धीरे-धीरे सांस छोड़ें। इस योग से मानसिक और दिमागी तौर पर शांति मिलेगी। विद्यार्थी छह से आठ घंटे की पर्याप्त नींद लें। दिनचर्या नियमित करें। पढ़ाई, खेलकूद, मनोरंजन का टाइम टेबल बनाएं। नियमित पढ़ाई करें। जिस विषय के जो अध्याय अच्छी तरह से तैयार हैं उनका रिवीजन जरूर करें। जो आसानी से नहीं समझ में आते हैं उनके लिए मार्गदर्शन लें। पौष्टिक और संतुलित खानपान शैली अपनाएं। खुद पर ज्यादा दबाव महसूस न करें।

### एकाग्रता से करें पढ़ाई

परीक्षा से पहले कभी-कभी विद्यार्थी इतने तनाव में आ जा जाते है कि उनकी एकाग्रता कम होने लगती है। सबसे पहले अपने को शांत रखें और जिस विषय को लेकर बैठे हैं। उसके सरल अध्याय से शुरू करें। धीरे-धीरे आत्मविश्वास बढ़ेगा और आप आगे बढ़ते जाएंगे।

### खान-पान का ध्यान रखें

परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को खान-पान का भी ध्यान रखना चाहिए। खाने में हरी सब्जियां, फल, दूध, पनीर व प्रोटीन डायट लें। रात में हल्का खाना खाकर सोएं। जंक फूड व बाहर के खाने से बचें।

### अभिभावक न डालें दबाव

अभिभावक अनावश्यक दबाव न दें। कितने परसेंट नंबर लाने हैं। बार-बार इस पर चर्चा न करें। इससे आत्मविश्वास में कमी आने लगती है। इसके बजाय लगातार मोटिवेट करते रहें।

### सरल सवालों को पहले हल करें

परीक्षा कक्ष में 15 मिनट प्रश्न पत्र पढ़ने को मिलते हैं। कुछ सवाल कठिन होंगे, लेकिन इससे घबराएं नहीं। पहले सरल लगने वाले सभी सवालों को हल कर लें। इसके बाद कठिन सवाल को हल करने के लिए दिमाग पर जोर डालें।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

- नियमित प्राणायाम करें
- 30 से 45 मिनट तक पढ़ने के बाद ब्रेक लें।
- कभी-कभी संगीत से ध्यान एकाग्र कर सकते हैं।
- पढ़ी हुई चीजों को आंख बंद कर दोहराएं।

# समय से कार्य पूर्ण न होने पर चेताया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सरकार की मंशा नाबालिग और स्कूली बच्चों को नशे से दूर कर उन्हें सुनहरे भविष्य देने की है। लेकिन विभाग के स्तर पर इसमें शिथिलता बरती जा रही है। अब निदेशालय से एक युद्ध नशे के विरुद्ध मुहिम से संबंधित विभागों की लापरवाही पर चेतावनी पत्र लिखा गया है।

एक युद्ध नशे के विरुद्ध मुहिम में प्रोबेशन विभाग की ओर से सभी विभागों को अपने हिस्से की जिम्मेदारी पूरी न करने पर चेतावनी पत्र भी दिया गया है। अब निदेशालय ने सख्त रुख अपनाया है। निदेशालय ने प्रोबेशन विभाग के अधिकारी से संबंधित विभागों द्वारा अब तक इस मुहिम में किए गए कार्यों का लेखा जोखा मांगा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने बताया कि मात्र एक आबकारी विभाग की ओर से दी जिम्मेदारी में मादक पदार्थों की दुकानों पर 283 कैमरे लगाए गए, इसकी सूचना भी विभाग को दी है। इसके अलावा किसी विभाग ने अब तक कोई जानकारी नहीं दी है।

पुलिस विभाग से नाबालिग बच्चों द्वारा मादक पदार्थों के सेवन व मादक पदार्थों की अवैध तस्करी से संबंधित दर्ज प्रकरणों की संख्या और अब तक क्या कार्रवाई की गई इसकी जानकारी मांगी गई थी लेकिन आंकड़ा नहीं मिला। शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में प्रहरी क्लब स्थापित करने थे साथ ही स्कूली बच्चों के साथ रैलियां निकालकर लोगों को जागरूक करना था। इसमें कोई जानकारी नहीं दी गई। समाज कल्याण विभाग को नशा मुक्ति केंद्रों का निर्माण कराने के साथ उसके रखरखाव की जिम्मेदारी दी गई लेकिन इसे पूरा नहीं किया गया।

स्वास्थ्य विभाग और जिला ड्रग्स कंट्रोल अथारिटी को एचएच 1 व एक्स में सम्मिलित दवा विक्रेता स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने थे लेकिन जानकारी नहीं दी गई। जिला पंचायत व नगर पंचायत सभी को मादक पदार्थों की दुकानें निर्देशित दूरी पर है या नहीं इसकी जानकारी देने का काम सौंपा था। निदेशालय ने सभी विभागों से फरवरी के अंत तक सूचना हर हाल में देने के लिए निर्देश दिये हैं। अन्यथा कार्रवाई होगी।

**शिथिलता**

**▸▸ एक युद्ध नशे के विरुद्ध मुहिम से संबंधित विभागों की लापरवाही पर चेतावनी पत्र लिखा**

# भाजपा में सभी वर्गों के लोगों का सम्मान: ढिल्लो

## दूसरे दलों से आए लोगों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की, सभी का पदाधिकारियों ने किया स्वागत

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचारः** नौगांवा सादात विधानसभा क्षेत्र का भाजपा मिलन कार्यक्रम अक्षरा पब्लिक स्कूल में हुआ। जिसमें दूसरे दलों से आए सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने कहा कि जिन लोगों ने पार्टी का दामन थामा है, उन्होंने अच्छी सोच का परिचय दिया है।

गुरुवार को मिलन समारोह में विधान परिषद सदस्य डॉ. हरी सिंह ढिल्लो ने कहा कि भाजपा में सभी का साथ, सबका विकास के नारे के साथ काम किया जा रहा है। यहां पर सभी का सम्मान किया जाता है। पार्टी का जनाधार पूरे देश में बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सशक्त नारी सम्मान हो रहा है। जिला अध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी ने कहा कि पार्टी सबको साथ लेकर चलने का काम करती है। उन्होंने सभी को शपथ दिलाते हुए कहा कि निष्ठा और ईमानदारी के साथ पार्टी के साथ रहेंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक कमल सिंह मलिक, राजीव चौहान, अतुल चौधरी, भूप सिंह बेनीवाल, पूरन सिंह सैनी, चंद्रभान भाटी, राकेश वर्मा, कैलाश त्यागी, कृष्ण कुमार, योगेश चौधरी, धर्मेंद्र चौहान, अमरपाल चौहान, रिजवान, सोमपाल चौहान, मोहम्मद युसूफ, मिलनजीत बांगा, सुरेंद्र स्टेट रामनिवास गोला आदि मौजूद रहे।

**मिलन समारोह**
- कहा, पार्टी का जनाधार पूरे देश में बढ़ रहा है
- पार्टी सबको साथ लेकर चलती है: उदयगिरी


कार्यक्रम को संबोधित करते एमएलसी डॉ. हरी सिंह ढिल्लो व अन्य मंचासीन पदाधिकारी। ● अमृत विचार


कार्यक्रम के दौरान मौजूद भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### लोकसभा चुनाव से पहले सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले धनौरा में सैकड़ों लोगों ने भाजपा का दामन थामा। इसमें सभासद और मुस्लिम समाज के लोग भी शामिल रहे। गुरुवार को नगर के गोलघर स्थित रिसोर्ट में भाजपा विधानसभा क्षेत्र का मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र प्रभारी सतीश अग्रवाल रहे। कार्यक्रम में सभासदों व मुस्लिम समाज के कई लोगों सहित सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी का पटका व टोपी पहनाकर स्वागत किया। सतीश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा परिवार में सबका स्वागत एवं अभिनंदन है। कार्यक्रम के दौरान सभासद राजू बादशाह, गुरुवचन सिंह, संतोष देवी, सरस्वती गोयल, मंजीत कौर, बाबू मुस्सद्दी फहीम सावरी, ओमकार गर्ग, दीपक गर्ग, कपिल गोयल, गौरव यादव, सिम्मी अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल आदि रहे। इस अवसर पर चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, सुरेंद्र औलख, गौरव अग्रवाल, रोहित आर्य, कपिल भड़ाना, सुनील गुप्ता सहित आदि मौजूद रहे।

### ब्रेड गोदाम में लूट की झूठी सूचना पर दौड़ी पुलिस

**हसनपुर, अमृत विचारः** नगर की एक कॉलोनी में स्थित ब्रेड के गोदाम पर चालक के साथ लूट की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच की तो मामला झूठा निकला। नगर की ग्रीन सिटी कॉलोनी में ब्रेड का गोदाम है।

यहां पर कार्यरत जैद वाहन से ब्रेड की आपूर्ति करता है। बुधवार रात पुलिस को चालक जैद ने लूट की सूचना दी थी। पुलिस के मुताबिक जैद ने बताया कि करीब आठ बजे कॉलोनी स्थित ब्रेड गोदाम पर कुछ लोग आए और 8000 रुपये लूट कर ले गए। उसने बदमाशों पर मारपीट करने का भी आरोप लगाया। लूट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। पुलिस लूट के मामले को गलत बता रही है, पुलिस का कहना है कि किसी को फंसाने के लिए जैद ने लूट की सूचना दी। पुलिस को झूठी सूचना देने के मामले में जैद का शांति भंग में चालान कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि लूट की सूचना प्राप्त हुई थी, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो मामला झूठा निकला, झूठी सूचना देने वाले का शांति भंग में चालान कर दिया गया है।

## एक नजर

### पुलिस ने दो आरोपियों को चाकू के साथ पकड़ा

**हसनपुर, अमृत विचार :** गश्त के दौरान पुलिस ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों से तलाशी के दौरान दो चाकू बरामद किए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। बुधवार रात पुलिस गश्त के दौरान दो संदिग्धों को पकड़कर कोतवाली ले आई। पुलिस ने दोनों के पास से दो चाकू बरामद किए। पूछताछ के दौरान एक ने अपना नाम समीम अली पुत्र यामीन निवासी मोहल्ला लालबाग तथा दूसरे ने अकरम पुत्र मोहम्मद सफी निवासी मोहल्ला लालबाग बताया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान दो आरोपियों को चाकू के साथ पकड़ा है।

### शादी समारोह से चोरी हुई बाइक बाग में मिली

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर कलां निवासी टीटू बुधवार रात गांव कालाखेड़ा स्थित रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में गया था। इस दौरान चोरों ने टीटू की बाइक चोरी कर ली थी। टीटू एवं उसके परिजनों द्वारा बाइक की तलाश की गई और ढूंढते हुए ग्राम दीपपुर के निकट आम के बाग पर पहुंच गए। वहां उन्हें आम के बाग में पत्तों से ढकी हुई चोरी हुई बाइक मिली। पीड़ित टीटू द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूछताछ के लिए दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि पूछताछ के लिए दो लोगों को बुलाया गया है, जांच चल रही है।

### 10 लीटर अवैध कच्ची शराब पकड़ी

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने बताया कि जनपद में अभियान के तहत आबकारी टीम ने तहसील हसनपुर के ग्राम लठीरा माफी में अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी। दबिश के दौरान टीम ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए मौके पर 100 लीटर लहन नष्ट कराई। एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। टीम में आबकारी निरीक्षक रामकुमार यादव, राजकुमार तथा अनीस अहमद, अनिल कुमार एवं राधा शामिल थे।


रोजगार मेले में चयनित छात्र व अन्य। ● अमृत विचार

## रोजगार मेले में 180 छात्रों का चयन

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र के राजकीय पॉलीटेक्निक सुतावली में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। जिसमें राजकीय पॉलीटेक्निक सुतावाली, राजकीय पॉलीटेक्निक कटाई जोया, राजकीय पॉलीटेक्निक कोताना बड़ौत बागपत, महामाया पॉलीटेक्निक ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी बछरायूं एवं प्रदेश की अन्य संस्थाओं के अंतिम वर्ष के 210 छात्र सम्मिलित हुए।

रोजगार मेले में इंडियन सिंथेटिक रबर प्राइवेट लि. कंपनी, कृष्णा मारुति प्राइवेट लिमिटेड एलटीडी कंपनी गुरुग्राम, आईएनडी स्फिंक्स प्रिसिजन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, एनएलएम इंडिया सर्विस सेंटर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी समेत कई कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान 180 छात्रों का अंतिम रूप से चयन किया गया। प्रधानाचार्य लखमी चन्द ने उत्तीर्ण होने से पूर्व ही रोजगार मुहैया कराने की मुहिम के तहत राजकीय पॉलीटेक्निक सुतावली में रोजगार मेले का आयोजन कराकर छात्रों को रोजगार का अवसर प्रदान कराया। इस मौके पर रविन्द्र कुमार, अश्वनी कुमार कमल कुमार, राहुल कुमार, अमित कुमार, मोहम्मद नासिर, डॉ. जितेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### इल्म की रोशनी इंसान को सही रास्ता दिखाती है

**चौधरपुर, अमृत विचार :** कस्बा चौधरपुर में मदरसा गुलशने शाहजी मजीदी कर्बला ताल में जश्न ए दस्तारबंदी का आयोजन हुआ। मदरसे से आलिम के कोर्स से फारिग हुए सदकात, गुलाम मुदस्सिर, शाहबाज, तफसील, कौसर और कुरान हिफ्ज करने वाले गुलाम नबी, हसन रजा की दस्तारबंदी की गई। जलसे का आगाज तिलावत-ए-कुरान की आयत पढ़ कर किया गया। कारी जाकिर हमीदपूरी ने कहा की तालीम से दुनिया और आखरत दोनों संवरती हैं। इल्म की रोशनी इंसान को सही रास्ता दिखाने का काम करता है। जलसे के आखिर में अयाज मियां पैगंबरपुरी ने देश और दुनिया में अमन और शांति के लिए दुआ कराई। इमाम जामा मस्जिद मुफ्ती सलीम, इमाम नूरानी, मौलाना हसनैन, मौलाना आदिल रहे। उधर, अब्दुल मजीद शाह का 62वां उर्स मनाया। मजार शरीफ पर सुबह से ही जायरीनों ने मजार शरीफ पर चादरपोशी कर मन्नतें मांगी।

## भाजपा में ही कार्यकर्ताओं का सम्मान

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने सभासद, ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित विधानसभा के सैकड़ों लोगों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही भाजपा द्वारा अपना परिवार बढ़ाने की मुहिम छेड़ दी है। जिसके अंतर्गत विधानसभा स्तर पर विधायक के नेतृत्व में पार्टी ज्वाइन करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गुरुवार को नगर के बाइपास मार्ग स्थित बैंक्ट हॉल में भाजपा कार्यकर्ता मिलन समारोह हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी शामिल हुए। कार्यक्रम का आरंभ विधायक एवं भाजपा नेताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलि कर किया। भाजपा नेताओं ने बताया कि हसनपुर नगर पालिका के 12, सैदनगली नगर पंचायत पांच सभासदों एवं दो प्रधानों के साथ सैकड़ों लोगों ने भाजपा की प्राथमिक प्राथमिकता ग्रहण की। विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा में जितना सम्मान कार्यकर्ताओं का है उतना किसी भी पार्टी में नहीं है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने की एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उषा शर्मा, संजय शर्मा, राजीव गोयल, हेमराज सैनी, सुरभित कुमार गुप्ता, अजय पाल, डॉ. अंजू नवीन, आम्रपाली गुर्जर, अकिला, वसीम अल्वी सहित काफी लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, अभिनव कौशिक व अन्य।


प्रदर्शन करते टेम्पो चालक। ● अमृत विचार

## शुल्क वसूली खत्म करने की मांग

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** सैदनगली में टेम्पो स्टैंड पर चालकों ने प्रदर्शन किया। शुल्क वसूली खत्म करने की मांग की है। नगर पंचायत ने कस्बे में टेम्पो स्टैंड बनाया है।

यहां से 30 टेम्पो प्रतिदिन नगर को चलते हैं। टेम्पो चालकों का कहना है कि नगर पंचायत प्रत्येक टेम्पो से 80 रुपये शुल्क वसूल करने की बात कर रही है। जो चालकों को बिल्कुल भी मान्य नहीं हैं। गुरुवार सुबह चालकों ने टेम्पो स्टैंड पर वाहन खड़ेकर जोरदार प्रदर्शन किया। टेम्पो चालकों का कहना है कि टेम्पो चालक इतने पैसे रोज के नहीं दे सकते। इसके बाद सभी टेम्पो चालक सैदनगली नगर पंचायत के स्वच्छता प्रेरक अभिनव कौशिक के पास पहुंचे तो उन्होंने मामले में जल्द समाधान करने की बात कही है। प्रदर्शन करने वालों में नईम, नीर, बदर, रिहान, प्रवीण कुमार, उस्मान, तहसीन गलसुआ, राशिद, कामिल, रिहान हरज्ञान, नईम, नफीस बिलाल,आकिल, जफर मौजूद रहे।

## हजरत इमाम हुसैन की यौमे विलादत पर जश्न

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** नगर के पीर जी इमामबारगाह में इमाम हजरत हुसैन की यौमे विलादत पर जश्न हुआ। बुधवार देर रात इसका आगाज मोहम्मद हैदर ने हदीस ए किसा की तिलावत से किया।

नाते रसूल डॉ. लईक हैदर बाकरी ने पढ़ी। उसके बाद अम्मार हैदर रिजवी, रियाजुल हसन, गुलाम हैदर रिजवी, वफा हैदर, मोहम्मद अब्बास, फिरोज हैदर रिजवी, जाफर अब्बास, शीम हैदर, मिसाल अब्बास, शबीह हैदर, सुहैल अब्बास, अजीम हैदर, वली रिजवी, हैदर अब्बास आदि ने इमाम हुसैन की शान में कलाम पढ़े। मौलाना हाजी कम्बर अली ने तकरीर में कहा कि इमाम हुसैन की पैदाइश तीन शाबान को हुई थी। रसूल ने अपने नवासे को हर तरह से पहचानवाया। नबी ने कहा मेरा हुसैन मुझसे है और मैं हुसैन से हूं। इस मौके पर अजादार हुसैन, कुमैल असगर, हाजी तनवीर अब्बास, गुलाम सय्यदेन, हसन रजा, खलीक हैदर, गुलाम हुसैन, कसीम हैदर, नवाबुल हसन, जैगम अब्बास, तहजीबुल हसन आदि मौजूद रहे।


जलसे में कलाम पेश करते शायर। ● अमृत विचार

### राहगीरों को हलवा खिलाया व चाय पिलाई

**सैदनगली, अमृत विचार :** गुरुवार को सम्भल-हसनपुर मुख्य मार्ग स्थित नगर पंचायत सैदनगली के पश्चिमी बस स्टॉप पर हजरत इमाम हुसैन और मौला अब्बास अलमदार की यौमे विलादत के मौके पर राहगीरों को हलवा बांटा गया और चाय भी पिलाई। इस मौके पर कुमैल असगर, आजादर हुसैन मुजम्मिल अंसारी नवाबुल हसन, असद अब्बास, अली काशिफ शोएब राजा उर्फ बिट्टू आदि मौजूद रहे।

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दीक्षांत समारोह

**सैदनगली, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सैदनगली में गुरुवार को कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का दीक्षांत समारोह हुआ। आचार्य महेश पाल, आचार्या जिज्ञासा ने भी दीक्षांत समारोह में विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि हेमराज सिंह ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। दीक्षांत समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. पुनीत गुप्ता, प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संजीव ने किया।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परामर्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जॉचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
* इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचे छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

**परेशानी** घरों में घुसकर कुत्ते कर रहे हैं हमला, लोगों की शिकायतों की हो रही अनदेखी

## नगर में कुत्तों और बंदरों से लोगों में दहशत

संवाददाता, चौधरपुर

**अमृत विचार :** अमरोहा मुख्यालय से सटी नगर पंचायत जोया में इस समय कुत्तों और बंदरों से लोगों में दहशत है।

आवारा कुत्तों के झुंड घरों में घुसकर पशुओं और जानवरों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। वहीं, बंदरों के झुंड से भी हर कोई परेशान है और इन्हें पकड़वाने की नगर पंचायत अधिकारियों से मांग की जा रही है। कुत्तों के आतंक के चलते बच्चों का मैदानों में खेलना बंद हो गया है। अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। हर समय कुत्तों के हमले का डर सताता रहता है। नगर का कोई ऐसा मोहल्ला नहीं है जहां बंदरों और कुत्तों का आतंक न हो। दो दिन पहले मोहल्ला खेड़ा निवासी चेतराम सिंह के घर में कुत्तों का झुंड घुस गया और आंगन में बंधी बकरी पर हमला बोल दिया। बकरी की आवाज सुनकर लोग दौड़े तब तक कुत्ते बकरी को गंभीर रूप से घायल कर चुके थे। इससे पहले भी मोहल्ला खेड़ा निवासी गुलिस्ता के बकरे पर हमला कर मार चुके हैं। लोग नगर पंचायत प्रशासन से कुत्तों और बंदरों को पकड़वाकर जंगलों में छोड़ने की मांग कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस मांग पर कोई भी ध्यान नहीं दे रहे।

" बंदरों व जंगली कुत्तों को पकड़ने के लिए ठोस कदम उठाएंगे। पंचायत में नए ईओ की तैनाती हुई है। उनसे वार्ता कर जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।
–जुबैर अहमद, चैयरमेन, नगर पंचायत जोया


" जोया में इस समय कुत्तों और बंदरों का आतंक चरम पर है। इनके डर के चलते घर से निकलना दुश्वार हो गया है। जिम्मेदार अधिकारियों को इस और ध्यान देना चाहिए और नगर वासियों को राहत पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। – फहीम अहमद, व्यापारी जोया


" नगर में बंदरों का आतंक इस कदर है की मकानों पर लगी पानी की टंकी के ढक्कन भी तोड़ देते हैं। जब महिलाएं कपड़े सुखाती हैं तो बंदर कपड़ों को ले जाते हैं और उन्हें फाड़ देते हैं। – हरस्वरूप माथुर, नगर अध्यक्ष व्यापारी सुरक्षा फोरम जोया


" बंदरों और कुत्तों के आतंक के चलते मोहल्लेवासी भयभीत हैं, कुत्तों के आतंक के चलते बच्चों का खुले स्थानों पर खेलना बंद हो चुका है। – रूप सिंह,


" सड़कों पर कुत्तों के झुंड घूमते रहते हैं। भगाने पर वह हमला कर घायल कर देते हैं। प्रशासन को इस समस्या का समाधान कराना चाहिए। – गुलिस्ता बेगम

### पांच लाख न मिलने पर महिला को घर से निकाला

**गजरौला, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत 11 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला चौधरी चरण सिंह नगर निवासी ओमप्रकाश सैनी की बेटी ममता रानी की शादी हसनपुर के मोहल्ला महल निवासी शुभम सैनी के साथ हुई थी। ससुराल वालों ने महिला से पांच लाख रुपये की मांग कर दी। दो फरवरी को ससुराल वालों ने महिला को बंधक बना लिया। जानकारी पर महिला के मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए थे। तब ससुरालवालों ने महिला को घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि पति शुभम सैनी, सास कश्मीरी देवी, ससुर रामनिवास, ननद कविता, दीपिका, उपासना व मीनाक्षी, नंदोई बृजपाल, राजकुमार सैनी, प्रतीक सैनी व बंटी पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरूकी है।

## एक नजर

### गुन्नौर के ईओ मनीष चौधरी ने संभाला कार्यभार



**गुन्नौर अमृत विचार** : नवागत अधिशासी अधिकारी मनीष चौधरी ने नगर पंचायत में कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले वह बागपत जिले की छपरौली नगर पंचायत में तैनात थे। अधिशासी अधिकारी मनीष चौधरी ने कहा कि नगर पंचायत में पारदर्शी तरीके से काम करते हुए शासन की मंशा को पूरा किया जाएगा। नागरिकों की समस्याओं के निराकरण में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी। बताते चलें कि पवित्रा त्रिपाठी के स्थानांतरण के बाद नगर पंचायत ईओ का अतिरिक्त प्रभार एसडीएम रमेश बाबू संभाल रहे थे।

### बाइक के सामने आया छुट्टा गोवंश, युवक घायल

**बबराला अमृत विचार** : मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर बबराला और गुन्नौर के बीच अचानक छुट्टा गोवंश बाइक के सामने आ गया। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। युवक को गंभीर हालत में सीएचसी से अलीगढ़ रेफर कर किया गया। नगर के लाइन पार निवासी राधेश्याम (18 वर्ष) पुत्र सुखलाल बुधवार देर रात बाइक से किसी काम से गुन्नौर जा रहा था। रास्ते में बाइक के सामने अचानक छुट्टा पशु आ गया। जिससे बाइक सड़क पर गिरने से राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे गुन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

### न्यायालय के आदेश पर वांरटी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार** : हयातनगर थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला पीला खदाना निवासी अनीस आर्म्स एक्ट के तहत वाद विवाद के चलते न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। अनीस के खिलाफ न्यायालय ने गिरफ्तारी वांरट जारी किया था। गुरुवार को सूचना मिलने पर पुलिस अनीस के घर पहुंची और गिरफ्तार कर लिया।

### पशुशाला से दो भैंस चोरी

**संभल/रजपुरा अमृत विचार** : रजपुरा में चोरों ने पूर्व प्रधान की पशुशाला का ताला तोड़कर दो भैंस चोरी कर ली। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। रजपुरा के पूर्व प्रधान लखपत सिंह के घर में पशुशाला का बुधवार को रात चोरों ने ताला तोड़ा। चोर पशुशाला से दो भैंस चोरी कर ले गए।

---

### कल्कि धाम शिलान्यास स्थल की सीढ़ियां तैयार, हेलीपैड व सड़क बनाने का काम जल्द पूरा कराने में जुटे अधिकारी

# प्रधानमंत्री की सभा को पंडाल बनाने का काम अंतिम चरण में

कल्कि धाम शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल जनपद के ऐंचोड़ा कम्बोह में 19 फरवरी को कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए प्रशासन तैयारियों को समय से पूरा करने के काम में जुटा है। प्रधानमंत्री की सभा के लिए पंडाल तैयार करने का काम अंतिम चरण में है। वहीं हेलीपैड व सड़क निर्माण का काम पूरा करने के लिए दिन रात काम किया जा रहा है।

कल्कि धाम शिलान्यास व सभा स्थल पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये जा रहे हैं। कार्यक्रम तीन दिन बाद है लेकिन अभी से आयोजन स्थल पर पुलिस व एजेंसियां सक्रिय हैं। कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। वाहन से पहुंचने वाले लोगों का ब्यौरा रजिस्टर में दर्ज करने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की सभा के लिए बड़ा पंडाल बनकर तैयार हो रहा है। इस पंडाल को लेकर कहा जा रहा है कि पंडाल में चालीस हजार लोग बैठ सकते हैं। सभा में एक लाख लोगों के पहुंचने की बात कही जा रही है तो पंडाल को और भी बड़ा किया जा सकता है। वहीं प्रधानमंत्री के हेलीकॉप्टर लैंड करने के लिए हेलीपैड बनाने का काम अभी पूरा नहीं हुआ है। हेलीपैड स्थल पर जमीन से मिट्टी हटाकर पत्थर डालने के बाद अब रोड रोलर चलाकर तह को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। हेलीपैड से सभा स्थल तक बनने वाली सड़क को बनाने के लिए गुरुवार को टाइल्स बिछाने का काम शुरु कर दिया गया।



प्रधानमंत्री की सभा के लिए बनाया जा रहा पंडाल। ● अमृत विचार



हेलीपैड से आयोजन स्थल के बीच सड़क बनाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

#### आचार्य प्रमोद ने संतों के साथ देखा इंतजाम

संभल, अमृत विचार : कल्कि धाम शिलान्यास स्थल पर गुरुवार को कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने संतों के साथ भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने शिलान्यास स्थल की व्यवस्थाओं को तुरंत पूरा करने की बात कही। शिलान्यास स्थल के दो तरफ नीचे उतरने के लिए सीढ़ी बनाने का काम पूरा हो गया है। शनिवार से वहां पूजा अनुष्ठान शुरु करने की बात कही जा रही है।

#### डीएम एसपी ने अधीनस्थों के साथ की बैठक

संभल, अमृत विचार : कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को देखते हुए जनपद के पुलिस प्रशासनिक अधिकारी आयोजन स्थल पर ही डेरा डाले हैं। गुरुवार को डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक कर पार्किंग से लेकर यातायात व्यवस्था व आयोजन स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। डीएम ने सभी व्यवस्थाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये।

---

# जनपद के खिलाड़ियों ने जीते पांच गोल्ड मेडल

संवाददाता, बहजोई

▸▸ राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर लौटे खिलाड़ियों का किया स्वागत

**अमृत विचार:** युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तहत जूनियर बालक व बालिका वर्ग में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जनपद के 10 खिलाड़ियों में से 9 खिलाड़ियों ने गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल जनपद का नाम रोशन किया है विजेता खिलाड़ियों फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

जनपद हापुड़ में 13,14 व 15 फरवरी को डीएम स्पोर्ट्स एकेडमी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें जिसमे जनपद संभल के 10 खिलाड़ियों ने विभिन्न विधाओं में प्रतिभाग किया। जनपद के 10 में से 9 खिलाड़ियों ने 5 गोल्ड 3 सिल्वर और 1 ब्रोंज मेडल कुल 9 मेडल जीत जनपद का नाम रोशन किया। विकास खंड बहजोई से मिथलेश, चंचल व विकास खंड संभल से पलक मलिक ने जूडो में गोल्ड मेडल जबकि कुश्ती में आयुषी सागर व पलक मलिक ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त विकास खंड बहजोई से मोहिनी और लवी ने जूडो में सिल्वर मेडल, विकास खंड रजपुरा से अर्जुन ने कुश्ती में सिल्वर मेडल और विकास खंड संभल से फैजान ने 100 मीटर दौड़ में ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिंह सिद्धू ने बताया कि सीनियर व सब जूनियर बालक व बालिका वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 21 फरवरी से लखनऊ और 27 फरवरी से प्रयागराज में होना प्रस्तावित है। सीनियर वर्ग में लखनऊ में जनपद संभल से 9 खिलाड़ी व सब जूनियर वर्ग में जनपद से 16 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

---

# वाहन का इंतजार कर रहे युवक को ट्रक ने रौंदा, मौत

### भांजे के नामकरण में शामिल होकर परिवार के साथ लौट रहा था योगेंद्र

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

▸▸ संभल-गवां मार्ग पर हादसा पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से पकड़ा ट्रक, चालक फरार



**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में भांजे के नामकरण संस्कार में शामिल होने के बाद संभल-गवां मार्ग पर वाहन का इंतजार कर रहे युवक को अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रक लेकर भागने लगा तो पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से ट्रक पकड़ लिया। हालांकि चालक भाग गया।

थाना क्षेत्र के गांव सिंघौला चेत सिंह निवासी रामा देवी पत्नी नन्हें के बेटे के नामकरण संस्कार में शामिल होने के लिए बहजोई थाना क्षेत्र के गांव बिसारू निवासी योगेंद्र उर्फ योगेश (20वर्ष) पुत्र रामचंद्र परिवार के साथ बुधवार को आया था। रामा देवी योगेंद्र की बहन है। भांजे के नामकरण में शामिल होने के बाद गुरुवार दोपहर घर जाने को योगेंद्र परिवार के साथ सड़क किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार करने लगा। तभी अनूपशहर की तरफ से आए ट्रक ने योगेंद्र को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया। हादसे की सूचना पुलिस को मिली तो वह सक्रिय हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से ट्रक को गांव रझेड़ा सलेमपुर से चाचू नागल की मढ़ैया को जाने वाले रास्ते पर पकड़ लिया। हालांकि चालक भाग गया। योगेंद्र की मौत की खबर मिलने पर गांव सिंघौला चेत सिंह से भी लोग पहुंच गए और हंगामा करने लगे। पुलिस ने लोगों को समझाया। थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है।

---

# सांड के हमले में घायल वृद्ध की अलीगढ़ के अस्पताल में मौत

संवाददाता, संभल/गुन्नौर

**अमृत विचार :** गुन्नौर थाना क्षेत्र में आवारा सांड के हमले से घायल हुए वृद्ध की अलीगढ़ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी सोनपाल (75 वर्ष) पुत्र मेवाराम मंगलवार को सामान लेने गांव में ही एक दुकान पर जा रहे थे। रास्ते में सांड ने सोनपाल पर हमला कर दिया। हमले में घायल सोनपाल की हालत बिगड़ने लगी तो परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। हालत गंभीर देख चिकित्सक ने सोनपाल को अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान बुधवार रात सोनपाल की मौत हो गई। मामले में परिजनों ने पुलिस से कोई शिकायत नहीं की। बिना किसी कार्रवाई के परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं लोगों में छुट्टा घूम रहे पशुओं को लेकर रोष है। कोतवाली प्रभारी संजीव बालियान ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

#### अज्ञात वाहन की टक्कर से बंदर की मौत

**संभल, अमृत विचार** : नखासा थाना क्षेत्र के गांव कुरकावली के पास संभल हसनपुर मार्ग पर गुरुवार को अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे बंदर को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल से ड्यूटी कर घर जा रहे स्वास्थ्य कर्मी व ट्यूशन पढ़कर आ रहे गांव रिठाली से छात्रों ने मृत बंदर को दफनाने के लिए मकान से फावड़ा मांगकर जमीन में गड्ढा खोदा और कपड़े में लपेटकर बंदर को जमीन में दफना दिया।

---

## सार-संक्षेप

### एमएसपी पर कानून के लिए प्रधानमंत्री को देंगे मांग पत्र

**बहजोई, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक में एमएसपी पर गारंटी कानून बनाने को लेकर 16 फरवरी को होने वाले भारत बंद को सफल बनाने के लिए किसानों से जुटने का आह्वान किया। भारत बंद को सफल बनाने की बात कही। वहीं 19 फरवरी को प्रधानमंत्री को मांग पत्र दिए जाने का भी निर्णय लिया गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की आयोजित बैठक में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर सिंह यादव ने कहा कि किसान आंदोलन पंजाब से लेकर हरियाणा तक चल रहा है। किसान दिल्ली जाने को वह बेताब हैं। लेकिन केंद्र सरकार किसानों के रास्ते में कीलें डाल रही है, गोलियां दाग रही है। सरकार की इस हठधर्मिता से किसान रुकने वाला नहीं है वह दिल्ली जरूर जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन ने 16 फरवरी को भारत बंद करने का ऐलान किया है। इस आंदोलन की सफलता के लिए सभी किसान पूरी ताकत से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि 19 फरवरी को संभल दौरे पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किसानों के समर्थन में एक मांग पत्र देने का भी निर्णय लिया गया है। जिसमें प्रधानमंत्री से एमएससी पर किस की फसल खरीद को कानून बनाए जाने की मांग की जाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह, वीरेश कुमार, शिशुपाल सिंह, जिला महासचिव इंद्रपाल सिंह, दिनेश कुमार यादव, केपी राणा, दुर्गापाल कुशवाहा, रमाशंकर शर्मा हनुमान, पंकज यादव, शिवनारायण, भान सिंह आदि मौजूद रहे।

### ट्राली का टायर फटने से रेलवे क्रासिंग पर लगा जाम

**संभल/सिरसी, अमृत विचार** : सिरसी रेलवे क्रॉसिंग के पास मुरादाबाद मार्ग पर खाद से लदी ट्रैक्टर ट्राली का टायर फटने से जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक एक कर वाहनों को निकालकर जाम खुलवाया। हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में मुरादाबाद मार्ग पर चालक गुरुवार को ट्रैक्टर ट्रॉली में खाद लादकर संभल की ओर आ रहा था। चालक खाद से लदी ट्रैक्टर ट्राली लेकर जैसे ही सिरसी रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचा तो मार्ग पर बने गड्ढे में पहिया जाने से ट्रॉली का टायर फट गया। जिसकी वजह से ट्राली आगे नहीं बढ़ सकी और मार्ग पर दोनों ओर से आने जाने वाले वाहनों के पहिये थम गए। जिससे सड़क पर जाम लग गया। जाम लगने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों साइड के वाहनों को एक एक कर निकालकर जाम खुलवाया।

### गेट उखाड़ कर भूखंड पर कब्जा करने का लगाया आरोप

**संभल, अमृत विचार** : अमरोहा जिले में गजरौला निवासी अजयपाल सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। तहरीर देकर बताया कि कोतवाली क्षेत्र में प्रथमा बैंक यशोदा सिनेमा के पास भूखंड है। जिस पर अजयपाल सिंह का कब्जा है। आरोप है कि बुधवार की देर रात दो लोग अपने साथियों के साथ मिलकर भूखंड पर कब्जा करने की नीयत से लोहे का गेट उखाड़ कर ले गए। अजयपाल ने कार्रवाई करने की मांग की।

### देवर से उधार के रूपये मांगने पर मारपीट

**धनारी, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के सुलतानगढ निवासी महिला ने अपने देवर की शादी में नकदी व जेवर उधार दे दिए थे। लेकिन 6 माह बीत जाने बाद भी रुपए व जेवर नहीं दिया। मांगने पर मारपीट कर धमकी दी। पीड़ित महिला ने देवर के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानगढ व हाल निवासी इस्लामनगर जनपद बदायूं निवासी नेसहाना पत्नी बकलुददीन ने तहरीर देकर कहा कि देवर की शादी के समय देवर बकसुददीन को उधार 1 लाख 5 हजार रुपए और शादी में चढाने के लिये जेवर दिए थे। शादी के 6 महीने बाद अपनी जमीन व मकान बेचकर इस्लामनगर जनपद बदायूं चली गई थी। देवर से रुपए व जेवर का तगादा किया तो देवर बकसुददीन मारपीट पर उतारू हो गये।

### जातिसूचक शब्दों के साथ गाली गलौज व मारपीट का आरोप

**कैलादेवी, अमृत विचार** : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी प्रमोद गुरुवार को नलकूप पर पाइपलाइन लगाकर रास्ते की दूसरी ओर स्थित खेत में खड़ी गेंहू फसल की सिंचाई कर रहा था। गांव के ही अतुल व रमेश एक अन्य अपने साथी के साथ बाइक से आ रहे थे। अतुल व रमेश ने बिना रोके बाइक पाइपलाइन के ऊपर से निकाल दी। जिससे पाइपलाइन फट गई। विरोध करने पर अतुल व रमेश अपने साथी के साथ मिलकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज व मारपीट की। जिसके बाद प्रमोद थाने पहुंचा। तहरीर मिलने पर पुलिस ने अतुल, रमेश सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

---

# भाकियू के पदाधिकारियों को नजरबंद किए जाने पर आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के केंद्रीय कार्यालय मुबारकपुर में हुई बैठक में देशव्यापी किसान आंदोलन को लेकर नजरबंद किए गए पदाधिकारियों को रिहा नहीं करने पर महापंचायत में आगामी रणनीति बनाने का निर्णय लिया गया।

भाकियू असली की बैठक में वक्ताओं ने कहा कि देशव्यापी किसान आंदोलन को लेकर सरकार ने जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव और अन्य पदाधिकारियों को नजरबंद किया हुआ है। बैठक में निर्णय लिया कि तत्काल नजरबंद किए पदाधिकारियों की रिहाई नहीं हुई तो 17 फरवरी को भटोला में अंडरपास की मांग को लेकर चल रहे धरनास्थल पर महापंचायत में आगामी रणनीति की घोषणा की जाएगी। युवा प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ चौधरी ने कहा कि एसपी गारंटी कानून एवं संपूर्ण किसान कर्ज माफी आदि को लेकर आंदोलन को आरपार पर लड़ा जाएगा। इस दौरान ओमप्रकाश राणा, बाबूराम प्रजापति, नवाब सिंह, वीरेंद्र सिंह राघव, दिशांत चौधरी, दिलशाद हुसैन आदि रहे।

#### धरनास्थल पर 17 को होगी महापंचायत

**संभल अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 23वें दिन भी गांव भटौला में जारी रहा। किसानों ने अंडरपास निर्माण की मांग उठाई। कहा कि अंडरपास निर्माण शुरू होने तक आंदोलन जारी रहेगा। 17 फरवरी को महापंचायत में आंदोलन की रणनीति का ऐलान किया जाएगा। इस दौरान राहिद, दिलशाद हुसैन, गनपत, रामकिशन, कृपाली, सुरेश, सत्यप्रकाश, विनोद कुमार, श्योराज सिंह, अशोक कुमार आदि रहे।

---

## आपत्तिजनक पोस्ट के विरोध पर किया अपमानित

**बबराला, अमृत विचार** : सोशल मीडिया पर डॉ. भीमराव आंबेडकर पर आपत्तिजनक पोस्ट का विरोध करने पर दलित युवक को जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर गाली गलौज करने का मामला सामने आया है।

जनपद बदायूं के थाना इस्लामनगर क्षेत्र के निवासी वंशीधर ने गुन्नौर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि इंस्टाग्राम पर उसके समाज और बाबा साहेब को लेकर एक पोस्ट वायरल हो रही थी।

पोस्ट का विरोध करते हुए संबंधित व्यक्ति को ऐसा न करने का मैसेज किया तो उसने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां लिखीं। आरोप लगाया कि व्यक्ति इंस्टाग्राम पर आडियो व वीडियो कॉल पर अकसर गाली गलौज करता है। कोतवाल संजीव बालियान का कहना है कि उन्हें ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं है।

---

# रोजगार मेले में 143 युवाओं को मिली नौकरी

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :**

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय संभल के संयुक्त तत्वावधान से डीडीयू जीकेवाई योजना के तहत जुनावई ब्लॉक के जनता इंटर कॉलेज में लगे रोजगार मेले में 143 युवाओं का चयन नौकरी के लिए हुआ।

रोजगार मेले में एसआईएस सिक्योरिटी देहरादून, फैशन स्क्वायर, नोएडा, हिमवेन ट्रेडर्स गाजियाबाद, पेडगेट इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड, राजकोष कंस्ट्रक्शन दिल्ली, बीआरएसटी मैप सर्विस प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली, पुखराज हेल्थ केयर, डीवीजी टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बालाजी मैनपॉवर फरीदाबाद, किक इन्जीनियर्स सॉल्यूशन फरीदाबाद आदि कंपनियों ने हिस्सा लिया। कंपनियों के अधिकारियों ने उपस्थित हुए 221 में से साक्षात्कार लेकर 143 युवाओं का चयन किया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य मधुप कुमार आर्य ने चयनित युवाओं को बधाई दी। उन्हें नियुक्ति पत्र बांटकर मनोबल बढ़ाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई से डॉ. चंद्रकेश, मनुस्वेता द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। इस दौरान राजकीय आईटीआई संभल के नोडल प्रधानाचार्य राहुल कृष्ण शर्मा, पवन सिंह भदौरिया, अनुज वर्मा, जयप्रकाश जाखड़, चरन सिंह, ब्रजेश कुमार, मोनू वार्ष्णेय आदि रहे। संचालन भोजराज सिंह ने किया।



नौकरी के चयन का प्रमाणपत्र लिए अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

---

**अभियान** | भाजपा की कार्यशाला को जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने किया संबोधित

# लाभार्थी संपर्क अभियान में मंडल अध्यक्षों की अहम भूमिका

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भाजपा की कार्यशाला में लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं को विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, लोकसभा चुनाव में पूरी मेहनत से जुटने का आह्वान किया गया।

भाजपा जिला कार्यालय पर हुई कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि लाभार्थियों का डाटा हमारे पास है। सरल एप पर फोटो अपलोड करने हैं। पार्टी द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल करानी है। कार्यकर्ता लाभार्थियों तक पहुंचकर लोकसभा चुनाव तक कड़ी मेहनत कर लोकसभा जिताने में पूर्ण योगदान देंगे। अभियान संयोजक कमल कुमार कमल ने संपर्क अभियान से विस्तार से जानकारी दी। कहा कि अभियान में आईटी सेल ओर सोशल मीडिया का विशेष योगदान रहेगा। प्रत्येक लाभार्थी का स्टीकर लगाया जाएगा। जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने कहा मंडल अध्यक्षों की लाभार्थी संपर्क अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

बूथ के कार्यकर्ता एवं कार्यालय द्वारा लगाए गए पदाधिकारी अभियान में सूची के हिसाब से सभी लाभार्थियों तक पहुंचकर संपर्क करेंगे। कहा कि हमें 9638002024 नंबर पर मिस्ड कॉल करानी है। कार्यकर्ता और पदाधिकारी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अभियान को सफल बनाने में मेहनत से कार्य करें। लोकसभा प्रभारी राकेश सिंह ने कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान हमारी पार्टी का एक महत्वपूर्ण अभियान है। आज जनता को सरकार द्वारा दी गई योजनाओं के बारे में बताने का समय आ गया है।

कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.अनामिका यादव, ओमवीर खड़गवंशी, सुरेश सैनी, भुवनेश राघव, अंजू चौधरी, पंकज गुप्ता, साध्वी गीता प्रधान, चंद्रसेन राणा, प्रभात शर्मा, राखी सिरोही, संध्या गर्ग, बबीता शर्मा, इंदु रानी दिवाकर, ऋषिपाल सिंह, कमल प्रजापति, निधि शर्मा, देवेंद्र सिंह, जयप्रकाश गुप्ता, योगेंद्र त्यागी, विपिन गुप्ता, सतीश अरोरा, मनोज कठेरिया, मुकुल रस्तोगी, दानिश अली, चरन सिंह, मुकेश शर्मा, अशोक ठाकुर, मंडल अध्यक्ष व प्रभारी रहे। संचालन जिला महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि ने किया।




बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

---

## हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर मारपीट, सगी दो बहनें घायल

**धनारी, अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र के गढ़ी बिचौला गांव में सरकारी हैंडपंप से पानी भरने को लेकर हुए विवाद के बाद जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दो सगी बहनें घायल हो गईं।

गढ़ी बिचौला गांव की रहने वाली प्यार बानो पुत्री अली मोहम्मद गुरुवार की सुबह अपने घर के पास लगे सरकारी हैंडपंप पर पानी भर रही थी। गांव के ही तीन लोग वहां आकर प्यार बानो से विवाद करने लगे। इन लोगों ने गाली देना शुरु किया तो प्यार बानो गाली गलौज करने का विरोध किया। इसी को लेकर बात बढ़ी तो आरोपियों ने प्यार बानो की पिटाई शुरु कर दी। शोर सुनकर प्यार बानो की छोटी बहन परवीन बचाने के लिए पहुंची तो आरोपियों ने उसकी भी पिटाई कर दी। मारपीट में दोनों बहनें घायल हो गईं। इस मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी गई है।

---

# आरपीएफ ने छात्र छात्राओं को दी रेलवे के नियमों की जानकारी

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार :** रेलवे सुरक्षा बल ने रेल यात्रियों और आम लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। स्कूल के बच्चों को ट्रेन पर पत्थरबाजी न करने के लिए चेताया और रेलवे के नियमों की जानकारी दी।

रामा कान्वेंट स्कूल में छात्र छात्राओं को रेल सुरक्षा के मद्देनजर जागरूक करते हुए आरपीएफ पोस्ट प्रभारी एसआई बीके मीना ने कहा कि यात्रा के दौरान महिला व पुरुष यात्रियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से बातों पर ध्यान रखना चाहिए। जिसमें रेलवे ट्रैक पार नहीं करने, ट्रेन के दरवाजे पर खड़े होकर मोबाइल से बात नहीं करने, बंद रेलवे फाटक को पार नहीं करने, पुरुष यात्रियों को महिला बोगी में सफर नहीं करने की जानकारी दी। कहा कि महिलाओं को सफर के दौरान अगर कोई परेशानी हो तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 139 पर काल करके सूचना दी जाए। आरपीएफ तुरंत मदद के लिए स्टेशन पर तैयार रहेगी। उन्होंने चलती ट्रेन पर पत्थरबाजी नहीं करने, चेन पुलिंग नहीं करने को भी कहा। अभियान में रामा कान्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या सुधा गौतम ने भी बच्चों को जागरूक किया। जन जागरूकता टीम में एएसआई विजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद जोशी, कांस्टेबल नीरज कुमार आदि रहे।



बबराला में बच्चों को जानकारी देते आरपीएफ के जवान। ● अमृत विचार

▸▸ रामा कान्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या सुधा गौतम ने भी बच्चों को जागरूक किया

▸▸ रेलवे ट्रैक पार नहीं करने, ट्रेन के दरवाजे पर खड़े होकर मोबाइल से बात नहीं करने की जानकारी दी

## एक नजर

### उदित चौधरी ने उत्तीर्ण की जेईई मेन्स की परीक्षा



**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला रतन निवासी उदित चौधरी ने 99 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त जेईई मेन्स की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उदित की सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों को बधाई देने के लिए नाते रिश्तेदारों का सिलसिला जारी है। मोहल्ला रतन निवासी उदित चौधरी ने कोटा में कोचिंग कर सफलता प्राप्त की। वहीं अब वह सेल्फ स्टडी कर रहे हैं। उदित के पिता जितेंद्र चौधरी साबुन बनाने का कारोबार करते हैं। माता रिचा वार्ष्णेय ग्रहणी हैं। उदित ने 2022 में इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया था।

### तीन किलो डोडा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन किलो डोडा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी वीरेंद्र मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेजा गया है।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

## परिजनों ने जिला अस्पताल में किया हंगामा, डॉक्टरों ने इमरजेंसी कक्ष का बंद किया दरवाजा

कार्यालय संवाददाता, संभल



जिला अस्पताल में हंगामे के बाद लोगों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर देहपा पुलिस चौकी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार हलवाई की मौत हो गई। जिला अस्पताल में परिजनों ने जमकर हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख डॉक्टरों ने इमरजेंसी कक्ष का दरवाजा बंद कर लिया। पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाया।

गांव अल्लीपुर निवासी दिनेश 35 वर्ष गुरुवार की देर शाम छह बजे नखासा थाना क्षेत्र के गांव सिंहपुरसानी में स्थित हलवाई की दुकान पर काम करने के बाद घर जा रहा था। बाइक लेकर जैसे ही दिनेश नखासा थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी देहपा के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दिनेश सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर

▸▸ संभल हसनपुर मार्ग पर देहपा पुलिस चौकी के पास हादसा

पहुंची और घायल दिनेश को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने दिनेश को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन जिला अस्पताल आ गए।

### लापरवाही का आरोप लगाकर किया हंगामा

**संभल, अमृत विचार :** जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों ने मोर्चरी का ताला खोलने की मांग करते हुए डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा करने लगे। बुरा भला कहते हुए पुलिस पर दिनेश के जिंदा होने की झूठी सूचना का आरोप लगाया। डॉक्टरों ने ताला नहीं खोला तो एक युवती पत्थर लेकर मोर्चरी का ताला तोड़ने की कोशिश करने लगी। अन्य परिजनों ने पत्थर हाथ से छीनकर युवती से अलग किया। डॉक्टरों पर इलाज नहीं करने का आरोप लगाते हुए परिजन जिला अस्पताल में डॉक्टर की तलाश करने लगे।

## रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला युवक का शव

**बहजोई, अमृत विचार:** पत्नी से विवाद के बाद युवक का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव की शिनाख्त की। पुलिस पत्नी से विवाद के बाद युवक द्वारा आत्महत्या की बात कह रही है।

बहजोई के गांव बबनेटा रेलवे ट्रैक पर युवक का शव पड़ा हुआ था। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने जब उसे देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। युवक की जेब से आधार कार्ड मिलने के बाद युवक की शिनाख्त मोहित शर्मा पुत्र होती लाल गांव रमपुरा निवासी के रूप में हुई। सूचना पाकर मृतक युवक का भाई अनूप शर्मा भी मौके पर पहुंच गया। उसने पुलिस को बताया कि घर से किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया था। सुबह के समय वह घर से निकल आया था। अब सूचना मिली है कि उसकी ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई है। कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि प्रथम दृष्टा जांच में सामने आया है कि पत्नी से विवाद के बाद युवक ने आत्महत्या की है।

## सार-संक्षेप

### रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय में मिला युवक का शव

**बहजोई, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची जीआरपी ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बहजोई रेलवे स्टेशन पर अलीगढ़ बरेली पैसेंजर के लिए यात्री प्रतीक्षा कर रहे थे। वहां से ट्रेन गुजरने के बाद रेलवे कर्मचारियों ने एक युवक का शव यात्री प्रतीक्षालय में पड़ा देखा। जिसको लेकर उनमें हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। रेलवे कर्मियों ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर मेगराज सिंह को दी। सूचना पर स्टेशन मास्टर मौके पर पहुंचे उन्होंने युवक का शव देखने के बाद स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची जीआरपी ने युवक के शव की शिनाख्त करने की कोशिश की। लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। इसके बाद जीआरपी पुलिस ने युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्टेशन मास्टर मेगराज ने बताया कि पैसेंजर ट्रेन गुजरने के बाद रेलवे कर्मियों ने शव देखा। अब यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाया कि युवक की मौत कैसे हुई।



विद्यालय में बच्चों की आंखों की जांच करते चिकित्सक डॉ. एमपी सिंह।

### 140 बच्चों की आंखों की जांच कर चश्मा बनवाया

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला खतियान स्थित सरोजिनी नायडू जूनियर हाईस्कूल में गुरुवार को नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। संयुक्त चिकित्सालय से आए डॉ. एमपी सिंह के द्वारा बच्चों की आंखों की जांच की गई। जिन बच्चों की आंखों में परेशानी थी। उनको संयुक्त चिकित्सालय में चश्मा बनवाया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। इसी उद्देश्य से बच्चों की सर्वांगीण विकास हेतु उनका स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। नेत्र शिविर में कक्षा 1 से 8 तक के 140 बच्चों और 20 अभिभावकों की आंखों की जांच की गई। डॉ. एमपी सिंह ने जांच करते हुए कहा कि जिन बच्चों को परेशानी है उन्हें निशुल्क दवाई एवं निशुल्क चश्मे की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर आयुषी गुप्ता, वीनू शर्मा, अभिषेक कुमार गुप्ता एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### कान्हा की बाल लीलाओं को सुन कर श्रद्धालु मंत्र-मुग्ध

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गीता सत्संग भवन में श्रीमद्भागव कथा के पंचम दिवस पर गुरुवार को कान्हा की बाल लीलाओं का बखान किया गया। बाल लीलाओं को सुन कर श्रद्धालु मंत्र-मुग्ध हो गए और इस दौरान आयोजित भजनों पर झूम उठे। जयकारे भी गूंजते रहे। वृंदावन से आए कथा वाचक वीरेश अग्निहोत्री रामायणी ने सर्वप्रथम नंदोत्सव मनाते हुए भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी, पूतना वध, ऊखल बंधन, गोवर्धन धारण आदि बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। लीलाओं के वर्णन के दौरान भजनों को सुन कर श्रद्धालु अपने स्थान पर खड़े होकर नृत्य करने को मजबूर हो गए। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर ओम प्रकाश गोगी, लव कुश अग्रवाल, संतोष जैन, रमेश अधीर, विपिन चीनी, रामकृष्ण अग्रवाल, प्रभात, प्रदीप, नीलम, नीता, अंजू, मोनिशा, मुक्ता, राधिका, स्वाती, सपना समेत तमाम महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। मुख्य यजमान प्रमोद अग्रवाल रहे।



कथा वाचक वीरेश अग्निहोत्री रामायणी।

### वाहन खड़ा करने का विरोध करने पर दे रहे धमकी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** घर के बाहर सड़क पर वाहन खड़ा करने का विरोध करने पर आरोपियों ने युवक को जान से मारने की धमकी है। जिससे युवक व उसका परिवार डरा हुआ है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के इंद्रा कॉलोनी निवासी वीरभान ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि उनकी कॉलोनी में एक परिवार के लोग घर के बाहर सड़क पर अपने वाहन खड़ा करके रात को सो जाते हैं। जिससे रात के समय आने-जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि वह होटल संचालक है, जिससे वह देर रात घर पहुंचता है। मगर सड़क पर वाहन खड़े होने से परेशानी होती है। कुछ दिन पहले उसने परिवार के लोगों से घर के बाहर रात के समय वाहन खड़ा करने का विरोध किया, तो आरोपी गाली-गलौज व मारपीट करने पर अमादा हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाकर रास्ता साफ करा दिया। तभी से आरोपी उससे रंजिश मानते हैं।

### मारपीट में दो घायल, महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव सैजनी में दो पक्षों में मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के दो युवक घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष की महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। घटना के बाद एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे। जहां एक-दूसरे के विरुद्ध तहरीर दिए जाने की तैयारी चल रही थी। गांव सैजनी निवासी अजय पुत्र चंद्रपाल ने बताया कि गुरुवार की शाम पड़ोसी युवक उसके घर आया और उसे बुलाकर घर के पास गली में ले गया। जहां उसके साथ जमकर मारपीट की। चीख-पुकार की आवाज सुनकर अजय के परिजन पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की। मारपीट की घटना में अजय व उसके चाचा अनिल घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष की महिला ने पहले पक्ष पर घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। घटना का कारण एक माह पहले हुआ विवाद बताया जा रहा है। आरोप है कि एक माह पहले अजय के फूफा रामसेवक के पूलों में दूसरे पक्ष ने आग लगा दी। उस समय अजय के परिवार ने अपने फूफा का साथ दिया। उस समय दोनों पक्षों में समझौता भी करा दिया गया। तभी दूसरा पक्ष अजय के परिवार से रंजिश मानता आ रहा है।

# चूल्हे की चिंगारी से लगी आग हजारों का सामान जल गया

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में खाना बनाते समय चूल्हे की चिंगारी से घर में आग लग गई। जिसमें हजारों रुपये का घरेलू सामान जल गया। लोगों ने पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया।

थाना क्षेत्र के गांव ओबरी निवासी मोहम्मद वसीम का घर गांव के बाहरी छोर पर है। वह घर में ही परचून का सामान बेचकर गुजर बसर करता है। गुरुवार को शाम मोहम्मद वसीम की पत्नी रेहाना खातून घर में टीनशेड के नीचे चूल्हे पर खाना बना रही थी। तभी रेहाना खातून ग्राहक को सामान देने चली गई। इस बीच चूल्हे से निकली चिंगारी ने पास में रखे कबाड़ को चपेट में ले लिया। आग फैलने



संभल के ओबरी गांव में आग बुझाते किशोर। ● अमृत विचार

पर टीन शेड के नीचे रखे बर्तन, कपड़े, साइकिल, लकड़ी काटने की मशीन, लकड़ी, उपले आदि जल गए। हालांकि आनन-फानन में वहां बंधे बकरी और बकरों को बाहर निकाल लिया गया। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोगों और किशोरों ने पानी डालकर आग बुझाई।

## संभल सर्किल और चन्दौसी विद्युत वितरण खंड की प्रथम रैंक

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बिजली विभाग में संभल सर्किल ने पूरे उत्तर प्रदेश में पांचों कंपनियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि पश्चिमांचल कंपनी में विद्युत वितरण खंड चन्दौसी ने प्रथम रैंक जनवरी माह में प्राप्त की है। जिससे विद्युत विभाग के सभी कर्मचारियों में खुशी का माहौल है।

विद्युत बिल वसूली, गलत बिल सही करना, विद्युत चोरी शून्य, बिजली की सप्लाई व्यवस्था को सुदृढ करने को लेकर जनपद संभल सर्किल शीर्ष पर रहा है। विद्युत वितरण खंड के एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सप्लाई देने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिससे उपभोक्ताओं का आगामी गर्मी के मौसम में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# एक सप्ताह बाद शुरू होगा ओवरब्रिज निर्माण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होने वाला है। दो दिन से सेतु निगम के अफसर डाले हुए हैं। बुधवार व गुरुवार को सेतु निगम के कर्मचारियों ने रेलवे फाटक के दोनों ओर मार्ग पर ओवरब्रिज की चौड़ाई नापी और चिन्ह लगाने का कार्य किया।

बताते हैं कि मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का मांग दशकों पुरानी है। युवा सहित व्यापारियों ने ओवरब्रिज बनाने की मांग को लेकर कई आंदोलन किए हैं। एक वर्ष पहले प्रदेश सरकार ने रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का रास्ता साफ कर दिया। मगर रेलवे में मामला अटका होने से निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। जबकि सरकार ने सेतु निगम के लिए ओवरब्रिज निर्माण को दो किश्तें भी जारी कर दीं। जिसमें पहली किश्त 9.67 करोड़ व



मंडी समिति रेलवे फाटक से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

▸▸ दो दिन से शहर में मौजूद है सेतु निगम की टीम

▸▸ शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा निर्माण कार्य

दूसरी किश्त 13 करोड़ की शामिल थी। रेलवे के बड़ौदा हाउस कार्यालय में फाइल लटकी होने से निर्माण शुरू नहीं हो सका। तीन दिन पहले मुख्यमंत्री संभल के ऐचोड़ा कंबोह में आए थे। तभी भाजपा नेता सतीश अरोरा ने मुख्यमंत्री से ओवरब्रिज को लेकर वार्ता की। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख सचिव को अवगत कराया। इसके बाद बुधवार को सेतु निगम की टीम चन्दौसी पहुंच गई। सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर शशिकांत व ओवरब्रिज बनाने वाली फर्म अनिल ब्रदर्स के मालिक अनिल गुप्ता शामिल थे। बताया कि एक सप्ताह के बाद ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जो अड़चन आ रही थी, उसे दूर कर दिया गया।

# ट्रक और डंपर की भिड़ंत में चालक घायल

संवाददाता, संभल/सौंधन



संभल में गवां मार्ग पर आपस में भिड़े ट्रक व डंपर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल आदमपुर मार्ग पर डंपर व गन्ने की खोई से लदे ट्रक की आमने सामने से टक्कर हो गई। हादसे में डंपर चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। हालत गंभीर होने पर चालक को संभल के निजी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी चालक मोहम्मद जैद गुरुवार को खाली डंपर लेकर अमरोहा जिले के गांव रानीवाला के जंगल से मिट्टी लेने जा रहा था। कैलादेवी थाना क्षेत्र में संभल आदमपुर मार्ग पर गांव अमावती के पास गन्ने से लदे खोई के ट्रक ने डंपर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक मौके पर छोड़कर भाग गया। आसपास के लोगों ने डंपर में फंसे घायल हुए मोहम्मद जैद को बाहर निकाला। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने मोहम्मद जैद को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में चाचा भतीजा घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर हुई बाइकों की भिड़ंत में चाचा भतीजा घायल हो गया। घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। नखासा थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर निवासी आसिफ गुरुवार को बाइक पर सवार होकर अपने चाचा वाहिद के साथ संभल से घर जा रहा था। आसिफ बाइक लेकर जैसे ही संभल हसनपुर मार्ग पर गांव बादल गुबंद के पास पहुंचा। सामने से आ रही बाइक ने आसिफ की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे आसिफ व वाहिद घायल हो गए। मामूली घायल दूसरा चालक अपनी बाइक लेकर भाग गया।

### स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार घायल

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली में लग रहे बूढ़े बाबा का मेला देखने आ रहा अमरोहा जिले के गांव इंकौदा निवासी व्यक्ति स्कूली बस की टक्कर से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

अमरोहा जिले के गांव इंकौदा निवासी मोनू गुरुवार की सुबह आठ बजे बाइक पर सवार होकर बूढ़े बाबा का मेला देखने असमोली आ रहा था। ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव गोंजनी से होते हुए मोनू बाइक लेकर जैसे ही असमोली थाना क्षेत्र के गांव भूड़ा बेगमपुर के पास पहुंचा। सामने से आ रही स्कूली बस ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें मोनू गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं टक्कर मारने के बाद चालक स्कूली बस लेकर भाग गया।

# महिला पर गाली-गलौच व अभद्रता करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ आरोपी महिला भी कोतवाली पहुंची, मिलक मौलागढ़ का मामला

**अमृत विचार:** मिलक के मिलन विहार में कुछ दिन पहले एक महिला ने मोहल्ले की कई महिलाओं के विरुद्ध गाली-गलौज व अन्य आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। वहीं उन महिलाओं ने भी उक्त महिला पर कई आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। गुरुवार को पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाया और वार्ता कराई।

मिलन विहार कॉलोनी की महिलाएं मंजू सैनी पत्नी बाबूराम, मीरा पत्नी महेश सैनी, लता पत्नी कलुआ सैनी ने बताया कि उनकी कॉलोनी में एक महिला रहती है। जिसका पति दिल्ली में दर्जी का कार्य करता है।

वह महिला आए दिन कॉलोनी की महिला व बच्चों के साथ गाली-गलौज करती रहती है। परिवारों के लिए बुरा-भला कहती है और अपने बच्चों से फोन करा कर पुलिस बुला लेती है। जबकि पुलिस भी महिला की ही बात सुनती है और दूसरे पक्ष की बात नहीं सुनती है।

महिला ने उनके विरुद्ध मुख्यमंत्री पोर्टल, महिला आयोग तक में झूठी छेड़छाड़ की शिकायत की है। जबकि कॉलोनी की अन्य महिलाएं भी उक्त महिला के विरुद्ध कई बार तहरीर दे चुकी हैं। मगर उनकी तहरीर पर कार्रवाई नहीं हुई।

गुरुवार को कोतवाली में महिला हेल्प लाइन ने दोनों पक्षों को बुलाया और उनकी बात सुनी। फिलहाल दोनों पक्षों से शांति बनाने रखने की बात कही गई है।



प्रोसेसिंग प्लांट पर अधिकारियों से जानकारी करते अखिलेश कुमार खिलाड़ी।

# पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल में नगर पालिका परिषद की भूमि पर म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट 50 टीपीडी का पालिकाध्यक्ष के पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने पालिका कर्मचारियों के साथ निरीक्षण किया। जिसमें कार्य स्थल पर कार्यदायी संस्था द्वारा संपादित कूड़ा निस्तारण कार्य में कई खामियां पाई गईं। कार्यदायी संस्था के जेई

▸▸ निरीक्षण में मिली खामियां, कार्य रोकने के दिए निर्देश

अर्जुन सिंह से खामियों के विषय में जानकारी ली गई तो वह कोई जवाब नहीं दे सके। जिस पर अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने नाराजगी व्यक्त की। कार्यवाहक ईओ केके अग्रवाल द्वारा कार्यदायी संस्था को तत्काल प्रभाव से कार्य रोकने के निर्देश दिए। अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने कहा कि नगर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को पालिका द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**लापरवाही** छह माह पहले ही बनाई गई थी सड़क, फुटपाथ धंसने से पलट जाते हैं वाहन

# गोशाला रोड पर एक ओर धंसा फुटपाथ, हादसे का खतरा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** गोशाला रोड पर छह माह पहले सड़क का निर्माण कराया गया था। निर्माण के दौरान एक ओर फुटपाथ धंस गया। जिससे सड़क व फुटपाथ के बीच एक फिट का फसला बन गया है। अक्सर बाइक व ई-रिक्शा सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में धंसे फुटपाथ पर पलट जाते हैं। जिससे अब तक कई लोग घायल हो चुके हैं। लोगों ने समस्या के समाधान की मांग की है।

गोशाला रोड पर गांव मिलक के सामने 50 मीटर सड़क के एक साइड पर सड़क ऊंची है लेकिन फुटपाथ धंसा हुआ है। जिससे सड़क व फुटपाथ की ऊंचाई समान नहीं है।

आए दिन सामने से आ रहे वाहनों को बचाने व ओवरटेक करते समय वाहन का पहिया सड़क व फुटपाथ ऊंची-नीची होने से वाहन पलट जाता है।

रोजाना दो - चार हादसे होना आम बात हो गई है। रात के समय वाहन के हैड लाइट से सड़क किनारे धंसा फुटपाथ नजर नहीं आता।

आसपास के लोग कई बार संबंधित अधिकारी से शिकायत कर चुके हैं। मगर समस्या का समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।



सड़क किनारे धंसी फुटपाथ के पास से गुजरते स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

> मामला संज्ञान नहीं आया था और न ही किसी ने इस संदर्भ में कोई शिकायत की थी। अब जानकारी हुई है तो शुक्रवार को ही कर्मचारियों से मौका मुआयना करा कर समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।
> **-केके अग्रवाल,** कार्यवाहक ईओ



> गोशाला रोड पर हमारा मेडिकल स्टोर है। अक्सर सड़क व फुटपाथ के बीच फासला होने से आए दिन हादसे होते रहे हैं। जिसमें कई घायल दवा व पट्टी लेकर मेडिकल स्टोर पर पहुंचते हैं। **-दीपक शर्मा,** गोशाला रोड



> हमारा टेक्सेशन ऑफिस गोशाला रोड पर गांव मिलक में है। ऑफिस के सामने सड़क व फुटपाथ ऊंची-नीची है। जिससे अक्सर हादसे होते रहते हैं। मगर उसे ठीक नहीं कराया जा रहा है।
> **-वैभव पोरवाल,** गोशाला रोड

# महिला बोली- पति ने जहर खिला दिया है, मुझे बचा लो

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ई रिक्शा पर सवार होकर पहुंची महिला ने जो कहा उसे सुनकर डॉक्टर व अस्पताल कर्मियों में हड़कंप मच गया। महिला बोली.. डाक्टर साहब मुझे बचा लो, मेरे पति ने मुझे जहर खिला दिया है। यह बात सुनते ही अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य कर्मचारियों के हाथ पांव फूल गए। महिला को उपचार के लिए भर्ती किया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बहजोई के बबराला मार्ग निवासी महिला गुलिस्ता पत्नी अनवर गुरुवार को ई रिक्शा में सवार होकर बहजोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के दरवाजे पर पहुंची। वहां से वह चीखने लगी कि मेरे पति ने मुझे जहर खिला कर मारने करने की

**गुहार**

▸▸ ई रिक्शा से सरकारी अस्पताल पहुंची महिला ने उपचार के लिए लगाई गुहार

कोशिश की है। मुझे कैसे भी करके बचा लो। यह बात सुनकर स्वास्थ्य कर्मियों में हड़कम मच गया।

उन्होंने महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर बताते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला से पूछताछ की। वहां भी महिला ने पति द्वारा जहर खिलाए जाने की बात कही। पुलिस ने दावा किया है कि जैसे ही महिला की ओर से शिकायती पत्र मिलेगा उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल महिला को जिला अस्पताल भेजा गया है।

असूयैक पदं मृत्युरतिवाद : श्रियो वध : ।
अशुश्रूषा त्वरा श्लाघा विद्याया : शत्रवस्त्रय : ॥

गुणों में दोष देखना एकदम मृत्यु के समान है। कठोर बोलना या निंदा करना लक्ष्मी का वध है। सुनने की इच्छा का अभाव या सेवा का अभाव,उतावलापन और आत्मप्रशंसा-ये तीन विद्या के शत्रु हैं ।

## संपादकीय

# समुद्री सीमा सुरक्षा

बीते महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वहां गए थे जिसकी तस्वीरें दुनियाभर में प्रसारित हुईं। इसके बाद से मालदीव बौखला गया था और वहां से भारत विरोधी सुर फूटने लगे। वहां के नेताओं ने न सिर्फ भारतीय प्रधानमंत्री मोदी का मजाक उड़ाया था, बल्कि भारत से अपने देश में तैनात सैनिकों को वापस बुलाने तक को कह दिया था। इसके लिए उसने 15 मार्च तक का समय दिया है। भारतीय सेना मालदीव से कब वापस आती है यह तो भविष्य में पता चलेगा, लेकिन उससे पहले भारत समुद्र में चौकसी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। मार्च माह की शुरुआत में सरकार लक्षद्वीप के मिनिकॉय आइलैंड पर नौसैनिक बेस बनाने जा रही है, साथ ही अगाती आइलैंड और कवरत्ती में भी एयरबेस बनेगा जिससे मालदीव और चीन की हरकतों पर नजर रखने में आसानी होगी। मिनिकॉय में बनने वाले आईएनएस जटायु नौसैनिक बेस से मालदीव की दूरी मात्र 524 किलोमीटर है। इतना ही नहीं भारत अगाती आइलैंड पर मौजूद एयरस्ट्रिप को अपग्रेड करने जा रहा है। ताकि उसका इस्तेमाल फाइटर जेट्स और भारी विमानों के संचालन के लिए किया जा सके। गौरतलब है कि लक्षद्वीप, मिनिकॉय द्वीप और अंडमान निकोबार द्वीप समूह की भौगोलिक स्थिति हिंद महासागर पर नजर रखने के लिए काफी अहम है। इस इलाके में चीन की बढ़ती गतिविधियों और समुद्री रास्तों को सुरक्षित करने के लिहाज से ये नौसैनिक अड्डा काफी अहम होगा।

लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप नौ डिग्री चैनल पर स्थित हैं, जहां से होकर दक्षिण-पूर्वी एशिया और उत्तरी एशिया के बीच अरबों रुपये का आयात-निर्यात होता है। इस अड्डे से व्यापारिक सुरक्षा भी बढ़ेगी। इसे ऐसे समझा जा सकता है यदि किसी जहाज को सुंदा और लोंबक की खाड़ी की तरफ जाना है तो उसे दस डिग्री चैनल यानी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास से गुजरना होगा। ऐसे में दोनों जगहों पर मजबूत सुरक्षा और निगरानी दस्ता होना चाहिए, जो जरूरत पड़ने पर दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दे सके। साथ ही आसपास के इलाके में शांति बनी रहे। लक्षद्वीप में नौसेना बेसकैंप बनने से सुरक्षा में बढ़ोतरी हो सकेगी। हाल ही में सरकार ने अंडमान और निकोबार आइलैंड के कैंपबेल खाड़ी में नई फैसिलिटी बनाई हैं। इस फैसिलिटी का इस्तेमाल सेना बखूवी कर रही है। पूर्व में अंडमान और पश्चिम में लक्षद्वीप पर मजबूत तैनाती से भारत की समुद्री सीमा सुरक्षित रहेगी। दोनों द्वीप समूहों पर पर्यटन भी बढ़ेगा और लोग यहां घूमते समय सुरक्षित महसूस करेंगे।

# कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है बड़े नेताओं का पलायन



सुशील दीक्षित विचित्र
शाहजहांपुर

अब तो धीरे-धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई।

अपनी महत्वाकांक्षी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी भारत जोड़ पाए यह तो पता नहीं, लेकिन इस दौरान कांग्रेस छोड़कर जाने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। ऐसे हर नेता का एक ही आरोप है कि उनकी उपेक्षा की जा रही थी। पार्टी छोड़ने वालों में कई तो ऐसे नेता हैं जिनकी कांग्रेस में काम करते उमर बीत गई। वे पार्टी के आधार स्तंभों में तो रहे ही संकट के दौर में भी अपनी पूरी जिंदगी पार्टी को सजाने संवारने में लगा दी। आश्चर्यजनक यह है कि पायेदार नेताओं द्वारा एक के बाद एक कर पार्टी छोड़ने से कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चिंतित होने की जगह जाने वालों की आलोचना कर रहा है। जबकि इसका पार्टी की साख पर गलत असर पड़ रहा है जिसका खामियाजा पहले भी पार्टी ने जनाधार का एक बड़ा हिस्सा खोकर भुगता है और लगता है वह आगे भी कोई सीख लेने को तैयार नहीं है।

अब तो धीरे-धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई। मध्य प्रदेश में जब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस छोड़ी तब भी उनके प्रभाव को पार्टी ने नकार दिया था, लेकिन पिछले विधानसभा में सिंधिया का ऐसा असर पड़ा कि पार्टी चुनाव हार ही नहीं गई, बल्कि उसका जनाधार और अधिक सिमट गया। ऐसे नेताओं की लंबी सूची है जिन्होंने पार्टी छोड़ी और कांग्रेस को भारी क्षति हुई। इनमें से कई नेता तो ऐसे थे, जो राहुल गांधी के इतना करीबी थे कि राहुल की टीम का हिस्सा माने जाते थे।

राहुल गांधी प्रायः मोहब्बत की दुकान चलाने का दावा करते रहते हैं। दावा कितना सच है इस पर सबकी अपनी अपनी राय हो सकती हैं, लेकिन अभी तक जितने नेताओं ने पार्टी छोड़ी उन सबका एक ही आरोप था कि हाईकमान उनकी उपेक्षा करता है। अभी हाल में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समर्थन के आरोप में निकाले गए। पुराने कांग्रेसी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम का कहना है कि वे एक साल से राहुल गांधी से मिलने का समय मांग रहे थे। राजनीति के लिए अपनी पार्टी के नेताओं से मिलते रहना आवश्यक होता है। जरूरत तो कार्यकर्ता तक पहुंच बनाने की भी होती है। कभी 23 जी के नाम से मशहूर रहे कांग्रेस के पुराने नेताओं ने पार्टी को पत्र लिखकर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की सलाह दी थी। कांग्रेस की जैसी स्थिति है उन हालातों में यह सलाह बहुत माकूल थी। इसका सकारात्मक जबाब होना चाहिए था अलबत्ता ऐसा हुआ नहीं। इन नेताओं को भाजपा का एजेंट बताया गया और पत्र डस्टबिन में फेंक दिया गया। इसके बाद गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल ने कांग्रेस छोड़ दी। गुलाम नबी आजाद कश्मीर के बड़े नेता हैं। उनके पार्टी छोड़ने से कश्मीर में कांग्रेस कमजोर हुई।

पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनको मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है,जो लगातार बिखर रहा है।

पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है,जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनको मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है,जो लगातार बिखर रहा है।

जैसी कहानी महाराष्ट्र की है वह कमोबेश पूरे भारत की है। जब भारत जोड़ो यात्रा का पहला आयोजन समाप्त हुआ था, तब भी सवाल उठे थे कि जब पार्टी को एकजुट करने की जरूरत है तब पार्टी का आला कमान निरर्थक आयोजन में उलझा है। अब भी यही सवाल अपनी जगह अडिग खड़ा है कि जब पार्टी लगातार नेताओं और उन नेताओं से जुड़ा जनाधार खो रही है तब इसे सुलझाने से पहले यात्रा जैसे दीर्घ आयोजन का औचित्य क्या? यात्रा के साथ जुड़े न्याय शब्द को लेकर भी कटाक्ष किए जा रहे हैं कि पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ ही न्याय नहीं कर पा रही है तो वह किसी और को क्या न्याय देगी? जैसी कि खबरें आ रही हैं उनसे लगता है कि यदि पार्टी के नीतिनियंताओं ने अपनी रीति-नीति नहीं बदली तो पार्टी के लिए भारी संकट खड़ा हो सकता है। जिस आइएनडीआइए के दम पर कांग्रेस भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का दंभ कर रही है, उसका अभी तक कोई अता-पता नहीं। कई स्थानों पर घटक दलों और कई राज्यों में कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इससे और भी लगता है कि आइएनडीआइए बनना बहुत मुश्किल है।

कांग्रेस के नेताओं ने कहा भी है कि वे अपनी दम पर चुनाव लड़ सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो पार्टी को लोकसभा क्षेत्रों में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। किसी भी पार्टी की असल ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। कांग्रेस में इसी की भारी कमी है। रही सही कसर जमीन से जुड़े जो थोड़े बहुत नेता पार्टी में बचे भी थे, वे या तो पार्टी छोड़ रहे हैं या छोड़ने का मन बना रहे हैं।

राजनीतिक लड़ाई बिना सेना के जो भी लड़ने की कोशिश करेगा उसकी पराजय वक्त की बात होगी। अभी जब अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो कांग्रेस के प्रवक्ताओं ने बहुत दंभ से कहा कि पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया। यह दंभ इसलिए है कि पार्टी ने किसी को दिया है तो उसने भी तो पार्टी को बहुत कुछ दिया। उसे खड़ा रखने के लिए जड़ों को अपने खून पसीने से सींचा। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि पार्टी ममता बनर्जी की भविष्यवाणी सच सिद्ध नहीं होने देना चाहती तो उसे रोज हो रहे पार्टी के पतन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। भाजपा को टक्कर देने के लिए पार्टी में हुई दरारों को भरना होगा और इसमें तभी सफलता मिलेगी जब पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर कठिनाइयां दूर की जाए। अन्यथा यदि यही हालात रहे तो पार्टी का अस्तित्व बचाना असंभव की हद तक मुश्किल हो सकता है।

## प्रसंगवश

# क्या मंदिर की काट है किसान आंदोलन

सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विगत काफी समय से अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा उसमें मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मीडिया में सुर्खियां पाती रही है। लंबे समय तक ऐसी प्रतीति कराई गई जैसे देश दुनिया में अब और कोई बड़ी खबर है ही नहीं तथा देश की सारी समस्याएं इस धर्म आयोजन से ही हल हो गई हैं। एक-एक छोटी मोटी चीज की ब्रेकिंग और हेडिंग लगाए गई। एक बड़ी अगरबत्ती के ट्रॉसपोर्टेशन तक ने सुर्खिथां लूटीं। शासन और प्रशासन ने जोर लगाकर देश दूसरी दिवाली मनवा दी तथा आम आदमी व नई पीढ़ी को यह आभास कराया गया कि राम अब आए हैं और मोदी द्वारा लाए गए हैं, पहले नहीं थे।

लोकसभा चुनाव सर पर हैं और शायद इन्हीं के लिए बढ़त हासिल करने हेतु ये टाइमिंग चुनी गई थी। अब राम के मुद्दे पर विपक्ष की गति सांप छछूंदर जैसी हो गई। खुला विरोध कर नहीं सकते और समर्थन में स्पष्ट राजनीतिक नुकसान! वोट उन्हें भी चाहिए। ऐसे में पुराने ठंडे पड़ चुके किसान आंदोलन को ही जागृत कर गुल-गपाड़ा मचाना इन लोगों ने श्रेयस्कर समझा, क्योंकि इससे एक बार उन्हें सफलता भी मिल चुकी है, जब केंद्र सरकार को घुटने टेकने पर विवश होना पड़ा था और तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था। गांव की कहावत है "जानों गुइयां फूस बराबर",यानी इस दांव से सत्तारूढ़ दल झुक जाएगा और मीडिया का रुख मंदिर से हटकर कथित किसान भीड़ और भारी जन असुविधा की ओर चला जाएगा। यही हुआ। तीर निशाने पर बैठ रहा है।

यदि सरकारी सख्ती से यह भीड़ दिल्ली नहीं भी पहुंच पाएगी तो बाहर से दिल्ली घिरी रहेगी और सामान्य यातायात लंबे समय तक बाधित रहेगा। असामाजिक तत्व फायदा उठाएंगे ही और बुरी घटनाएं होंगी। सरकार की छवि धूमिल होगी तथा मंदिर प्रकरण से सत्ता पक्ष को मिले अंकों में घटोत्तरी होगी। विपक्ष को बढ़त हासिल होगी। वे रामभक्तों को वोट बैंक बनाने के जुगाड़ में थे,ये किसानों को। यद्यपि इन वर्गों के बीच कोई स्पष्ट विभाजक रेखा नहीं है। रामभक्तों में किसान भी हैं और किसानों में भक्त भी। दरअसल अतिशय चतुराई में कभी-कभी दांव उल्टा पड़ जाता है। या अपना ही अस्त्र बूमरेंग हो जाता है। कृषि कानूनों का वापस लिया जाना भी तुष्टीकरण ही था। यह कोई समाधान नहीं था। कानून गलत नहीं थे। फौरी इलाज कर दिया गया था और कहा गया था कि सभी मागें मान ली हैं। वे पूरी करना दुष्कर था और रहेगा।

इधर 'भारत रत्न' सम्मान एमएस स्वामीनाथन को देकर भाजपा ने तामिलनाडु में पैर पसारने की कोशिश तो की ही, देश के किसान संवर्ग का दिल जीतने का भी प्रयास किया गया। अब दिल का सौदा थोड़ा कठिन तो होता ही है। एक व्यक्ति को बड़ा सम्मान देकर करोड़ों वोट झोली में आने की सोचना बुद्धि परक नहीं कहा जा सकता।

सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है। सभी राजनीतिक दलों के लिए अभीष्ट तो यह है कि वोटों के लिए सस्ते हथकंडे न अपनाएं। ठोस जनसेवा में ही रुचि लें तो राष्ट्र और समाज का भला होगा।

# दोनों पक्षों की बातचीत से निकलेगा विकल्प



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

मूवमेंट को तहस-नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

आंदोलित किसानों की आक्रोशित हरकतें और सुरक्षाकर्मियों का अपराधियों भांति बलपूर्वक जोर-जुल्म वाली तस्वीरें दिल को झकझोरती हैं। सोचने पर मजबूर करती हैं कि ये दृश्य आजाद भारत के हैं। क्योंकि ऐसे मूवमेंट अधिकांश अंग्रेजों को खदेड़ने के दौरान हमारे क्रांतकारी सुरक्षाकर्मी करते थे। प्रदर्शनकारी अन्नदाताओं को रोकने के लिए हजारों सुरक्षाकर्मियों ने जिस तरह से मोर्चा संभाला हुआ है।

सड़कों पर सीमेंट के बड़े-बड़े पत्थर, बैरिकेड, कंटीली तारें और नुकीले लोहे के मोटे-मोटे राड गाड़े हुए हैं, उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है। जैसे मानो पाकिस्तान या चीन से आतंकी बॉर्डर पार करके दिल्ली में दाखिल हो रहे हों और उन्हें रोकने के लिए देश की तमाम सुरक्षा एजेंसियों के हजारों जवान लगे हों? दुख होता है ये सब देखकर। वो भी ऐसे वक्त में जब हमारी तरक्की का डंका समूचे संसार में बजता हो? अर्थव्यवस्था में पांचवें पायदान पर पहुंचने वाले हों? प्रत्येक क्षेत्रों में देश अभूतपूर्व विकास कर रहा हो, विदेशी ताकतें हमारी शक्ति को देखकर नतमस्तक हो रही हों? इन सबके बावजूद देश का अन्नदाता आंसू गैस के गोले खाने पर मजबूर है? तो थोड़ा शक होता है।

मूवमेंट को तहस-नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिल्ली के बाहर से आने वाले गंभीर मरीज राजधानी के अस्पतालों में नहीं पहुंच पा रहे? क्योंकि दिल्ली में दाखिल होने वाले सभी मार्ग बंद हैं। मंगलवार को कई मरीजों ने उचित इलाज नहीं मिलने पर बॉर्डरों पर ही दम तोड़ दिया। ये ऐसी अमानवीय आपातकाल की स्थिति जिससे हमें बिना देर किए तौबा करना होगा। अन्नदाताओं पर आतंकियों जैसा जोर-जुल्म करने के बजाय, उनके साथ सार्वजनिक रूप से खुशनुमा माहौल में केंद्र सरकार के जिम्मेदार मंत्रियों को बात करनी चाहिए। आंदोलन की रूपरेखा से पूर्व केंद्र के दो मंत्री पीयूष गोयल और अर्जुन मुंडा ने किसान संगठनों से बात जरूर की थी, पर उनसे बात नहीं बनीं? बातचीत को बीच में छोड़ना नहीं चाहिए,क्योंकि प्रदर्शनकारी किसान चाहते हैं उनसे प्रधानमंत्री या गृहमंत्री स्तर का कोई व्यक्ति मंत्रणा करे। अगर प्रधानमंत्री विदेशी दौरे पर हैं, तो ऐसे में गृहमंत्री को मोर्चा संभालना चाहिए। ठीक उसी तरह जैसे मंगलवार को उन्होंने एनएसए चीफ और दिल्ली पुलिस आयुक्त से करीब तीन घंटे आंदोलन की स्थिति को लेकर मत्रणा की। ऐसा ही उन्हें प्रदर्शनकारी किसानों के लिए भी समय निकालना चाहिए,किसान निश्चित रूप से गृह मंत्री की बात मानेंगे।

13 फरवरी यानी मंगलवार को आंदोलित किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच जब तनातनी बढ़ी तो दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों के हालात बेकाबू जैसे थे। किसान दिल्ली पहुंचने की जिद पर अड़े हैं। हालात इतने नाजुक हुए जिसे देखकर गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और दिल्ली पुलिस कमीश्नर संजय अरोड़ा को अपने कार्यालय में तलब किया। दोनों के साथ उन्होंने लंबी गुफ्तगू की। बातचीत खत्म हुई तो आंदोलित किसानों पर कड़ाई से पेश आने के निर्देश सुरक्षाकर्मियों को दिए गए। गृह मंत्रालय से मिले आदेश के बाद सुरक्षाकर्मियों ने शंभू बॉर्डर, टिगरी बॉर्डर व करनाल जीटी रोड पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर टूट ही पड़े? आंसू गैसे के गोले छोड़ने शुरू कर दिए। प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक खदेड़ा गया। जिद्दी किसान फिर भी नहीं माने? उसके बाद तो सुरक्षाकर्मियों के साथ किसानों की जमकर झपटें भी होती रहीं। दरअसल ऐसे आदेश गृह मंत्रालय को देने की आवश्यक कतई नहीं थी? अगर थोड़ा नरमाई दिखाकर एक बार उनसे उनकी बातें सुन लेते, तो हो सकता था कोई हल निकल आता। इससे हुकूमतों का अपनी जनता से बात करने में रूतबा कम नहीं होता,बल्कि प्रदर्शनकारियों की नजरों में और इज्जत बढ़ती है।

ऐसा हठधर्मी रवैया दोनों पक्षों नहीं अपनाना चाहिए, इससे नुकसान आमजनों का ही होता है। प्रदर्शनकारियों को मनाने के बजाय उन्हें अरेस्ट करके अस्थाई जेल में डालने की भी प्लानिंग गृह मंत्रालय ने कर ली है। इसके लिए दिल्ली के बवाना स्टेडियम को चुना है। किसान आंदोलन के बहाने विपक्षी पार्टियों ने भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश शुरू कर दी है। विपक्ष के नेताओं के बयानों के बाद तो किसान आंदोलन में राजनीति का और जबरदस्त तड़का लग गया,लेकिन हमारी सियासत का दुर्भाग्य यही है,समस्या का समाधान खोजने के बजाय सभी अपनी राजनीति चमकाने में मशगूल हैं।

## सोशल फोरम

# हरि के सामने हर



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी चुनाव में विजय प्राप्त करने के लिए विपक्षी एकता तथा पीडीए को आधार बनाया है। ज्यों-ज्यों लोकसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, विपक्षी एकता का हसीन ख्वाब ध्वस्त होता नजर आ रहा है। नीतीश कुमार के बाद उत्तर प्रदेश में जयंत चौधरी का पाला बदलना, प्रदेश में विपक्षी एकता को बड़ा धक्का है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट बहुल क्षेत्रों में जयंत चौधरी का प्रभाव है और उनके साथ छोड़ने से पश्चिम में सपा और कमजोर हुई है। सपा तथा कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर खटास है। सपा कांग्रेस को मात्र 11 सीट देने की बात कहकर अपने प्रत्याशियों की घोषणा करती जा रही है, जबकि राहुल गांधी पदयात्रा में ही व्यस्त हैं और सपा से कांग्रेस के लिए अधिक सीट की अपेक्षा कर रहें हैं। सपा पिछड़ों, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) को अपना वोट बैंक बताकर 90 प्रतिशत मतदाताओं को साधने का सपना देख रही है। अभी उत्तर प्रदेश में राज्य सभा की तीन सीट पर अपने तीन प्रत्याशी- जया बच्चन, रामजीलाल सुमन तथा आलोक रंजन, का नामांकन कराया है जिसमें से मात्र सुमन दलित हैं शेष दोनों सवर्ण हैं। जया ने पांचवीं बार राज्य सभा का पर्चा भरा है व सुमन चार बार लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। आलोक रंजन अखिलेश यादव सरकार में मुख्य सचिव रह चुके हैं। गरीबों की चिंता करने वाली सपा ने किसी गरीब को प्रत्याशी बनाने की जहमत नहीं उठाई जब कि इस चुनाव में चुनाव प्रचार में एक भी पैसा खर्च नहीं होता और माननीय विधायक गण ही पार्टी के निर्देश पर मतदान करते हैं। सपा मुख्यालय लखनऊ में कल "शालिग्राम भगवान शिला" की पूजा की गई। इसे इटावा के लायन सफारी के पास बन रहे केदारेश्वर महादेव के मंदिर में स्थापित किया जाएगा। संभवतः अयोध्या के रामलला की टक्कर में महादेव जी को तैयार किया जा रहा है। त्रेतायुग में महादेव भक्त रावण ने राम से टकराने का साहस किया था, परिणाम से सभी परिचित हैं। कभी भाजपा ने मंडल की काट कमंडल से की थी। आज देव से दानव नहीं, हरि के सामने हर को अखाड़े में उतारने की तैयारी हो रही है।

-फेसबुक वॉस से

# पार्टी और समाज में आवश्यक है विमर्श



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

पिछले दिनों मैंने देश के प्रसिद्ध चुनावी विशेषज्ञ/रणनीतिकार प्रशांत किशोर को सुना। लगा यही बात तो मैं सोच रहा था, कई बार लिखा भी कि चुनाव में हार जीत पार्टी की नहीं होती, वोटर की होती है। जब वह अपने लिए, अपने बच्चों के लिए, अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए वोट नहीं करता वरन वोट करता है जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, पैसे के नाम पर, प्रचार के नाम पर, तो वह पराजित होता है, पार्टियां नहीं।

बिहार और यूपी देश में सबसे पिछड़े राज्य हैं। दक्षिण की तुलना में पूरा उत्तर भारत ही पिछड़ा है जहां चुनाव में जाति और धर्म सबसे प्रभावी मुद्दे हैं। हम अपनी कई पीढ़ियों का भविष्य खराब कर देते हैं और कभी तो देश को गुलाम बना देते है। आपसी कलह और अवैज्ञानिक सोच को मैं देश की गुलामी का प्रमुख कारण मानता हूं। प्रशांत किशोर आजकल पिछले करीब डेढ़ साल से बिहार की पद यात्रा कर रहे हैं। गांव-गांव जा रहे हैं और आगे अभी पूरा बिहार घूमने में उन्हें साल भर से ज्यादा का समय और लगेगा। वह दो काम कर रहे हैं, एक लोगों को जागृत कर रहे हैं और दूसरा एक ढांचा बना रहे है जिस पर वह आगे अपनी पार्टी खड़ी करेंगे। मैंने तमाम लोगों को स्व. कल्याण सिंह जैसे धुरंधर राजनेता को भी,अपनी पार्टी खड़ी करते देखा पर उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी, क्योंकि उनका संगठनात्मक ढांचा नहीं था। भाजपा की आजकल जीत के पीछे एक प्रमुख कारण उनकी पार्टी का ढांचा भी है और कांग्रेस की हार के पीछे ऐसे ढांचे का अभाव भी है। कांग्रेस ने खुद ही ढांचा ध्वस्त किया। गांधी की कांग्रेस में ज्यादातर अध्यक्ष एक वर्ष के लिए होते थे, अपवाद स्वरूप ही दूसरा वर्ष। वर्ष 1939 में दूसरे कार्यकाल के लिए जब सुभाष बाबू ने जिद की तो गांधी के कैंडिडेट से उनका चुनाव हुआ, वह जीते पर पार्टी चला नहीं पाए, उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। यहां तो सोनिया जी अध्यक्ष बनी तो छोड़ने का ही नाम नहीं लिया। कांग्रेस में पूरी की पूरी पीढ़ी खत्म हो गई,पर अध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ। अरविंद केजरीवाल की भी दो कमजोरी समझ में आती हैं। एक तो संगठन का अभाव और दूसरा उनका अधिनायकवादी होना। अधिनायक जब तक सही सोचता है तब तक तो ठीक है,पर ऐसी पार्टी लंबी दौड़ नहीं जीत सकती। उन्होंने दिल्ली में दो सबसे महत्वपूर्ण विषय स्वास्थ और शिक्षा पर काफी ध्यान दिया तो वहां चुनाव जीत रहे हैं, पर पार्टी में विभिन्न तरह की विरोधी आवाजों के अभाव में आगे सही निर्णय लेने और प्रभावी संगठन न होने से उन्हें भविष्य में समस्या आनी निश्चित है। हर पार्टी में, हर समाज में खुले विमर्श आवश्यक हैं अन्यथा उसकी नीर-क्षीर विवेकी बुद्धि मर जाएगी और पार्टी/ समाज व्यक्ति-पूजक बनकर जड़ हो जाएगा।

प्रशांत किशोर ने जिस तरह अमरेन्द्र सिंह की कांग्रेस को पंजाब में और जगन रेड्डी को आंध्र में और भारी बहुमत से जितवाया था, वह कमाल का मानता हूं मैं। अब उन्होंने किसी के सलाह देने, जितवाने के धंधे से अपने को उन्होंने अलग कर लिया है और आजकल बिहार में सुराज यात्रा कर रहे हैं,जन जागृति यात्रा कर रहे है। अभी उन्होंने पार्टी नहीं बनाई अभी संगठन बना रहे हैं, अभी लोगों को जाति, धर्म के बजाय अपने लिए,आने वाली पीढ़ी के लिए वोट करने हेतु उनको जागृति कर रहे हैं। उनका कहना है पार्टी भी लोग ही बनाएंगे। मैं समझता हूं कि वह सही राह पर हैं और उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। एक दिन वह जल्दी ही बिहार में राज करेंगे और उसके बाद हो सकता है वह देश को जगाए, कम से कम उत्तर भारत को जगाए।

# कुलकामधेनु : श्रीविद्या



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अपने पिताजी के साथ मुझे यह सौभाग्य मिला कि मुझे देश के अनेक श्रीविद्या उपासकों के दर्शन प्राप्त हुए। मुजफ्फरनगर के पास गंगातट पर शुकताल नामक स्थान है। यहां शुकदेवजी ने परीक्षित को भागवत सुनाई थी। यहां दंडी वाला आश्रम है। सन् 1970 के आसपास यहां एक मेधावी, तपस्वी रहते थे,प्रभासभिक्षुजी। बड़े अनासक्त संन्यासी और विद्वान थे। स्वामी करपात्रीजी भी उनसे आदरपूर्वक शास्त्र-चर्चा करते थे। वे पूर्वाश्रम में प्रभासतीर्थ के पुरोहित थे। उनका मन तो उपासना में लग चुका था,किंतु चिंता थी कि गृहस्थ का काम कैसे चलेगा? उन्होंने एक प्रयोग किया,वे सात दिन तो उपासना में लगे रहते,एक दिन तीर्थ पर जाते,किंतु आश्चर्य यह होता कि उन्हें एक ही दिन में सात दिन के बराबर दक्षिणा मिल जाती। अब इन्होंने इस प्रयोग को पहले मासिक,फिर त्रैमासिक,फिर छह मास में एक दिन तीर्थ पर जाते, किंतु वहां इतना मिल जाता कि उससे गृहस्थ का काम चल जाता। उस समय का उनके द्वारा रचित एक पद्य है- याचे न कंचन न कंचन वंचयामि,सेवे न कंचन निरस्त समस्त दैन्यः। श्लक्ष्णं वसे मधुरमद्मि भजे वरस्त्रीं,देवी हृदिस्फुरति मे कुलकामधेनुः।। अर्थात् यह कैसा रहस्य है कि न तो मैं किसी से याचना करता हूं,न किसी को ठगता हूं और न ही किसी की सेवा करता हूं,किंतु मेरा दैन्य निरस्त हो चुका है। मेरे पास किसी वस्तु का अभाव ही नहीं है,पहनने को शोभायुक्त वस्त्र हैं। भोजन को सरस-मधुर व्यंजन हैं,अन्नपूर्णा जैसी पत्नी है निश्चित ही इसका रहस्य वह कुलकामधेनु भगवती ही हैं,जो मेरे हृदय में स्फुरण कर रही हैं। उनको दृढ़विश्वास हो चुका था कि मेरी चिंता व्यर्थ थी। गृहस्थ का पालन करने वाली तो जगदंबा है,उन्होंने घर छोड़ दिया। गंगा के आंचल में आ गए और उपासना में आनंदमग्न रहने लगे।

## एक नजर

### जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने किया भूमि पूजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने मैनाठेर के सेलेक्ट अस्पताल सेलिब्रेशन हॉल के पास ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था के लिए चिह्नित भूमि का विधिविधान से पूजन किया। इसके बाद अब काम शुरू होगा। इस दौरान परियोजना निदेशक, लीड बैंक प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### रेलवे पुलिस ने बदली चौकसी की परिभाषा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** वसंत के आगमन के साथ रेलवे पुलिस ने यात्री सुरक्षा की योजना में बदलाव शुरू कर दिया है। मंडल में रात की ट्रेनों में चलने वाली एस्कॉर्ट का दायरा बढ़ा दिया जाएगा। रेलवे पुलिस अधीक्षक आशुतोष शुक्ल का कहना है कि यात्री सुरक्षा के लिए रेलवे पुलिस रेलवे सुरक्षा बल के साथ समन्वय बनाकर ड्यूटी तय करती है। अब गर्मी की आहट हो चुकी है। इसे देखते हुए ट्रेनों की सुरक्षा का नया पैमाना तैयार किया जाएगा। कोहरा सीजन के बाद रद की गई ट्रेनें बहाल की जाएंगी। उसके आधार पर एस्कॉर्ट ड्यूटी निर्धारित की जाएगी।

### मनुष्य की असली पूंजी है स्वस्थ शरीर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** छू ले आसमां संस्था ने गुरुवार को हेल्थ के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक निजी जिम में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मौजूद राजीव पाल ने कहा कि स्वस्थ मनुष्य में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता हैं। मनुष्य की असली पूंजी स्वस्थ काया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशांत केसरी ने की। इस दौरान रचना, रवि कुमार, प्रदीप केसरी, कुलदीप सिंह, प्रदुमन, अतृव, शिवम्, आदित्य, किशन, साहिल आदि मौजूद रहे।

### सभासदों ने ईएसआईसी सदस्य का किया स्वागत

**अगवानपुर, अमृत विचार :** स्टेशन रोड स्थित शकील सैफी के निवास पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के सदस्य डा.विजय सिंह चौहान का बुधवार को भाजपा में शामिल हुए सभासदों ने स्वागत किया। इस दौरान डा. विजय सिंह चौहान ने कहा कि सरकार किसानों की समस्या के निस्तारण का पूरा प्रयास कर रही है। सरकार द्वारा किसानों के लिए कई योजनाएं चलाई गई हैं। पीतल कारोबारियों के लिए मुरादाबाद में कार्य किया जाएगा। मुरादाबाद के जितने भी जरूरी और रुके हुए कार्य है वह जल्द पूरे कराए जाएंगे। इस दौरान नगर अध्यक्ष गुलरेज खान, डा.शौकीन, अजीजुर्रहमान, मो.इमरान, समी कुरेशी आदि लोग रहे।



विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

# कार्यक्रम में भावुक हुए विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कृष्णा बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंगूपुरा में इंटरमीडिएट के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह रहे। इस अवसर पर इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राएं स्कूल की यादों में भावुक हो गए।

मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्हें भविष्य में आने वाली चुनौतियों से निपटने व अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी। विद्यालय के व्यवस्थापक विनोद बाबू सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर ओम प्रकाश शास्त्री, सुरेश गुप्ता, ओम प्रकाश सिंह, हरि गोपाल शर्मा, दिनेश ठाकुर, सतीश अरोड़ा, बीएस यादव, अमन शर्मा, हेमेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## अपनी समस्या दूसरों पर डाल रहीं एजेंसियां, रेलवे स्टेशन रोड पर जगह-जगह अवैध कट

# दो जीरो प्वाइंट के बीच सड़क सुरक्षा मानक में मनमानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा और हाईवे पर अवैध कट्स को लेकर शासन का सुझाव यहां बेमानी जैसा है। महानगर के बीच से गुजरने वाला स्टेशन रोड इसका प्रमाण है। महानगर क्षेत्र में इस मार्ग की लंबाई करीब छह किलोमीटर है। मौके पर यह बात देखी जा सकती है कि दो जीरो प्वाइंट (पाकबड़ा-रामपुर दोराहा) के बीच सड़क पर यातायात मानक और नागरिक सुरक्षा नहीं के बराबर है।

प्रमुख सचिव परिवहन ने यहां की सड़क सुरक्षा और परिवहन नियमों की समीक्षा में जिम्मेदारों को सतर्क किया है। अवैध कट के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। ऐसे में पाकबड़ा जीरो प्वाइंट से रामपुर दोराहे तक हाईवे का मौजूदा हाल देखने लायक है। यहां मानकों की अनदेखी आम बात है। अवैध कट की भरमार है। निर्माण एजेंसियां चुप हैं और यातायात पुलिस अपने ढंग से रूट डायवर्ट कर काम चला रहीं हैं। दिल्ली रोड से स्टेशन रोड तक मनमानी की गई है। बात चौधरी चरण सिंह चौक से लोकोशेड पुल दिशा की करते हैं। निर्देश के बाद मानसरोवर कालोनी गेट के पीछे और चरण सिंह चौक के बीच दिखावे के लिए सड़क पर बैरिकेड की गयी है, जबकि पक्का डिवाइडर होना चाहिए।

चरण सिंह चौक से सर्किट हाउस के मध्य कई जगह सड़क में कट है जबकि, हाइवे का मानक अलग है। महाराणा प्रताप चौक से रेलवे स्टेशन गेट तक अस्थाई सड़क में डायवर्जन है। इंपीरियल तिराहा के पास पुलिस ने अपनी सहूलियत के लिए कट बंद कर दिया है। ऐसे में रोडवेज की ओर से आने वाले वाहनों की बुध बाजार की ओर जाने में परेशानी मौके पर देखी जा सकती है।

संभल फाटक का सीधा यातायात पुलिस ने बंद कर दिया है, जिसकी वजह से करूला होते महानगर से बाहर जाने- आने वालों को परेशान होना आम बात है। मनचाहा कट और वैसा ही अवरोध आरटीओ रोड पर देखा जा सकता है।

> चौधरी चरण सिंह चौक से संभल फाटक तक कई स्थानों पर बेवजह सड़क को बैरिकेड किया गया है। इम्पीरियल तिराहा और ईदगाह वाले गेट के नजदीक सड़क का वाहन संचालन रूट बदला गया है। यह कर्मचारियों की कमी की वजह से है। यह सड़क पर भीड़ नियंत्रण का प्रयास है लेकिन, इस बात से इंकार नहीं है कि कुछ स्थान पर बैरिकेड्स से वाहन चालकों को दिक्कत भी है। जल्द इसे खोला जाएगा।
> 
> **-सुभाष चंद्र गंगवार, पुलिस अधीक्षक (यातायात)**

> महानगर का स्टेशन रोड हाईवे है। हर जगह सड़क सुरक्षा के मानक का पालन अनिवार्य है। स्टेशन रोड पर उत्तराखंड के वाहनों का भी दबाव है। इसके मानक, उसे परखने और गुणवत्ता देखने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की है। हाईवे पर कट्स और साइनेज के मानक का पालना करना विभाग की जिम्मेदारी है। विभाग की ओर से शासन के निर्देश का पालन कराया जाता है।
> 
> **-अनुज कुमार जैन, पीडी (एनएचएआई)**

### एक नजर में जनपद

| | |
|---|---|
| ब्लैक स्पाट | - 17 |
| अवैध कट | - 62 |
| दुर्घटना बहुल क्षेत्र | - 46 |
| सड़क टूटी | - 122 |
| सूचना बोर्ड ठीक नहीं | - 41 |
| रांग साइड ड्राइविंग वाले स्पाट | - 18 |
| मार्ग किनारे शराब की दुकानें | - 19 |
| खतरनाक मोड़ | - 33 |
| गड्ढे | - 1100 से अधिक |
| एंबुलेंस सुविधा | - टोल प्लाजा पर |
| प्राथमिक उपचार | - आठ पीएचसी |
| सड़क किनारे ट्रामा सेंटर | - नहीं |

# बुध बाजार से मलबे को जल्द हटाएं

## पॉवर सप्लाई स्कॉडा परियोजना में सुस्ती पर नगर आयुक्त ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी मिशन के सीईओ व नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बुध बाजार से इम्पीरियल तिराहे तक अतिक्रमण हटाने के बाद साइड पटरियों पर पड़ा मलबा न हटाने पर नाराजगी जताई। कहा कि इसे जल्द हटाएं। उन्होंने पॉवर सप्लाई स्कॉडा परियोजना के अन्तर्गत चल रहे कार्य में सुस्ती पर वेंडर मेसर्स रिलायंस इलेक्ट्रिकल की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी।

स्मार्ट सिटी की लंबित परियोजनाओं की प्रगति की सीईओ ने बैठक में समीक्षा की। उन्होंने स्मार्ट रोड नेटवर्क के लिए चयनित कार्यदायी एजेंसी उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड (यूपीआरएनएनएल) के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि इम्पीरियल तिराहे से बुध बाजार चौराहे तक सड़क की साइट पटरी पर पड़ा मलबा तत्काल हटवाएं। उन्होंने कहा कि वह कार्य का स्थलीय निरीक्षण 19 फरवरी को करेंगे।



स्मार्ट सिटी मिशन परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते नगर आयुक्त।

- परियोजनाओं की प्रगति की स्मार्ट सिटी मिशन लिमिटेड के सीईओ ने बैठक में की समीक्षा

पॉवर सप्लाई स्कॉडा परियोजना के अन्तर्गत कार्यदायी एजेंसी यूपीपीवीएनएल द्वारा चयनित वेंडर मेसर्स रिलायंस इलेक्ट्रिकल की धीमी कार्य प्रणाली पर नाराजगी जताई। कहा महानगर के जिन क्षेत्रों में बिजली के केबल को भूमिगत करने का कार्य पूरा हो चुका है वहां पुराने बिजली के खंभे, ओवरहेड लाइनों को एक सप्ताह में शिफ्ट या डिसमेंटल कर दें। पुराने बाजारों के सौंदर्यीकरण कार्य के अन्तर्गत कार्यदायी एजेंसी के प्रतिनिधियों से कहा कि इम्पीरियल तिराहे से बुध बाजार चौराहे तक स्ट्रेच पर जहां अतिक्रमण नहीं है वहां मानव संसाधन बढ़ाकर काम को तेजी से पूरा करें। स्ट्रीट लाइट स्कॉडा परियोजना में काम की धीमी गति पर वेंडर ईईएसएल के प्रतिनिधियों से स्पष्टीकरण मांगा। बैठक में अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, नोडल अधिकारी एके मिश्रा, कंपनी सेक्रेट्री सौरभ गुप्ता, एमआईएस एक्सपर्ट गौरव चतुर्वेदी, अर्बन प्लानर जियाउल हक, मृत्युंजय पांडेय, अभिषेक सिंह के अलावा कार्यदायी संस्थाओं व चयनित वेंडर्स के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### बैठक में न आने और काम की धीमी प्रगति पर मांगा स्पष्टीकरण

रिहैबिलिटेशन आफ स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज के लिए जल निगम की चयनित कार्यदायी संस्था कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएंडडीएस) के परियोजना प्रबंधक को कार्य में शिथिलता के लिए नाराजगी जताई। सीईओ ने कहा कि हर हाल में 31 मार्च तक कार्य पूरा कराएं। इसके लिए कार्य स्थल पर टीम और मशीनों की संख्या बढ़ाना सुनिश्चित करें। मेटल हैंडीक्राफ्ट सर्विस सेंटर के महाप्रबंधक को सूचना के बाद भी बैठक में उपस्थित न होने और परियोजना कार्य की धीमी प्रगति पर स्पष्टीकरण पत्र जारी करने का निर्देश दिया।

## मकान बेचने के नाम पर 17 लाख हड़पे, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र निवासी दंपति समेत चार के खिलाफ धोखाधड़ी कर 17 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। शिकायत पर एसएसपी ने जांच के आदेश दिए हैं।

थाना कटघर के मुस्तफाबाद निवासी संजय ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि मुस्तफाबाद मुस्तकम में रहने वाला दंपति साढ़ू के साथ एक दिन उनके घर आया। उन्होंने मुस्तफाबाद मुस्तकम में ही स्थित दो मंजिला मकान का सौदा 18 लाख रुपये में कर लिया। दंपति ने कूटरचित दस्तावेज दिखाते हुए बताया कि मकान उनका ही है। सौदा करने के बाद 17 लाख रुपये लेकर दंपति ने दो माह में मकान खाली करने और शेष एक लाख रुपये लेकर बैनामा करने की बात तय की। संजय के मुताबिक जब उसने आरोपियों से मकान खाली करने और मूल कागजात देने को कहा तो वह टालमटोल करने लगे। पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगे। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने सीओ कटघर को जांच कर तीन दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

# आर्मी में नौकरी लगवाने के नाम पर 18 लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुकदमे के बाद समझौते में दिया 13 लाख का फर्जी चेक
- पुलिस से शिकायत करने पर दी जान से मारने की धमकी

**अमृत विचार :** नौकरी लगाने के नाम पर 18 लाख हड़पने वाले आरोपियों के खिलाफ मझोला थाने में एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों ने पीड़ित बलवीर सिंह पुत्र कृष्ण सिंह से समझौता कर दो में बार पांच लाख देकर 13 लाख का फर्जी चेक दिया था। पीड़ित ने फर्जी चेक को लेकर एसएसपी कार्यालय में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर में पीड़ित ने आरोपी पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

बुधवार को बलवीर सिंह पुत्र कृष्ण सिंह निवासी सिरवासु चांदपुर जिला संभल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के कार्यालय पहुंचा। जहां उसने आरोपी नासिर और हारुन निवासी आजाद नगर करूला के खिलाफ दी गई तहरीर पर मझोला थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने की बात बताकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पीड़ित ने एसएसपी को बताया कि आरोपी नासिर और हारुन ने आर्मी में नौकरी लगवाने के नाम पर 18 लाख रुपये लिए थे। उस समय पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने पर आरोपी के खिलाफ थाना मझोला में मुकदमा दर्ज कराया गया था। लेकिन, समझौता के बाद आरोपी ने पीड़ित को पहले दो लाख खाते में और तीन लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से रुपये देकर 13 लाख का चेक दिया था। भारतीय स्टेट बैंक में चेक लगाने पर पता चला खाते में पैसा ही नहीं है। जब पीड़ित ने शिकायत की तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने 13 फरवरी को थाना मझोला में तहरीर दी थी। जिसके बाद आरोपी ने हमला करने की नीयत से दो बार रात में रास्ता रोका लेकिन, रास्ते में लोगों की भीड़ होने के कारण आरोपी को भागना पड़ा। पीड़ित ने एसएसपी से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# गांवों तक पहुंचेगा श्रीराम मंदिर का टिकट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**तैयारी**

- डाक विभाग में हैं मंडल के कुल चार ही जिले
- परिक्षेत्र के 2600 गावों में है विभाग का नेटवर्क

**अमृत विचार :** डाक विभाग अब प्रचार-प्रसार का महत्वपूर्ण मंच बनेगा। इसके लिए देश स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गयी है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर पर जारी टिकट गांव- गांव पहुंचाया जाएगा। जबकि, विभाग के कर्मचारी, मुख्य रूप से डाकिया चौपाल लगाकर राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार भी करेंगे। श्रीराम मंदिर पर स्मारक संबंधी डाक टिकट गांव-गांव पहुंचेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट जारी किया था। टिकट पर राम मंदिर, भगवान गणेश, हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी के दृष्य बने हैं। सूत्रों की मानें तो केंद्र सरकार ने डाक विभाग की विश्वसनीयता, ग्रामीण नेटवर्क को और क्रियाशील बनाने के उद्देश्य से कई नए तरह के कार्य की खोज किया है। विभाग और सरकारी योजनाओं को लेकर जन जागरुकता का मंच बनने जा रहा है। इसके लिए कर्मचारियों को दिए गए इलेक्ट्रानिक उपकरण, मोबाइल और विभाग के मजबूत नेटवर्क के सहारे इस क्षेत्र में ऐसे कार्य में अपना दावा प्रस्तुत कर रहा है। विभाग के इस केंद्र का नाम है वन स्पाट सेंटर। सरकार की लघु, मध्यम और बड़े उद्योग की योजनाओं की जानकारी विभाग देगा। सभी केंद्रों पर सरकार द्वारा जारी डाक टिकट उपलब्ध होंगे। विभाग के कर्मचारी डाक विभाग, डाकिया और परिक्षेत्र के 2600 गांवों में अपने नेटवर्क को आधार बनाकर अपना कार्य करेंगे। क्षेत्र में 408 शाखा डाकघर, 80 डाकघर हैं। प्रवर डाक अधीक्षक सचिन चौबे ने बताया कि डाक विभाग को भगवान श्रीराम के अयोध्या मंदिर वाले स्मारक टिकट को गांव- गांव तक पहुंचाना है। स्थानीय स्तर पर विभाग की तैयारी शुरू कर दी गयी है। परिक्षेत्र में मंडल के चार ही जिले आते हैं, जहां हमारा मजबूत तंत्र है। इसके सहारे चौपाल डाक सेवा के सहारे विभाग लोगों तक स्मारिका टिकट पहुंचाएगा।

प्रवर डाक अधीक्षक कहते हैं कि विभाग का नेटवर्क असरदार बनाकर सरकार आर्थिक रूप से इसे प्रभावी बनाने की योजना पर कार्य कर रही है। इसीलिए कर्मचारियों को फाइव-जी नेटवर्क वाला मोबाइल फोन दिया गया है। अब डाकिया केवल पत्र पहुंचाने वाला ही कर्मचारी नही है। इसे विविध तरह के कार्य सौंपे जा रहे हैं।

## 416 शिक्षक करेंगे पुलिस भर्ती में ड्यूटी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की परीक्षा 17 व 18 फरवरी को होनी है। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में बनाए गए केंद्रों के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बेसिक शिक्षा विभाग के 416 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई है।

इसको लेकर ब्लॉकवार शिक्षकों की तैनाती की गई है। इस संबंध में सभी को आदेश जारी किए गए हैं। बता दें कि सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए जिले में 54 केंद्र बनाए गए हैं। 17 व 18 फरवरी को दो पालियों में होने वाली परीक्षाओं में करीब एक लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। बड़ी परीक्षा होने के कारण कई स्टेटिक व सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात किए हैं। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों की भी कक्ष निरीक्षकों के रूप में ड्यूटी लगाई गई है।

# आज तय होगी कपूर कंपनी पुल बनाने वाली एजेंसी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महानगर के लाखों लोगों की लाइफ लाइन नए कपूर कंपनी पुल के निर्माण का रास्ता शुक्रवार से तय होगा। रेल प्रबंधन निर्माण की एजेंसी का ऐलान करेगा। डिजाइन सहित अन्य छोटे कार्य की एजेंसी निर्धारित हो गयी है। पिलर (खंभा), सतह और सुरक्षा ढांचा निर्माण की एजेंसी का ठेका होना बाकी है। इस कार्य के लिए रेल प्रबंधन फिलहाल सात से आठ करोड़ रुपये खर्च करेगा। वैसे तो पूरी परियोजना 14 करोड़ रुपये के आसपास की है, जिसमें कुछ कार्य रेलवे की एजेंसियां स्वयं करेंगी।

लगभग दो साल से कपूर कंपनी के पुल से दोपहिया वाहनों का आना-जाना बंद है। पैदल लोग ही इस पुल से आवागमन कर पा रहे हैं। विभागीय सर्वे में इस पुल से आना-जाना खतरनाक माना गया था, इस वजह से रेल प्रबंधन ने 2022 के आरंभ में इसे बंद कर दिया था। कानपुर आईआईटी के जानकारों की टीम ने रेलवे के साथ मिलकर पुल की गुणवत्ता और क्षमता की पड़ताल की थी। पुल के कमजोर होने की वजह से आवागमन रोका गया था। 2022 के विधान सभा चुनाव के पहले लोगों ने इस मुद्दे पर जनप्रतिनिधियों से अपनी पीड़ा बतायी थी, उसके बाद रेल प्रबंधन ने केवल पैदल लोगों के लिए पुल से आने जाने की सुविधा दे दी थी। उसके बाद से ही नए पुल के निर्माण की प्रक्रिया शुरू है।



कपूर कंपनी पुल से गुजरते लोग। ● अमृत विचार

- डिजाइन सहित अन्य छोटे कार्य करने वाली एजेंसी पूर्व में हो गई निर्धारित

रेल प्रबंधन ने वर्तमान पुल से छह मीटर की दूरी पर दूसरे पुल का नक्शा तैयार किया है। यह पुल भी तीन मीटर ही चौड़ा रहेगा। इससे भी केवल दोपहिया वाहन ही आ जा सकेंगे। रेल प्रबंधन की अब तक की मेहनत का परिणाम सामने आना बाकी है। यानी की पुल के निर्माण की एजेंसी का ऐलान होना बाकी है। रेलवे के डीईएन हरपाल सिंह का कहना है कि पुराने पुल को तोड़ने, नींव तैयार करने, स्लैब बनाने, दोनों ओर की क्षेत्र में आने वाली दुकानों के हटाने की प्रक्रिया शुरू है। 16 फरवरी को निर्माण का टेंडर खुलेगा। इसके बाद निर्माण एजेंसी तय हो जाएगी। इस पुल को अगले सालों की जरूरत को देखते हुए बनाना है। अगस्त तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य है।

**आयोजन** राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति ने वसंत पंचमी पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया

# खुश हो कहा वसंत ने देख धरा का रूप...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** साहित्यिक संस्था राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति की ओर से काव्य-गोष्ठी का आयोजन लाइनपार के योगेन्द्र पाल विश्नोई के आवास पर किया गया। कवयित्री रश्मि चौधरी के द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती की वंदना से काव्य गोष्ठी आरंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामदत्त द्विवेदी और संचालन राजीव प्रखर ने किया।

कवयित्री रश्मि चौधरी ने तुम्हारे चरणों में आकर मां कुछ बात बन जाए, तुम्हारा आशीष मेरे लिए सौगात बन जाए, राजीव प्रखर ने वसंती दोहे देखी नटखट भ्रमर की, जब कलियों से प्रीत। चुपके-चुपके लेखनी, लगी चुराने गीत से वसंत का रंग चटख किया। कवि मनोज मनु ने मां शारदे का अभिनंदन किया। नवगीतकार योगेन्द्र वर्मा व्योम ने खुश हो कहा वसंत ने, देख धरा का रूप, ठिठुरन के दिन जा चुके, जिओ गुनगुनी धूप से माहौल को ऊंचाई दी। वरिष्ठ रचनाकार डॉ. मनोज रस्तोगी ने परिस्थितियों का चित्रण यूं किया, सूरज की पहली किरण, उतरी जब छज्जे पर, आंगन का सूनापन उजलाया, राम सिंह निशंक ने दयानंद धरा पर जो आए न होते, वेदों के मंत्र हमने गाए न होते, कवि रघुराज सिंह निश्चल ने आ गए ॠतुराज प्यारे आ गए हैं। सबकी आंखों के दुलारे आ गए हैं से वसंत का गुणगान किया।



रचना प्रस्तुत करते कवि।

- वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. कृष्ण कुमार बेदिल को दी श्रद्धांजलि
- योगेन्द्र पाल विश्नोई के आवास पर किया गया आयोजन

मुख्य अतिथि डॉ. महेश दिवाकर ने भाषा-सम्मान के प्रति अभिव्यक्ति घोर दासता में डूबा है, भारत मत बर्बाद करो। छोड़ विधर्मी भाषाओं को, तन-मन को आजाद करो, योगेन्द्र पाल विश्नोई ने प्यार की कल्पना ही करो मित्रवर, प्यार की गंध मौसम में घुल जाएगी सुनाया। अध्यक्षता कर रहे रामदत्त द्विवेदी ने माता सरस्वती से प्रार्थना की फंस रहा अज्ञान के अंधकार में, फिर रहा हूं मैं दिशा भटका हुआ संसार में, ज्ञान का दीपक दिखाओ से मां को नमन किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. राकेश चक्र ने भारत है ये नया देश का नभ, भू पर सम्मान बढ़ा है से भारत को नमन किया। अंत में रचनाकारों ने वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. कृष्ण कुमार बेदिल (मेरठ) एमपी कमल (पंवासा) के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में रविन्द्र विश्नोई, सुरेंद्र आर्य, रमेश गुप्त आदि साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

## 5000 रुपये व मोबाइल लूटा, पुलिस ने टरकाया

**मैनाठेर, अमृत विचार:** कैंटीन मलिक को नशीला पदार्थ सुंघा कर मोबाइल और पांच हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित ने थाने जाकर जानकारी दी मगर पुलिसकर्मियों ने टरका दिया।

जीशान निवासी सिरोरा काजी थाना गुन्नौर जनपद संभल रविवार रात को कैंटीन बंद कर गगन तिराहा पर अपने कमरे पर आ रहा था। तभी पीछे से आए तीन बदमाशों ने उसे पकड़ कर नशीला पदार्थ सुंघा दिया। जिससे वह बेहोश हो गया। बदमाशों ने उसकी जेब से मोबाइल और कैंटीन की बिक्री के 5, 760 रुपये लूट कर फरार हो गए। दो घंटे बाद जब कैंटीन मालिक को होश आया तो उसने परिचितों को जानकारी दी। अगले दिन पीड़ित लूट की तहरीर लेकर थाने पहुंचा जहां पुलिस ने बदमाशों को जल्द पकड़ने का आश्वासन देकर वापस भेज दिया। वहीं इस संबंध में इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि लूट की घटना के बारे में जानकारी नहीं है। जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।

# छह घंटे विलंबित रही दून एक्सप्रेस

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लंबी दूरी की ट्रेनों के विलंब से चलने का क्रम गुरुवार को भी जारी रहा। हावड़ा से देहरादून के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस के यात्रियों को छह घंटे प्रतीक्षा करनी पड़ी।

ट्रेन की देरी की चलने की वजह से यहां से देहरादून की ओर जाने वालों को दूसरी ट्रेन और साधन का सहारा लेना पड़ा। साप्ताहिक हावड़ा सुपरफास्ट ट्रेन की देरी को लेकर स्टेशन मास्टर कक्ष में यात्रियों की भीड़ रही। गंगा-सतलुज 1:23 घंटे, जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 2:48 घंटे, बेगमपुरा एक्सप्रेस 2:08 घंटे, अमरनाथ एक्सप्रेस 1:40 घंटे, सद्भावना 3:07 घंटे और कुंभ एक्सप्रेस 4:25 घंटे देरी से आई। हालांकि अब मौसम भी साफ हो रहा है, फिर भी रेल प्रबंधन ट्रेनों को समय से संचालित नहीं कर पा रहा है।




रेलवे स्टेशन पर प्लेट फार्म की ओर जाते यात्री। ● अमृत विचार

### उत्तरांचल संपर्क क्रांति निरस्त होने से यात्री परेशान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिन में दिल्ली तक की यात्री की प्रमुख उत्तरांचल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के निरस्त होने से यात्रियों को दिक्कत हुई। यह ट्रेन यहां से लिंक होकर दिल्ली जाती है। रामनगर और काठगोदाम से आने वाली दो ट्रेनों को यहां जोड़ा जाता है। स्थानीय यात्रियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण इस ट्रेन के निरस्त होने के बाद दिल्ली रूट की बसों में अचानक भीड़ बढ़ गयी। सूत्रों का कहना है कि महीने भर से इस ट्रेन के साथ यही स्थिति बनी हुई है। लालकुआं से आनंद विहार को जोन वाली एक्सप्रेस भी निरस्त रही। लखनऊ से आनंद विहार के बीच चलने वाली डबल डेकर और जनसेवा एक्सप्रेस को परिचालन कारणों से रद किया गया है।

## एक नजर

### संदिग्ध हालत में सड़क पर पड़ा मिला युवक का शव

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** सिडकुल ढाल के समीप एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक गाजियाबाद का रहने वाला बताया जा रहा है। गुरुवार की सुबह सिडकुल चौकी पुलिस को सूचना मिली कि सिडकुल पावर हाउस के समीप एक युवक बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है। सिडकुल चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मूर्छित अवस्था में पड़े युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तलाशी लेने पर मिले पहचान पत्र के आधार पर युवक का नाम 40 वर्षीय विनय पीटर निवासी गाजियाबाद और हाल निवासी गोल मढैया थाना ट्रांजिट कैंप पाया गया।

### एमबीबीएस परीक्षा 28 से

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमबीबीएस की मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षा 28 फरवरी से 6 मार्च तक द्वितीय पाली में सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक होगी। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

# अब्दुल मलिक की तलाश में देशभर की पुलिस

## गृह मंत्रालय ने पिता-पुत्र के खिलाफ जारी किया लुक आउट नोटिस, विदेश भाग जाने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी कर दिया है। अब इन दोनों पिता-पुत्र की तलाश में उत्तराखंड की पुलिस के साथ ही देश के अन्य राज्यों की पुलिस और एंजेसियां भी जुट गईं हैं। विदेश भागने की आशंका पर गृह मंत्रालय ने दोनों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। नोटिस जारी होते ही उत्तराखंड से सटे अन्य राज्यों पर सघन चेकिंग शुरू कर दी गई है। विदेशी एजेंसियों की भी अब्दुल मलिक का बायोडेटा सौंप दिया गया है।

बनभूपुरा निवासी अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद के देश छोड़ने की प्रबल संभावना है। इसकी वजह यह है कि दोनों न सिर्फ धनबल से मजबूत हैं, बल्कि उनकी राजनीतिक पहुंच भी अच्छी है। 8 फरवरी को दंगा भड़कने के बाद से फरार दोनों पिता-पुत्र को पुलिस की चार टीमें उत्तराखंड के अलावा दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में तलाश रही थीं, लेकिन अभी तक दोनों पुलिस की आंखों में धूल झोंकने में कामयाब रहे हैं। पुलिस मलिक के विदेशी कनेक्शन भी तलाश रही है। इसकी वजह न सिर्फ मलिक के धंधे हैं, बल्कि राजनीतिक पहुंच भी है। ओमान, अमीरात और दुबई में भी उसकी रिश्तेदारी है। गुरुवार को कोतवाली सभागार में प्रेसवार्ता के दौरान एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि पुलिस मलिक और उसके बेटे मोईद के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी हो गया है। अब वह देश छोड़ कर भाग नहीं पाएगा। उत्तराखंड पुलिस के साथ अन्य एजेंसियां भी उसकी तलाश में जुट गई हैं।

### पुलिस इनकी कर रही है तलाश

- ☞ अब्दुल मलिक
- ☞ अब्दुल मोईद
- ☞ शकील अंसारी
- ☞ वसीम उर्फ हप्पा
- ☞ मौकिन सैफी
- ☞ एजाज अहमद
- ☞ तस्लीम
- ☞ जियाउल रहमान
- ☞ रईस उर्फ दत्तू

- ओमान, अमीरात और दुबई में मलिक की रिश्तेदारी
- विदेशी एंजेसियों को भी सौंपा मलिक का बायोडेटा

### मलिक नहीं कर रहा इंटरनेट का इस्तेमाल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मोबाइल और नेट बैंकिंग का इस्तेमाल अब्दुल मलिक नहीं कर रहा है और न ही उसका बेटा। यही वजह है कि पुलिस दोनों तक नहीं पहुंच पा रही है। पुलिस का मानना है कि दोनों एक शातिर अपराधी की तरह बर्ताव कर रहे हैं, लेकिन ज्यादा दिन तक वह बच नहीं पाएंगे। वहीं लुक आउट नोटिस जारी होने के बाद अब दोनों का देश छोड़ पाना भी संभव नहीं है। अनुमान है कि दोनों देश में ही हैं।

### बनभूलपुरा हिंसा में 5 और दंगाई गिरफ्तार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बनभूलुपरा दंगे में पुलिस ने 5 और गिरफ्तारियां की हैं। अब तक कुल 42 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। ताजा गिरफ्तारियों में दो मुखानी थाने की गाड़ी फूंकने और अन्य नगर निगम की ओर से दर्ज मामले में गिरफ्तार किए गए हैं। मुखा थाने की ओर से दर्ज आरोपियों में मो. इस्तकार उर्फ जब्बा पुत्र मो. अल्ताफ निवासी लाईन नंबर 8 बिलाली मस्जिद के पीछे वाली गली बनभूलपुरा और शरीफ उर्फ पाचा पुत्र अब्दुल वाहिद निवासी लाइन नंबर 12 न्यू ऐरा स्कूल के पास बनभूलपुरा हैं। दूसरे मामले में आदी खान पुत्र परवेज खान निवासी किदवई नगर बनभूलपुरा, मो. आसिफ पुत्र मो. युसुफ निवासी सफदर का बगीचा बनभूलपुरा और हुकुम रजा पुत्र वाहिद रजा खान निवासी लाइन नंबर 8 हाल निवासी वारसी कॉलोनी जवाहरनगर हैं।

## बोर्ड परीक्षा के लिए सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट की बैठक

**हापुड़, अमृत विचार :** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में बोर्ड परीक्षा को पारदर्शी, सुचिता पूर्वक, संपन्न करने के लिए सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की। बैठक में निर्देश दिए कि 19 जनवरी तक अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर लें । जिलाधिकारी ने कहा कि 22 फरवरी से आरम्भ होने वाली बोर्ड परीक्षा की संवेदनशीलता और महत्व को ध्यान में रखकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर तैनात सभी अधिकारी परीक्षा आरम्भ होने से 2 घंटे पूर्व पहुंचकर फोटो वॉट्सएप्प ग्रुप पर भेजेंगे। सभी अधिकारी व कर्मचारी अनुशासनहीनता या कर्तव्यों के निर्वहन मे ढिलाई बरतते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा कक्षों मे लगे सीसीटीवी हर हालत में चालू हालत मे होने चाहिए । कहा कि क्लास रूम में पाठ्यक्रम से सम्बंधित समस्त चार्ट परीक्षा के दौरान हटे होने चाहिये।

## सार-संक्षेप



चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**हापुड़, अमृत विचार :** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने की घोषणा होने के बाद हापुड़ मेरठ लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपाइयों ने नूरपुर में उनकी जन्मस्थली पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने जनता व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चौधरी साहब सच्चे किसान हितैषी थे।उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में किसानों के लिए देश के लिए वह कार्य किए जो कि तत्कालीन सत्ता में बैठे लोग नहीं चाहते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर देश के समस्त किसानों का मान सम्मान बढ़ाया है। इस अवसर पर भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मुरादाबाद से रोजा के बीच तीसरी लाइन के लिए सर्वे पूरा

**बरेली, अमृत विचार :** मुरादाबाद से रोजा के बीच तीसरी लाइन का सर्वे पूरा हो गया है। तीसरी लाइन बनने से मालगाड़ियों को स्टेशन से निकालने के लिए यात्री ट्रेनों को नहीं रोकना पड़ेगा। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी। उनके सफर में कोई रुकावट नहीं आएगी। अफसरों का दावा है कि जल्द तीसरी लाइन का काम शुरू हो जाएगा। मुरादाबाद से रोजा के बीच करीब 180 किलोमीटर लंबा ट्रैक डबल लाइन है। समय बीतने के साथ इस रेल खंड पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ा है। जिसकी वजह से मुरादाबाद मंडल में दाखिल होते ही यात्री ट्रेनों का संचालन प्रभावित होने लगता है। लिहाजा, दो साल पहले रेल प्रशासन ने इस रेलखंड पर एक लाइन और बढ़ाने का निर्णय लिया था। इस बीच तमाम टेक्निकल और ट्रैफिक सर्वे कराए जाते रहे। जिनको अब पूरा कर लिया गया है। मंडलीय अधिकारियों के अनुसार तीसरी लाइन विशेष रूप से मालगाड़ियों के बनाई जा रही है। अलग फ्रेट कॉरिडोर होने से लंबी मालगाड़ियों के कारण यात्री ट्रेनों का संचालन प्रभावित नहीं हो पाएगा, किसी ट्रेन की क्रासिंग के लिए दूसरी ट्रेनों को नहीं रोकना पड़ेगा।

### सूदखोरों से तंग युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

**आसफपुर( बदायूं ), अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा आसफपुर के पास से निकली रेलवे लाइन के पास युवक का शव मिला। ग्रामीणों ने शिनाख्त कर उसके परिजनों और पुलिस को सूचना दी। पत्नी ने कुछ लोगों पर सूदखोरों द्वारा प्रताड़ित किए जाने से आत्महत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव आसफपुर निवासी सोनू मौर्य पुत्र नन्हू मौर्य तीन बीघा जमीन पर खेती कर परिवार का पालन पोषण करता था। गुरुवार सुबह नौ बजे खेत में खड़ी गेहूं की फसल की सिंचाई करने के लिए साइकिल से घर से निकला था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खेत से कुछ दूर पहले आसफपुर से एक किलोमीटर दूर रेलवे लाइन किनारे साइकिल खड़ी कर लाइन के किनारे जाकर खड़ा हो गया और बरेली की ओर से आई मालगाड़ी के सामने छलांग लगा दी। उसका सिर ट्रेन से कटकर धड़ से अलग हो गया। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसान दौड़कर मौके पर पहुंचे। युवक की शिनाख्त करके उनके परिजन और पुलिस को सूचना दी। थाना फैजगंज बेहटा के थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह ओर जीआरपी पहुंची। मृतक की पत्नी नत्थो देवी ने रो रोकर बताया कि उसके पति पर कुछ लोग रुपये देने का दबाव बनाते थे।

## बैट्री चार्ज करते समय करंट से किसान की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के एक गांव में झटका मशीन की बैट्री चार्ज करने के दौरान किसान को करंट लग गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

दातागंज क्षेत्र के गांव दहला नगला निवासी श्रीभगवान गुरुवार सुबह लगभग नौ बजे अपने खेत पर फसल की सिंचाई करने गए थे। उन्होंने गोवंश से फसल के बचाव को खेत के चारों ओर तारकशी की थी। जिसमें वह झटका मशीन से करंट छोड़ देते थे। सिंचाई के दौरान उन्होंने मशीन की बैट्री चार्ज करने के लिए तार बिजली की लाइन में लगाए तो उन्हें करंट लग गया। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसान पहुंचे। तब तक श्री भगवान की मौत हो चुकी थी।

# रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगे 8 लाख रुपए

संवाददाता, मीरगंज (बरेली)

- आरोपियों के खिलाफ अदालत के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर छह लोगों ने एक युवक से आठ लाख रुपये ठग लिए, जब पीड़ित ने डीआरएम आफिस में नियुक्त पत्र दिखाया तो पता चला कि आरोपियों ने उसे फर्जी पत्र दिया हैं। जिसकी उसने स्थानीय पुलिस से शिकायत की, लेकिन पुलिस जांच के नाम पर उसे टरकाती रही। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली, न्यायालय के आदेश पर मीरगंज पुलिस ने सूर्य प्रकाश गंगवार उर्फ विनीत, योगेन्द्र गंगवार उर्फ छोटू, सुधा गंगवार, रमेश चन्द्र गंगवार निवासी ग्राम सुनारखेड़ा थाना कैमरी जनपद रामपुर हाल निवासी रुद्रपुर थाना ट्राजिंट कैम्प जनपद उधमसिंहनगर उत्तराखण्ड, अमित यादव और अजय यादव के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की। मीरगंज के गांव सिमरिया निवासी संजय कुमार ने बताया कि उसके पारिवारिक संबंध सूर्यप्रकाश गंगवार, उसके घर वालों से थे। सूर्य प्रकाश उसकी पत्नी सुधा गंगवार ने। जून 2019 में कहा कि तुम्हारी नौकरी रेलवे में लगवा सकता हूं तुम्हे आठ लाख रुपये खर्च करने होगें। पांच लाख पहले देने होगें बाकी तीन लाख ट्रेनिंग का लेटर मिलने के बाद देने होगें।

# स्वर्ण जयंती वर्ष में डिजिटल लर्निंग हब बनेगा रुविवि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्वर्ण जयंती वर्ष में महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय डिजिटल लर्निंग हब बनेगा। ट्रांजिट छात्रावास के साथ विद्यार्थियों और बाहरी लोगों के लिए पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर इन्क्यूबेटिव सुविधाएं दी जाएंगी। इसके तहत स्टार्टअप शुरू करने वाले उत्पाद तैयार करने के साथ उनकी लेबलिंग और पैकेजिंग भी कर सकेंगे। इसके अलावा रामपुर रजा लाइब्रेरी को भी विश्वविद्यालय से संबद्ध किया जाएगा।

समारोह में दस टॉपर्स छात्रों को स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र के अलावा खिलाड़ियों और अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि रामपुर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि बिना जुनून के जीवन में बड़ा नहीं कर सकते हैं। राजनीति में भी विद्यार्थियों का प्लेसमेंट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में भारत विकसित देश होगा और विश्व में पहला स्थान प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि स्वर्ण जयंती समारोह में प्रधानमंत्री को निमन्त्रण देंगे। उन्होंने रामपुर के रजा पुस्तकालय को विश्वविद्यालय से संबद्ध करने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव पर कुलपति प्रो. केपी सिंह ने जल्द ही प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने पुस्तकालय में नए पाठ्यक्रम शुरू करने की भी बात कही। आकाश सक्सेना ने कहा कि टॉपर्स छात्रों को वह विधानसभा की कार्यवाही दिखाने के लिए लेकर जाएंगे। कुलपति ने कहा कि नैक में ए डबल प्लस रैंक मिलने के बाद मेरू (मल्टी एजुकेशनल रिसर्च यूनिवर्सिटी) में विश्वविद्यालय ने सौ करोड़ की ग्रांट के लिए आवेदन किया है। उम्मीद है कि जल्द ही ग्रांट मिल जाएगी। इसके बाद विश्वविद्यालय में डिजिटल लर्निंग हब बनाया जाएगा। इसमें ऑफलाइन और डिजिटल दोनों माध्यम से पढ़ाई होगी। इसमें थ्री डी प्रिंटिंग, रोबोटिक ड्रोन, मशीन लर्निंग और ऑनलाइन परीक्षा की व्यवस्था होगी। दुनिया के किसी हिस्से में बैठा छात्र ऑनलाइन पढ़ाई कर सकेगा। शिक्षक नए-नए ऑनलाइन कोर्स शुरू करेंगे और उन्हें राष्ट्र और विश्व स्तर पर पहचान मिलेगी। इंटरनेशनल ट्रांजिट छात्रावास में विदेश से आने वाले शिक्षक और छात्र रहेंगे। आने वाले दिनों में नैनो टेक्नोलॉजी, बोयोटेक्नोलॉजी, साइबर फोरेंसिक, ई-व्हीकल, पेटेंट आदि पर रिसर्च की जाएंगी।

कुलपति ने अयोध्या में मंदिर बनने और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का जिक्र करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को आर्दश राम के जीवन से सीखना चाहिए। विकसित भारत राम राज जैसा हो। प्रत्येक विद्यार्थी को दुनिया के अलग-अलग दस देशों के छात्रों से जुड़कर सीखना चाहिए।



विवि स्थापना दिवस में टॉपर्स के साथ विधायक आकाश सक्सेना, कुलपति प्रो. केपी सिंह।

- रजा पुस्तकालय को रुहेलखंड विश्वविद्यालय से किया जाएगा संबद्ध, ट्रांजिट हास्टल भी बनेगा
- 49वें स्थापना दिवस पर टॉपर्स छात्रों को किया सम्मानित

### एक साल में हुए नौ एमओयू

डीएसडब्ल्यू प्रो. पीबी सिंह ने विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि वर्तमान सत्र में 25 नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए। इसके अलावा नौ एमओयू देश और विदेश के संस्थानों से हुए। 390 शोध प्रकाशित हुए और पांच पेटेंट हुए। 37 प्रोजेक्ट को 2 करोड़ का फंड मिला। एनएसएस के समन्वयक डॉ. सोमपाल सिंह ने एनएसएस की प्रगति रिपोर्ट पेश की।

### इंस्टाग्राम पर एमबीए की छात्रा की बनाई फर्जी आईडी, लगाया अश्लील फोटो

**बरेली, अमृत विचार :** एक युवक ने एमबीए की छात्रा की इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो लगा दिया है। आरोपी छात्रा के मोबाइल पर फोन कर संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बारादरी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी शहर के एक कॉलेज में एमबीए की छात्रा है। आरोप है कि 19 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर छात्रा की फर्जी मेल आईडी बनाकर उसका फोटो एडिट कर लगा दिया। आरोपी उसके फोटो एडिट कर अश्लील बनाकर भेज रहा है। छात्रा पर संबंध बनाने का दबाव बना रहा है।

**नाम परिवर्तन**

मैनें अपना नाम आक्षित कुमार से बदलकर अक्षित पाल पुत्र राजीव कुमार फ्लैट न. 5 डी-पी 4 एसआरएस पीईएआरएल फ्लोर, सेक्टर-87 फरीदाबाद हरियाना।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने अपने सबसे छोटे पुत्र नितिन कुमार को गलत संगत में पड़ जाने के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में अपने कृत्यों का यह स्वंय जिम्मेदार होगा। दयावती पत्नि स्व. सुरेन्द्र कुमार दीक्षित निवासी गली नं०-4 इन्द्रप्रस्थ कालोनी, ज्वालानगर, तह० सदर जिला रामपुर।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर**

पत्रांक 3328 / न०पा०परि०नह0/2023-24 दिनांक-07/02/2024

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147(2)यू०पी०म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमति तसलीमा खातून पत्नी मौहम्मद फारूक मौहल्ला तकिया गढ़ी पश्चिमी नहटौर ने नगर पालिका के गृहकर पंजिका में सम्पत्ति सं० 30 मौहल्ला तकिया गढ़ी पश्चिमी में इस्लामुद्दीन पुत्र इमामुद्दीन भिस्ती का नाम का काटकर अपना नाम अंकित कराने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने बेनामा (विक्रय पत्र) बसीयत प्रस्तुत किया है। अतः समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में कोई आपत्ति हो तो यह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की स्थिति में आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माना जायेगा।

विवरण-सम्पत्ति संख्या 30 स्थित मौहल्ला तकिया गढ़ी पश्चिमी नहटौर।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद नहटौर,
जनपद-बिजनौर

### पांच हजार बेरोजगारों को नौकरियां देने का लक्ष्य

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर प्राइवेट सेक्टर में बेरोजगारों को नौकरियां देने की तैयारी शुरू हो गई है। सेवायोजन विभाग की ओर से 25 फरवरी को रुहेलखंड विश्व विद्यालय में बड़े स्तर पर रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। करीब पांच हजार बेरोजगारों को नौकरी देने का लक्ष्य है। सहायक निदेशक सेवायोजन त्रिभुवन सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में करीब 100 कंपनियों को प्रतिभाग करने के लिए बुलाने की तैयारी चल रही है। कंपनियों से संपर्क साधा जा रहा है। ईमेल और फोन कराए जा रहे हैं।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बिलासपुर, जनपद रामपुर**

पत्रांक 1585 / ब्लॉक बजट / निविदा प्रकाशन /2023-24 दिनांकः- 12/02/24

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये अनुदान सं0-13 के लेखाशीर्षक 2515 के अन्तर्गत 03 मुख्य अधिष्ठान / ब्लॉक बजट में अनुरक्षण मद में विकास खण्ड बिलासपुर के कार्यालय भवनो की मरम्मत कार्य कराये जाना है उक्त कार्य हेतु मोहर बन्द निविदाये दिनांक 12.02.24 से दिनांक 17.02.224 तक समय 12.00 बजे अपरान्ह आमन्त्रित की जाती है। जोकि दिनांक 17.02.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे कार्यालय विकास खण्ड बिलासपुर में अधोहस्ताक्षरी / गठित समिति एवं निविदा दाताओ की उपस्थिति में खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। कार्य का विवरण-

| क्र0 सं0 | जिला/वि०ख० का नाम | कार्य का नाम जो निर्मित कराये जाने है। जो कि निम्नानुसार अंकित है। | अनुमानित लागत | धरोहर राशि लाख रू0 में 10% प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में | कार्य की माप/परिमाप संख्या | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्यालय का नाम जहाँ पर निविदा खोली जायेगी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | | 7 | 8 |
| 1 | बिलासपुर | विकास खण्ड बिलासपुर में कार्यालय भवनो का मरम्मत कार्य। | 395400.00 | 39540 | 677 | 03 | 1 माह | वि0 ख0 बिलासपुर |

नियम व शर्तेः-

01. निविदा प्रपत्र दिनांक 14.02.2024 से 16.02.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय विकास खण्ड बिलासपुर में समय 11.00 बजे से 3.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
02. सशर्त निविदा किसी भी दशा में मान्य नही होगी।
03. निविदा डालने वाले ठेकेदार / कान्टेक्टर को विकास खण्ड में अनिवार्य रूप से पंजीकृत होना आवश्यक है। विकास खण्ड में पंजीकृत न होने पर निविदा मान्य नही होगी।
04. अन्य नियम व शर्ते जोकि निविदा का भाग होगी वह किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय विलासपुर से सम्पर्क स्थापित कर देखी जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी
बिलासपुर रामपुर

**रूद्र-बिलास किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, बिलासपुर जिला- रामपुर**

पत्रांकः- संख्या 1696 प्र०प्र०/ निविदा/2023-24 दिनांक 15/02/2024

अल्पकालीन निविदा-सूचना

इस मिल समिति के गोदाम नम्बर 04 की पुरानी शीट निकालकर नयी शीट लगाने के कार्य हेतु इच्छुक ठेकेदारों से क्रमांक 01 से 05 तक के कार्यों हेतु अंकित तिथि में अपरान्ह 2:00 बजे तक सील बन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है तथा घरोहर धनराशि नाम के सम्मुख अंकित मिल कोष में नगद अथवा आरटीजीएस (PUNJAB NATIONAL BANK RUDRAPUR, ACCOUNT NUMBER-0833000100123339, IFSC CODE-PUNB0083300) के माध्यम से जमा कराना अनिवार्य होगा-

| S. No. | ITEMS | UNIT | Qty | Date | EMD |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Dismantling roofing including ridges, hips valley, and gutters etc and stacking the material with in 50 mtrs lead for GCI sheets including cost of all labourt T&P etc Roof<br>1x2x77.00x13.00 =2002 Spm<br>Ridge 1x1x77.00 =77 Sgm<br>Total = 2079 Sqm | Sqm | 2079.00 | 21-02-2024 | Rs- 10,000.00 |
| 2. | Dismantlingol worm out GCI Sheet from roof of sugar godown including cost of all labour T&P etc. Roof 1x2x77.00x13.00= 2002 Sqm<br>Ridge 1x1x77.0 = 77 Sqm | Sqm | 2079.00 | | |
| 3. | Fixing only precoated colour sheets on the roof of sugar godown including the cost of self tapping screws and bitumen washer/rubber washer but excluding cost of colour coated sheets (labour rate Only)<br>Roof 1x2x77.00x13.00-2002 Sqm Ridge 1x1x77.00= 77 Sqm | job | 1 | | |
| 4. | Making of groove 04 nos of size (12.60x0.23x.0.15) mtr in existing paraphit of sugar godown at a height of 13mtr to 14 mtr and refilling the same grrove with the brick work in 1:4 cement and sandmortar including shifting of dismantled material from the site lifting of bricks sand & cement mortar and surface palstered in 1:4 cement at a height of 13-14 mtr including cost of all labout T&P and cost of all lifting the material on the roof of sugargodown as per direction of E/I | Sqm | 2079.00 | | |
| 5. | Supply and laying of silicon on the roof of sugar godown roof joints including supply of all material labour T&P etc (Roof area) | Sqm | 2002.00 | | |

अग्रेतर निविदा की विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अंकन रू0 200.00+ 36.00 जी०एस०टी० (रू० 236.00 दो सौ छत्तीस) नान रिफण्डेयुल मिल कोष में जमा करके प्राप्त किया जा सकता है। निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी । उपरोक्तानुसार कार्य के नाम के सम्मुख अंकित निर्धारित तिथि को प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि में अपरान्ह 3:00 बजे कय कमेटी द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी, तदोपरान्त आवश्यक हुआ तो निगोशियेशन भी किया जायेगा। अपरिहार्य कारणों से ही निविदा तिथि में परिवर्तन होना सम्भावित है।

प्रधान प्रबन्धक

### बेहमई कांड: कोर्ट का निर्णय तो आया, लेकिन दो गांवों के मध्य दुश्मनी ज्यों की त्यों

# बुजुर्गों के जेहन में नरसंहार की तस्वीर आज भी जीवंत

**शैलेश अवस्थी, कानपुर**



रायफल के साथ फूलन देवी। (फाइल फोटो)



बहमई गांव में स्मारक।



मंदिर में फूलन की प्रतिमा।

**अमृत विचार :** अब से 43 साल पहले कानपुर देहात जिले के सिकंदरा तहसील के बेहमई गांव में दस्यु सुंदरी फूलन देवी व उसके गैंग ने जो नरसंहार किया था उसका फैसला तो आ गया लेकिन दो गांवों के बीच नफरत की दीवार वैसे ही खड़ी है। आज भी बेहमई गांव के लोग न तो गुढ़ा का पुरवा (फूलन का गांव ) जाते हैं और न ही वहां के लोग बेहमई की तरफ झांकने की हिम्मत जुटा पाते हैं । बेहमई गांव से गुढ़ा का पुरवा के दूरी करीब चार किलोमीटर है।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने जब फूलन को सांसद बनाया तब कहा था कि वह बेहमई को सैफई बना देंगे। फूलन भी बेहमई जाकर माफ़ी मांगना चाहती थीं पर उन्हें वहां घुसने नहीं दिया गया था। गांव वालों का कहना है कि फूलन ने गुनहगारों को मारा होता तो कोई बात नहीं। लेकिन उसने बेहगुनाहों का खून बहाया । उनकी विधवाएं अभी भी खून के आंसू रो रहीं हैं। बेहमई ठाकुरों तो गुढ़ा का पुरवा (कालपी ) मल्लाहों का गांव है। कहते हैं अपने ऊपर अत्याचार से परेशान होकर फूलन ने बंदूक उठाई थी। उसे जानकारी हुई कि उसके दुश्मन डकैत लालाराम-श्रीराम को बेहमई में शरण मिलती है और इसी कारण उसने 14 फरवरी 1981 को उस गांव में धावा बोला था। पूरे गांव को घेरकर सभी 25 पुरुषों को कुएँ के पास एकत्र किया। फिर मैदान में उन्हें लाइन में खड़ा कर उन पर गोलियों की बौछार कर दी थी।इसमें 20 की मौत हो गई थी ।

**▸▸ फूलन देवी को अपना मानने वाले बहुतेरे, मंदिर बनाकर की जाती उसकी पूजा**

उस समय वीपी सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। इस नरसंहार से सरकार हिल गई थी । इसके बाद कई डकैत मारे गए और फूलन ने आत्मसमर्पण कर दिया था। बाद में मुलायन सिंह यादव ने फूलन को मिर्जापुर से सपा का टिकट देकर सांसद बना दिया था। इसके बाद तो बेहमई ने हमेशा सपा का बहिष्कार किया। फूलन की हत्या से पहले तक तो यदि उसके गांव वाला कोई बेहमई में दिख गया तो उसकी शामत आ जाती थी। कई बार घेर कर पीटा भी गया।

#### इधर स्मारक, उधर मंदिर

बेहमईकांड में मारे गए 20 ठाकुरों की याद में गांव में ही उस स्थान पर स्मारक बनवाया गया है जहां फूलन ने नरसंहार किया था। हर साल यहां श्रद्धांजलि सभा होती है । दूसरी तरफ गुढ़ा का पुरवा में फूलन देवी की प्रतिमा स्थापित कर उसकी पूजा की जाती है। गांव के लोग कहते हैं कि उसने अत्याचार के खिलाफ बंदूक उठाई और न जाने कितनी लड़कियों की प्रेरणा बनी ।

#### वहां जाने से डरते हैं लोग

मोहन (गुढ़ा का पुरवा ) का कहना है कि मुझे बेहमई के पास सड़क बनाने का काम मिला था पर मैंने बिल्कुल मना कर दिया। बहुत डर लगता है। पता नहीं क्या कर दें। कई बार बेहमई में हमारे गांव वालों को घेरकर उन्हें अपमानित किया जा चुका है। वहीं सिद्धनाथ (गुढ़ा का पुरवा ) का कहना है कि मैंने अपनी बेटी की शादी बेहमई के बगल के गांव खोजा में की है। उस गांव का रास्ता बेहमई होकर जाता है तो उधर से गुजरते जी घबराता है। लेकिन कभी कुछ नहीं हुआ। सुरेश सिंह (बेहमई गांव ) ने बताया कि हम कभी फूलन के गांव नहीं गए। उसने तो यहां निर्दोष लोगों का खून बहाया। उसे कैसे माफ़ी दी जा सकती है। बुजुर्गों ने वह मंजर देखा है, नई पीढ़ी क्या जाने दर्द। जिनके सुहाग उजड़ गए, उन्हें कैसे दिलासा मिलेगी।

---

**राजनीतिक विश्लेषण**

# सोनिया गांधी की भावुक अपील से उठेगी सहानुभूति की लहर...



**कां**ग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष एवं सांसद सोनिया गांधी द्वारा राजस्थान से राज्यसभा के लिए पर्चा दाखिल करने के बाद रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से नेहरू गांधी खानदान की एक और पीढ़ी की विदाई की इबारत लिख गई। पूरी तरह से विदाई के पहले सोनिया गांधी ने रायबरेली वालों के नाम एक भावुक अपील जारी की है। इस अपील में परिवार के पीढ़ियों पुराने संबंधों की याद दिलाते हुए परिवार के नए सदस्यों का साथ देने का आग्रह भी शामिल है लेकिन सवाल यह है कि क्या इस भावुक अपील से सोनिया गांधी या गांधी परिवार के प्रति रायबरेली में सहानुभूति की लहर अगले चुनाव में उठेगी?

इस अपील में उन्होंने दो दशक के चुनावी सफर में दिए गए सहयोग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि रायबरेली से परिवार का रिश्ता कायम रहेगा। पत्र का मजमून है- स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते अगला लोकसभा चुनाव लड़ने में अक्षम हूं। अब रायबरेली की सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा लेकिन मेरा मन रायबरेली में ही रहेगा। रायबरेली के बिना मेरा परिवार अधूरा है।रायबरेली से पीढ़यों पुराना रिश्ता है।ससुर फिरोज गांधी और सास इंदिरा गांधी की तरह ही रायबरेली के लोग चट्टान की तरह मेरे साथ भी खड़े रहे।

यह अहसान कभी भूल नहीं सकती। पिछले दो चुनाव में जिस तरह विपरीत परिस्थितियों में आपने हमारा साथ दिया है हमें विश्वास है कि इस तरह परिवार के अन्य सदस्यों को भी अपना प्यार दुलार देते रहेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सोनिया गांधी ने अपने ससुर फिरोज गांधी और सास इंदिरा गांधी की तरह ही अपने दो दशक के प्रतिनिधित्व काल में रायबरेली के विकास की चिंता की।इस चिंता का एक आधार यह भी हो सकता है कि वर्ष 2006 में उपचुनाव में उन्होंने कुल पड़े मतों का 80 प्रतिशत वोट हासिल कर इंदिरा गांधी की लोकप्रियता को भी पीछे छोड़ दिया था।

जनता के इस प्यार को उन्होंने विकास के रूप में लौटाने की कोशिश भी अपने दो दशक के कार्यकाल में पूरी शिद्दत से की। दो दशक में करीब 15,000 करोड़ की परियोजनाएं रायबरेली के लिए मंजूर कराई। रेल कोच कारखाना, रेल पहिया कारखाना, आयुर्विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी), 5-5 राजमार्गों की स्वीकृति, रायबरेली लखनऊ फोरलेन आदि विकास के कार्य सोनिया गांधी की ही देन हैं।

जानने वाले जानते हैं कि सोनिया गांधी रायबरेली में सांसद के रूप में काम गांधी नेहरू-गांधी परिवार की बहू के रूप में में ही ज्यादा आती जाती रहीं। जब तक उनका स्वास्थ्य साथ देता रहा वह अपने लोकसभा क्षेत्र में हर तीन महीने में एक बार भ्रमण के रिवाज को जारी रखे रहीं। बहुत कम मौके ऐसे आए होंगे जब सोनिया को सार्वजनिक सभा में सर पर पल्लू के बिना किसी ने देखा या सुना होगा।उनकी संजीदगी यहां के आम लोगों के दिलों पर राज करती है। आप लोगों के दुख दुख दर्द को जिस तरह से उन्होंने समझा और उसके निराकरण की कोशिश की, उसका प्रभाव भी यहां देखने को मिलता है लेकिन पिछले चुनाव के बाद से क्षेत्र में न आना विरोधी भाजपा को चुनाव के लिए मुद्दा जरूर देता है।

पर्चा दाखिल करने के बाद से ही स्थानीय भाजपा नेता हमलावर हैं।भाजपा नेता इसे पराजय के डर से मैदान छोड़ना कहकर प्रचारित करना शुरू कर चुके हैं। विरोध को देखते हुए ही इस बात के कयास ज्यादा हैं क्या सोनिया गांधी की भावुक अपील गांधी परिवार के नए उत्तराधिकारी के प्रति सहानुभूति की लहर उठा पाएगी? इसका जवाब कांग्रेस के मीडिया प्रभारी विनय द्विवेदी कहते हैं- रायबरेली के लोगों की गांधी परिवार के साथ सहानुभूति पहले भी थी और परिवार की मुखिया सोनिया गांधी की भावुक अपील के बाद सहानुभूति की लहर उठेगी और जरूर उठेगी।

रायबरेली के लोग गांधी परिवार के उत्तराधिकारी को इस तरह हाथों-हाथ लेंगे जिस तरह उन्होंने सोनिया गांधी को दो दशक पहले लिया था।अब यह आने वाला लोकसभा चुनाव परिणाम बताएगा कि इस भावुक अपील का असर हुआ या बीजेपी का प्रचार परवान चढ़ा।

**गौरव अवस्थी**
(वरिष्ठ पत्रकार)

---

## व्यास मामले में मुस्लिम पक्ष की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी स्थित व्यास तहखाना में पूजा की अनुमति को लेकर अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति की ओर से दाखिल अपील पर फैसला सुरक्षित कर लिया है। वर्तमान मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ के समक्ष हो रही है। उक्त अपील में वाराणसी जिला न्यायालय के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती दी गई है, जिसके तहत मस्जिद के दक्षिणी तहखाना अर्थात व्यास तहखाना में पूजा की अनुमति दे दी गई थी। मुस्लिम पक्ष के वकील का तर्क था कि तहखाना मस्जिद परिसर का हिस्सा है। अतः व्यास परिवार या किसी अन्य को तहखाना के अंदर पूजा करने का कोई अधिकार नहीं है। इसके साथ ही यह भी तर्क दिया गया था कि अगर न्यायालय रिसीवर नियुक्त कर रहा है तो इसके पीछे कोई ठोस कारण होना चाहिए। वहीं दूसरी तरफ हिंदू पक्ष का तर्क रहा है कि तहखाना के अंदर पूजा-पथ कभी नहीं रुका और वर्ष 1993 के बाद भी यह जारी रहा।

# महिला आत्मनिर्भर तो समाज स्वतः होगा सशक्तः मुख्यमंत्री

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में बोले योगी आदित्यनाथ

**संवाददाता, गोरखपुर/लखनऊ**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता सशक्त समाज की अनिवार्य शर्त है। जिस समाज में महिला सशक्त होती है, उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। वर्ष 2047 में जब देश आजादी का 100वां वर्ष पूरा करेगा तो हमे एक विकसित भारत मिलेगा जिसमें देश की आधी आबादी अपना विकास करेगी। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रत्येक स्तर पर प्रयास करेगी ताकि उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन का कार्य सुनिश्चित रहे।

वे गुरुवार को गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं से संवाद और 3617 स्वयं सहायता समूहों को 54 करोड़ 25 लाख रुपये का अंशकालिक ऋण भी वितरित किया।

**गरीबों को कोई नहीं उजाड़ पाएगा :** मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि कोई भी गरीबों को उजाड़ नहीं पाएगा। किसी ने ऐसा दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तय है। गरीबों की जमीन तो बचाई ही जाएगी, साथ ही जिन जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

#### कन्या सुमंगला योजना की धनराशि अप्रैल से 25 हजार



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से स्नातक तक की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दे रही है। इस योजना के अन्तर्गत अप्रैल माह से इसकी धनराशि 25 हजार की जाएगी। इस योजना के अन्तर्गत 17 लाख से अधिक बेटियों को जोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सम्मान के दिशा में प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 3 लाख से अधिक बेटियों की शादी का कार्य सम्पन्न किया है। स्वामित्व योजना के तहत 90 लाख महिलाओं को घर का मालिकाना अधिकार दिलाया गया है।

## राशन के साथ 41 जिलों में मुफ्त बाजरा भी मिलेगा

**लखनऊ, अमृत विचार :** अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों के बीच राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत 28 फरवरी तक इस माह के राशन का वितरण किया जाएगा। मुफ्त खाद्यान्न वितरण के तहत राज्य के 41 जिलों में बाजरा का वितरण भी किया जाएगा। इन जिलों में लाभार्थियों को अंत्योदय कार्ड पर नौ किग्रा गेहूं, 21 किग्रा चावल और पांच किग्रा बाजरा (कुल 35 किग्रा खाद्यान्न) का मुफ्त वितरण किया जाएगा। प्रदेश के शेष जिलों में अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा गेहूं और 21 किग्रा चावल का निशुल्क वितरण किया जाएगा। बाजरा वितरण के लिए जिन जिलों को शामिल किया गया है उनमें बांदा, प्रतापगढ़, जौनपुर, चंदौली, वाराणसी और बलिया, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फतेहपुर, पीलीभीत और हमीरपुर आदि शामिल हैं।

# राज्यसभा के लिए भाजपा से संजय सेठ ने भरा पर्चा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में राजधानी के प्रमुख कारोबारी संजय सेठ को मैदान में उतारकर एक सीट पर पेंच फंसा दिया है। भाजपा बहुमत के आंकड़े से 8 वोट पीछे है, जबकि सपा एक वोट। ऐसे में भीतरघात और खरीदफरोख्त की आशंका बढ़ गई है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में संजय सेठ का नामांकन पत्र दाखिल कराया गया। अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, निषाद पार्टी के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, दयाशंकर सिंह आदि शामिल रहे।

**▸▸ प्रदेश अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री व कई मंत्रियों की मौजूदगी हुआ नामांकन**

403 सदस्यों वाली उप्र विधानसभा में इस समय 399 सदस्य हैं। चार सीटें रिक्त हैं। वर्तमान संख्याबल के हिसाब से राज्यसभा की एक सीट से जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रथम वरीयता के 37 वोट की जरूरत होगी। इस लिहाज से भाजपा से बुधवार को नामांकन करने वाले सात प्रत्याशियों पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, महासचिव अमरपाल मौर्य, पूर्व राज्य मंत्री संगीता बलवंत, पूर्व सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, पूर्व विधायक साधना सिंह और आगरा के पूर्व मेयर नवीन जैन की निर्विरोध जीत तय है। जबकि सपा से तीन नामांकन के बाद अब भाजपा का आठवां और चुनाव में 11वां नामांकन संजय सेठ का होने से एक सीट पर मतदान से ही फैसला होगा। एनडीए की अंकगणित में भाजपा 252, अपना दल (एस) 13, निशाद पार्टी के 6 और ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा के 6 विधायक हैं। हाल ही में एनडीए का दामन थामने वाले आरएलडी के 9 विधायक मिलकर आंकड़ा 286 है। दो विधायक राजाभैया गुट के मिलाकर कुल वोट 288 है, लेकिन सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी जेल में हैं। सपा के 108 और कांग्रेस के 2 दो विधायक है।

#### आलोक रंजन, सेठ के बीच होगा मतदान

सपा की ओर से राज्यसभा चुनाव में तीसरे प्रत्याशी बनाए गए पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन और भाजपा की ओर आठवें प्रत्याशी संजय सेठ के बीच मतदान से जीत-हार तय होगी। सपा से जया प्रदा ने क्रमांक एक और रामजी लाल सुमन से क्रमांक 3 पर नामांकन किया था, जबकि सपा से क्रमांक 6 पर तीसरा नामांकन नौकरशाह आलोक रंजन का हुआ था, इस लिहाज से आलोक रंजन और संजय सेठ में देखना होगा कि धन और बाहुबल में कौन भारी पड़ता है।

#### सपा से भाजपा में आए संजय सेठ, 106 करोड़ संपत्ति

भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ शालीमार रियल एस्टेट कंपनी में पार्टनर हैं। वे सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबियों में गिने जाते रहे हैं। बाद में अखिलेश यादव के भी करीबी रहे। उनके साथ पार्टी के कोषाध्यक्ष रहे। अखिलेश ने ही 2016 में राज्यसभा भेजा था। उसके बाद 2019 में राज्यसभा से इस्तीफा देकर भाजपा में आए। फिर भाजपा ने उन्हीं की रिक्त हुई सीट पर फिर से राज्यसभा भेज दिया था। संजय सेठ की कुल चल संपति 12.50 करोड़, पत्नी-बच्चों की 17 करोड़ से अधिक है, जबकि अचल संपत्ति में संजय की 55.75 करोड़ और पत्नी के नाम 21.30 करोड़ है। गाड़ी किसी के नाम नहीं है, जबकि 21.83 लाख संजय के पास और पत्नी के नाम 1.85 करोड़ के है। संजय सेठ के पास नामांकन के दौरान 10 लाख 13 हजार 275 रुपये कैश था।

---

## वर्ग पहेली-344

**बाएं से दाएं**

1. 1. सूखने या नमी न होने से ऊपर की परत (तल) में झुर्रियां या शिकन पड़ जाना

4. दूध को गरम करने या औटाने के लिए मिट्टी की एक प्रकार की छोटी अंगीठी।

5. 1. जिसका हाथ शुभ हो 2. सहायता करने वाला (हाथ)।

6. 1. मादा चकवा, चकवी 2. लकड़ी का एक चक्राकार खिलौना जिसमें मोटी डोरी लगी होती है जिससे वह ऊपर-नीचे चढ़ता-उतरता है, चकरी, फिरकी, (यो-यो)।

7. 1. ताकत 2. सहारा 3. सैनिक शक्ति, सेना 4. कोई संगठित शक्ति जो समूह, दल, संस्था आदि के रूप में प्रकट होती है 5. दबाव 6. कोई बात दूसरों से मनवाने का गुण 7. किसी वस्तु की ऐंठन, मरोड़ 8. लपेट, फेरा। -खाना : इठलाना, लहराना।

8. पैर।

9. 1. झोंक 2. झोंका, हवा का झोंका, झकोरा 3. पानी का हिलोरा, लहर 4. झटका।

**ऊपर से नीचे**

2. जो गुणों का ख़जाना हो, अत्यधिक गुणी।

3. 1. ऋणी, कर्ज़दार 2. धन या रुपया जमा करने की जगह, ख़जाना 3. वह व्यक्ति जिसके पास कोई वस्तु धरोहर के रूप में रखी जाए, महाजन।

4. ग्वालियर नगर के पास का पुराना पर्वत।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 3 | ■ |
| ■ | | ■ | 4 | | |
| 5 | | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | ■ | 7 | | ■ | ■ |
| 8 | | ■ | ■ | 9 | |

### वर्ग पहेली - 343 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ठ | ■ | 2 फ | ■ | 3 चि |
| ■ | ह | ■ | ल | ■ | न |
| 4 नि | र | नु | ना | सि | क |
| ■ | ना | ■ | फू | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 5 फ | ल | ही | न |
| 6 नि | खो | ट | ना | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ना | ■ | 7 पै | रा |

## सुडोकू-61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 5 | | 2 | | | | | |
| | | 9 | | 6 | | | | |
| | | 2 | | | 3 | | 1 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 1 | | 8 | 9 | | 5 | | |
| | | | | 3 | | 4 | | |
| | 3 | | | | 1 | | 2 | |
| 7 | | 6 | | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू - 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 |

---

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 08.54 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 08.47 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** – आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर पर आराम करने का विचार बना सकते हैं। परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। व्यावसायिक गतिविधियों में उन्नति होगी। जीवनसाथी आपके कार्यों में आपका साथ देगा।

**वृष** – आज आपके परिजनों में कुछ असंतोष हो सकता है। लोग आपकी बातों का बुरा न मानें इसके लिए आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। अपनी सोच को सकारात्मक बनाए रखें। अत्यधिक विचार-विमर्श आपके विचारों को प्रभावित कर सकता है।

**मिथुन** – आज शाम के समय आपकी कोई समस्या हल हो सकती है। व्यापार में शानदार डील मिलने की संभावना बन रही है। आपका चित्त शांत रहेगा। नए व्यापारिक साझेदार जुड़ सकते हैं। परिवार में सुख-समृद्धि रहेगी। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

**कर्क** – आज पैतृक संपत्ति को लेकर मनमुटाव हो सकता है। किसी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत जीवन में न पड़ने दें। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है।

**सिंह** – आज नई कंपनी में जॉब या ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकते हैं। अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने का प्रयास करें। अपने काम के प्रति एकाग्र रहें। धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों को लेकर अध्ययन करेंगे। कार्यक्षेत्र के माहौल में शांति रहेगी।

**कन्या** – आज अपनी समस्या को लोगों से शेयर न करें क्योंकि लोग मजाक बना सकते हैं। आपकी बातों को लोग कम महत्व देंगे। गृहस्थ जीवन में तनाव हो सकता है। जीवनसाथी के व्यवहार से कुपित हो सकते हैं। बेहतर होगा की आप थोड़े सतर्क रहें।

**तुला** – आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। अचानक धन प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा। ऋण कम करने में सफल होंगे। शाम को आपका मन कुछ विचलित हो सकता है। परिवार का माहौल आनंदमय रहेगा। अपने प्रेमी को खुश करने का भरसक प्रयास करेंगे।

**वृश्चिक** – आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी आपके व्यवहार से काफी प्रसन्न रहेगा। गठिया के रोगियों का दर्द उभर सकता है। रुके हुए कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। कार्य के प्रति आपके समर्पण की प्रशंसा होगी।

**धनु** – आज आपकी मेहनत सफल होगी। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। प्रेमी जन आज काफी रोमांटिक मूड में हो सकता है। घर के वातावरण में प्रसन्नता रहेगी। बिना योजना के किसी नए कार्य को शुरू न करें।

**मकर** – आज मौसमी बीमारियों के कारण संक्रमण हो सकता है। कोर्ट-केस से जुड़े मामलों में कठिनाई आ सकती है। सरकारी नियमों की अवहेलना न करें। आपका स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा, लेकिन कुछ वाद-विवाद भी हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज नई नौकरी के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। शरीर स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम वगैरह की तरफ रुचि लेंगे। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। आपके व्यवहार में आत्मविश्वास और स्वाभिमान दोनों एक साथ व्यक्त होगा।

**मीन** – आज धन को लेकर कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति की संभावना है। दांपत्य संबंधों में जटिलता रहेगी। जब तक आपसे पूछा न जाए तब तक अपनी राय व्यक्त करने से बचें। आर्थिक समस्या परेशानी का कारण बन सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- बागी – सुबह : 09.19
- एजेंट विनोद – रात : 07.58

**Sony Max**
- तू झूठी मैं मक्कार – सुबह : 10.22
- ठग्स ऑफ हिन्दुस्तान – रात : 09.37

**Sony Pix**
- जुमांजी – सुबह : 10.53
- ब्राइटबर्न – रात : 09.00

**Zee Cinema**
- मशीन – सुबह : 10.30
- भीड़ – रात : 07.30

**Colors Cineplex**
- ग्रेट गैंबलर – दोपहर : 01.19
- शेरशाह – रात : 10.01

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर
सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 835 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये ।

## एक नजर

### सौर परियोजना की आज आधारशिला रखेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को एनएलसी इंडिया की 300 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इस परियोजना में 1,756 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। प्रधानमंत्री ऑनलाइन परियोजना की आधारशिला रखेंगे। कोयला मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा–प्रधानमंत्री मोदी कल 300 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखेंगे।

### 1.39 लाख टन चने की खरीद को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र ने मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत रबी सत्र 2023–24 में कर्नाटक से 1.39 लाख टन चने की खरीद को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने बृहस्पतिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र ने चालू वित्त वर्ष के लिए कर्नाटक सरकार को राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत 235.14 करोड़ रुपये की तीसरी किस्त जारी कर दी है।

# खाद्य कीमतों के झटके और भू-राजनीतिक तनाव मुद्रास्फीति से निपटने में चुनौतियां

## गवर्नर्स सम्मेलन में आरबीआई गवर्नर दास बोले-अंतिम चरण के लिए हम सतर्क

**मुंबई, एजेंसी**

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि खाद्य कीमतों की तरफ से बार-बार झटके लगने और भू-राजनीतिक मोर्चे पर नए तनाव पैदा होने से मुद्रास्फीति से निपटने की राह में चुनौतियां पैदा होती हैं। दास ने यहां '59वें सीसेन गवर्नर्स सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि कहा-हम अवस्फीति (मुद्रास्फीति में गिरावट) के अंतिम चरण से निपटने के लिए सतर्क हैं क्योंकि यह अक्सर सफर का सबसे मुश्किल दौर होता है। हमारा दृढ़ मत है कि स्थिर और निम्न मुद्रास्फीति स्थायी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी आधार देगी।

उन्होंने कहा कि भारत कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर चुका है और सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा-विवेकपूर्ण मौद्रिक एवं राजकोषीय नीतियों ने मुश्किल परिस्थितियों से निपटने में भारत की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है।

आरबीआई का अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। देश के लिए यह लगातार चौथा साल होगा जब इसकी वृद्धि दर सात प्रतिशत या उससे अधिक रहेगी। इसके साथ ही दास ने कहा कि मुद्रास्फीति वर्ष 2022 की गर्मियों के उच्चतम स्तर से अब नीचे आ चुकी है। द्विमासिक मौद्रिक नीति के लिए अहम खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी महीने में 5.1 प्रतिशत रही है।

### नए अवसर भी दरवाजे पर दे रहे हैं दस्तक



आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए आज यहां कहा कि इससे निपटने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियाँ तो भरपूर हैं, लेकिन नए अवसर भी दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। ऐसी नीतियों की आवश्यकता है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई वास्तविकताओं के अनुरूप हों। अनिश्चित दुनिया में, केंद्रीय बैंकों को मूल्य और वित्तीय स्थिरता के उद्देश्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए सक्रिय होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस माहौल में सहयोग एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। वैश्विक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति करने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की आवश्यकता है।

## भारत, नेपाल ने यूपीआई-एनपीआई को जोड़ने के लिए किया समझौता

**मुंबई, एजेंसी:** भारत और नेपाल के केंद्रीय बैंकों-भारतीय रिजर्व बैंक और नेपाल राष्ट्र बैंक ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और नेशनल पेमेंट इंटरफेस (एनपीआई) के एकीकरण के लिए समझौते किए हैं।



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बयान में कहा कि एकीकरण की औपचारिक शुरुआत या परिचालन की शुरुआत बाद की तारीख में की जाएगी। इसने कहा-इस एकीकरण का उद्देश्य दोनों प्रणालियों के उपयोगकर्ताओं को तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण को सक्षम बनाकर भारत और नेपाल के बीच सीमापार प्रेषण की सुविधा प्रदान करना है। आरबीआई ने कहा कि यूपीआई-एनपीआई एकीकरण के माध्यम से अपनी तेज भुगतान प्रणालियों को जोड़ने में भारत और नेपाल के बीच सहयोग वित्तीय कनेक्टिविटी को और गहरा करेंगे और दोनों देशों के बीच स्थायी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करेंगे। आरबीआई और एनआरबी के बीच हुईं संदर्भ शर्तों के आधार पर यूपीआई और नेपाल के एनपीआई को आपस में जोड़ने के लिए आवश्यक तंत्र स्थापित किया जाएगा।

## देश का निर्यात 3.12 प्रतिशत बढ़कर 3 माह के उच्चस्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी:** लाल सागर संकट और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद जनवरी में देश का निर्यात 3.12 प्रतिशत बढ़कर 3 महीने के उच्चस्तर 36.92 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि व्यापार घाटा कम होकर 9 महीने के निचले स्तर 17.49 अरब डॉलर पर आ गया। बृहस्पतिवार को सरकार ने यह आंकड़ा जारी किया।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, लगातार दो महीनों तक नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने के बाद जनवरी में आयात लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर 54.41 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान निर्यात भी सालाना आधार पर 3.12 प्रतिशत बढ़कर 36.92 अरब डॉलर हो गया। यह तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। इसके साथ आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी व्यापार घाटा 17.49 अरब डॉलर पर आ गया, जो नौ महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले अप्रैल, 2023 में व्यापार घाटा 15.24 अरब डॉलर रहा था। व्यापार घाटे में पिछला निचला स्तर अप्रैल, 2023 में 15.24 अरब डॉलर दर्ज किया गया था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में यह 17.03 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन माह में कच्चे तेल का आयात 4.33 प्रतिशत बढ़कर लगभग 16.56 अरब डॉलर हो गया। वहीं सोने का आयात लगभग 174 प्रतिशत उछलकर 1.9 अरब डॉलर हो गया है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,225 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,100–47,300 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 71,300 |
| चांदी तैयार | 71,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,350 |
| चांदी पक्की | 710 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,500 |
| चांदी आभूषण | 71,350। |

## भारतीयों के कनाडा चीन, अमेरिका और ब्रिटेन पंसदीदा स्थल

**नई दिल्ली।** बीते वर्ष में भारतीयों के बीच कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका लोकप्रिय स्थलों में शामिल है। वीजा से जुड़ी सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी वीएफएस ग्लोबल ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कहा कि वर्ष 2023 में भारतीयों ने सबसे अधिक कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका के लिए वीजा आवेदन किये1 उसने कहा कि 2023 में दिल्ली से वीज़ा आवेदन में 10 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गई है।

## सरकार दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कर रही प्रयास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने 2027 तक का लक्ष्य बताया



दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता भारत 2027 तक दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने और आयात कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि घरेलू दलहन उत्पादन में पहले ही उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जो 2014 के 1.7 करोड़ टन से अब काफी अधिक हो चुका है। इस साल के लिए लक्ष्य 2.95 करोड़ टन के उत्पादन का है। मुंडा ने जलवायु अनुकूल किस्मों और अन्य प्रौद्योगिकियों के तेजी से प्रसार की जरूरत पर भी जोर दिया। दालों की कमी को पूरा करने के लिए देश सालाना लगभग 35 लाख टन दलहन का आयात करता है। मुंडा ने यहां ग्लोबल पल्स कन्फेडरेशन और सहकारी संस्था नेफेड की ओर से आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-भारत चने और कई अन्य दलहन फसलों में आत्मनिर्भर हो गया है।

## ईएसआई में 18.86 लाख नए श्रमिकों का नामांकन

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ईएसआई योजना में दिसंबर 2023 में 18.36 लाख से अधिक श्रमिक शामिल हुए हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि ईएसआई योजना में दिसंबर, 2023 में 18.86 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। इसी माह में नये 23,347 प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है। आंकड़ों के अनुसार देश के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं क्योंकि आलोच्य अवधि के दौरान जोड़े गए कुल 18.86 लाख कर्मचारियों में से 8.83 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु वर्ग तक के हैं,जो लगभग 47 प्रतिशत है।

## प्रवर्तन निदेशालय ने पेटीएम के अधिकारियों से की पूछताछ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आरबीआई की कार्रवाई के बाद कई दस्तावेज जमा किए

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोकने की आरबीआई की हालिया कार्रवाई के बाद, पेटीएम के वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की और कई दस्तावेज जमा किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत फिनटेक कंपनी में आरबीआई द्वारा चिह्नित कथित अनियमितताओं की औपचारिक जांच शुरू करने का निर्णय लेने से पहले दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच कर रही है।

सूत्रों ने बताया कि पेटीएम के अधिकारियों ने हाल ही में कुछ दस्तावेज जमा किए थे जिसके बाद उनसे कुछ सवाल पूछे गए। कुछ और जानकारी भी मांगी गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कोई अनियमितता नहीं पाई गई है। फेमा के तहत कोई उल्लंघन पाए जाने पर ही इस कानून के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

# राष्ट्रीय

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बोलीं-इलाके में शांति बहाली के लिए की गई आवश्यक कार्रवाई

# संदेशखालि मामले में दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा

**कोलकाता, एजेंसी**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अशांत संदेशखालि में समस्या पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए हरसंभव आवश्यक कार्रवाई की गई है। बनर्जी ने राज्य विधानसभा में कहा कि अशांत संदेशखालि क्षेत्र में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि में शामिल दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचारों को लेकर जिस क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन हो रहा है, उसका जिक्र करते हुए बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि उन्होंने कभी किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया है और न ही होने देंगी। उन्होंने कहा-हम संदेशाखालि की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। किसी भी गलत काम में शामिल किसी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। मैंने वहां राज्य महिला आयोग को भेजा है और संदेशाखालि के लिए एक पुलिस दल गठित किया है। बनर्जी ने कहा-क्षेत्र में अशांति फैलाने के लिए एक भयानक साजिश रची जा रही है और राज्य सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की है। बुधवार को सातवें दिन संदेशखालि में विरोध प्रदर्शन जारी रहा, बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतर आईं और टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग की।

### बंगाल पुलिस ने शुभेंदु अधिकारी को संदेशखालि जाने से रोका

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी को बृहस्पतिवार को संदेशखालि जाने से रोक दिया। जिस वाहन में पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और तीन अन्य भाजपा विधायक सवार थे, उसे संदेशखालि जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाले रामपुर गांव में पुलिसकर्मियों के एक दल ने रोक दिया। अधिकारी ने कहा कि कुल चार विधायक इलाके में जा रहे थे इसलिए निषेधात्मक आदेश के उल्लंघन का सवाल ही नहीं उठता। इससे पहले, अधिकारी और पांच अन्य भाजपा विधायकों को सोमवार को संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोक दिया गया था।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की टीम ने संदेशखालि का किया दौरा

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि का दौरा करने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष अरुण हलदर ने कहा कि वहां के लोगों ने आयोग के सदस्यों के साथ अपने 'खौफनाक अनुभव' साझा किए। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचार किए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। हलदर के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने उस क्षेत्र के निवासियों से बात की, जहां मुख्य रूप से अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़े समुदायों के लोग रहते हैं। दौरे के बाद हलदर ने कहा कि हमने विभिन्न लोगों से बात की जिन्होंने अपने साथ हुए खौफनाक अनुभवों के बारे में बात की।

## हेमंत सोरेन को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**रांची।** रांची में एक विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बृहस्पतिवार को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ईडी की हिरासत में थे। पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा-हेमंत सोरेन को आज विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया और उन्हें 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हम उनके लिए जमानत याचिका दायर करेंगे।" रंजन ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोरेन की हिरासत बढ़ाने का अनुरोध नहीं किया। झामुमो नेता को अदालत से रांची के होटवार में स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ले जाया गया है।

## रजिस्ट्रार जनरल को मिला बम की धमकी वाला ईमेल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- धमकी मिलने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय की बढ़ाई गई सुरक्षा
- वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मामले के बारे में दी जानकारी

दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल) को एक ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद अदालत में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को बुधवार को उनके आधिकारिक अकाउंट में ईमेल मिला। बलवंत देसाई नामक व्यक्ति द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को 12 फरवरी को भेजे गए ईमेल में आगाह किया गया है कि गुरुवार को एक बम धमाका होगा और यह दिल्ली में सबसे बड़ा धमाका होगा। ईमेल में लिखा है कि यह दिल्ली में सबसे बड़ा विस्फोट होगा। मंत्री को भी फोन करो, सबको उड़ा दिया जाएगा। इस ईमेल को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकारियों ने सुरक्षा बढ़ा दी है। ईमेल के बाद उच्च न्यायालय के प्राधिकारियों ने दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को एक पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि उच्च न्यायालय के सक्षम प्राधिकरण ने मामले को गंभीरता से लिया है और आयुक्त से उच्च न्यायालय परिसर में और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया है। वहीं उच्च न्यायालय के प्राधिकारियों ने मामले की विस्तृत जांच कराने और जल्द से जल्द एक रिपोर्ट सौंपने की मांग की है।

## भाजपा के नंदकिशोर सर्वसम्मति से बने बिहार विधानसभा के अध्यक्ष

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री नंदकिशोर यादव को सर्वसम्मति से गुरुवार को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया। विधानसभा में सभाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने श्री यादव के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने की घोषणा की। इसके बाद सदन के नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव श्री नंदकिशोर यादव को अध्यक्ष की कुर्सी तक ले गए और उन्हें आसन पर बैठाया। इससे पहले उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सदन के नेता और तेजस्वी प्रसाद यादव को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान की जाने की घोषणा की। इसके बाद सभाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू करते हुए सभाध्यक्ष पद के लिए एक ही नामांकन होने की सदन को सूचना दी।

## एक नजर

### भाजपा की आज से होगी राष्ट्रीय परिषद की बैठक

**नई दिल्ली।** भाजपा की राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक शनिवार को यहां स्थित भारत मंडपम में शुरू होगी, जिसमें देश भर के करीब 11,500 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिनिधियों में देश भर से पार्टी के पदाधिकारी, वर्तमान और पूर्व सांसद, विधायक और निर्वाचित महापौर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इसका एक व्यापक संगठनात्मक एजेंडा होगा।

### तमिलनाडु में भाजपा पदाधिकारी की हत्या

**मदुरै (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के मदुरै शहर में वंडियूर टोल प्लाजा के पास एक अज्ञात बदमाशों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पदाधिकारी की गुरुवार को बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान एम.पी. शक्तिवेल (40) के रूप में हुई है। वह मदुरै शहरी जिले के भाजपा के ओबीसी विंग के सचिव थे। जब वह मोटरसाइकिल चला रहे थे तो हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और उनकी हत्या कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी राजाजी अस्पताल (जीआरएच) भेज दिया गया।

## गुजरात में दो समूहों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत, 30 लोगों पर मामला दर्ज

**हिम्मतनगर।** गुजरात के साबरकांठा जिले के प्रांतिज शहर में दो समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार रात खोडियार कुवा इलाके में हुई। पुलिस अधीक्षक विजय पटेल ने कहा-मयूर भोई और इमरान कादरी नाम के दो व्यक्तियों के बीच पैसों को लेकर हुए झगड़े के बाद झड़प हुई। जिसमें राजू भोई नामक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''राजू की हत्या के आरोप में 30 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें से 17 लोगों की पहचान कर ली गई है।

## एनआईए ने महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापे मारे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

### आईएसआईएस षड्यंत्र मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिमी घाट क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस की साजिश से संबंधित एक मामले में महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापों के बाद बृहस्पतिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि छत्रपति संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद) में नौ जगहों पर अनेक संदिग्धों के आवासों पर छापों के दौरान मोहम्मद जोहेब खान को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि इस कार्रवाई के दौरान मामले से संबंधित अनेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। प्रवक्ता ने कहा कि खान के खिलाफ मामला एनआईए मुंबई द्वारा इस जानकारी के आधार पर दर्ज किया गया था कि उसने और उसके साथियों ने आईएसआईएस खलीफा के लिए काम करने की शपथ ली थी।

# अयोग्यता के मामले में अजित गुट की जीत

**मुंबई, एजेंसी**

- विधानसभा अध्यक्ष राहुल ने खारिज की सभी याचिकाएं
- नार्वेकर बोले-संख्या के हिसाब से अजित गुट असली एनसीपी



महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि अजित पवार की अगुवाई वाला समूह उस समय असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) था, जब पार्टी में जुलाई 2023 में दो गुट उभरे थे, और अजित तथा शरद पवार नीत खेमों की अयोग्यता याचिकाएं खारिज कर दीं।

नार्वेकर ने यहां विधानमंडल परिसर में अपने फैसले में कहा-(विधायकों की) अयोग्यता का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं खारिज की जाती हैं। अजित पवार के अपने समर्थकों के साथ जुलाई 2023 में महाराष्ट्र की शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने और उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अयोग्यता याचिकाएं शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार नीत प्रतिद्वंद्वी खेमों ने दायर की थीं। नार्वेकर ने फैसले में कहा कि पार्टी संस्थापक शरद पवार के फैसलों पर सवाल उठाना या उनकी इच्छा की अवहेलना करना दल-बदल नहीं है बल्कि यह केवल एक आंतरिक असहमति है।

उन्होंने कहा कि दल-बदल रोधी प्रावधानों से संबद्ध संविधान की 10वीं अनुसूची का इस मामले में दुरूपयोग किया गया। पार्टी नेतृत्व बड़ी संख्या में सदस्यों को अयोग्य करार दिये जाने की धमकी देकर उनकी असहमति की आवाज दबाने के लिए 10वीं अनुसूची का इस्तेमाल नहीं कर सकता। फैसले में कहा गया है कि राकांपा में (जुलाई 2023 में) हुआ घटनाक्रम स्पष्ट रूप से पार्टी की अंदरूनी असहमति थी।

विधानसभा अध्यक्ष हुल नार्वेकर ने कहा कि पार्टी में टूट होने के समय अजित पवार खेमे में ज्यादातर विधायक थे। उन्होंने कहा कि अजित पवार खेमे के फैसले ने राकांपा की इच्छा को प्रदर्शित किया। पिछले हफ्ते, अजित पवार नीत पार्टी को असली राकांपा करार देने संबंधी निर्वाचन आयोग के फैसले के बाद नार्वेकर का यह निर्णय आया है। विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राकांपा-शरदचंद्र पवार पार्टी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि यह शिवसेना में अयोग्यता मामले में दिये नार्वेकर के पूर्व के फैसले का ही दोहराव है।

## पूर्व सांसद सुभाष यादव की नियमित जमानत अर्जी खारिज

**पटना।** पटना की एक विशेष अदालत ने धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात एवं रंगदारी के मामले में अभियुक्त बनाए गए पूर्व सांसद सुभाष यादव की नियमित जमानत याचिका आज खारिज कर दी। सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित पटना की विशेष अदालत के प्रभारी न्यायाधीश आशुतोष खेतान ने यादव की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद उन्हें जमानत पर मुक्त किए जाने से इनकार कर दिया। पूर्व सांसद श्री यादव की ओर से विशेष अदालत में 13 फरवरी 2024 को आत्म समर्पण सह जमानत याचिका दाखिल की गई थी लेकिन जमानत अर्जी पर बहस नहीं की गई थी।

## कोर्ट का 182 साल जेल की सजा टाल रहे कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- हाईकोर्ट ने कहा-निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता




दिल्ली उच्च न्यायालय ने भूखंड खरीददारों से ठगी करने के मामले में 182 साल जेल की सजा को टाल रहे एक रियल एस्टेट कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा है कि इसे प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, नियमित रूप से विस्तारित किए जाने वाला अधिकार नहीं। उच्च न्यायालय ने कहा कि निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता और महज इस आधार पर पैरोल को अनंत काल तक जारी रखने की व्यक्ति द्वारा की जा रही कोशिशें दिल्ली कारागार नियम, 2018 के तहत 'फर्लो' एवं 'पैरोल' प्रदान करने की योजना के खिलाफ होगी।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा-मौजूदा मामले में, याचिकाकर्ता दिल्ली कारागार नियम, 2018 के अनुरूप पैरोल प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकार के समक्ष अर्जी लगाए बिना, कानूनन सुनाई गई सजा को वर्षों से टाल रहा है। उन्होंने कहा कि रिट याचिकाओं के जरिये पैरोल के स्वतः विस्तार को नियमित नहीं माना जा सकता, जो करीब चार साल से जारी है। तिरुपति एसोसिएट्स के राकेश कुमार की याचिका खारिज करते हुए उच्च न्यायालय का यह आदेश आया है। कुमार ने छह महीनों के पैरोल के लिए अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने कहा-पैरोल प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, और उपरोक्त अवधि के लिए नियमित रूप से पैरोल अधिकार नहीं है...। याचिकाकर्ता के अनुसार, वह सात साल हिरासत में रह चुके हैं। उन्हें एक उपभोक्ता मंच ने भूखंड खरीददारों के एक संघ द्वारा दायर किये गये मामले में 182 साल जेल की सजा सुनाई है। कुमार ने दलील दी कि उच्च न्यायालय के 13 सितंबर 2019 के एक आदेश पर उन्हें पैरोल पर रिहा किया गया और मामले को सुलझाने के उनके आश्वासन के मद्देनजर समय-समय पर इसे विस्तारित किया गया। पिछला आदेश इस साल 10 जनवरी को जारी किया गया था।



# भारतीय टेस्ट कैप पाकर भावुक हो गए सरफराज और जुरेल

## राहुल के चोटिल होने, अय्यर के बाहर और विराट की अनुपस्थिति के कारण टेस्ट टीम में मिली जगह

राजकोट, एजेंसी

भारतीय टीम में गुरुवार सुबह तब भावनाएं पड़ी जब सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच से पहले टेस्ट कैप सौंपी गई। मुंबई की तरफ से अच्छा प्रदर्शन कर रहे सरफराज लंबे समय से भारतीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे थे लेकिन इस खिलाड़ी को आखिर इंतजार के बाद टेस्ट टीम में जगह मिल गई।



केएल राहुल के चोटिल होने, श्रेयस अय्यर को बाहर किए जाने तथा विराट कोहली की अनुपस्थिति से सरफराज को टेस्ट टीम में जगह मिला। दूसरी तरफ केएस भरत के बल्लेबाजी में लगातार लचर प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश के जुरेल का विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में अंतिम एकादश में चयन तय माना जा रहा था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका औसत लगभग 47 है। सरफराज भारत के 311वें और जुरेल 312वें टेस्ट क्रिकेटर बने। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और देश के सबसे सफल गेंदबाज अनिल कुंबले ने टेस्ट कैप दी। कुंबले ने कहा कि सरफराज जैसे आगे बढ़े उस पर हमें गर्व है। आपने जो हासिल किया मुझे विश्वास है कि आपके पिता और परिवार को गर्व होगा। आपसे पहले केवल 310 लोग टेस्ट खेले हैं। सरफराज को बाद में अपने पिता और कोच नौशाद खान को अपनी टेस्ट कैप दिखाते हुए देखा गया। यही नहीं उनकी पत्नी की आंखों में आंसू छलक आए और सरफराज को उन्हें पोंछते हुए देखा गया। जुरेल को पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने टेस्ट कैप सौंपी। कार्तिक ने कहा कि आगरा से आना और छोटी उम्र में नोएडा जाना और आपके साथ आपकी मां का होना। इस यात्रा में कुछ मुश्किलें जरूर आई होंगी। इस यात्रा में कई लोगों ने आपकी मदद की होगी और मुझे यकीन है कि आज आपको देखकर वे खुश हो रहे होंगे। उन्होंने कहा कि आपने विभिन्न प्रारूप में मैच खेले होंगे लेकिन टेस्ट क्रिकेट सबसे कड़ा प्रारूप होता है और जब आप इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बहुत संतुष्टि मिलती है।

**311** वें टेस्ट क्रिकेटर बने सरफराज

**312** वें खिलाड़ी चुने गए ध्रुव जुरेल

# टी-20 विश्व कप तक भारत के मुख्य कोच राहुल और टीम के कप्तान रहेंगे रोहित : शाह

राजकोट, एजेंसी

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पुष्टि की कि राहुल द्रविड़ इस साल जून में होने वाले टी-20 विश्व कप तक मुख्य कोच बने रहेंगे। द्रविड़ का अनुबंध पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था, लेकिन उन्हें कार्यकाल तय किए बिना उनके सहयोगी स्टाफ के साथ दिसंबर जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के दौरे तक पद पर बने रहने के लिए कहा गया था। शाह ने कहा कि उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप तक द्रविड़ को मुख्य कोच बनाए रखने का फैसला करने से



पहले इस पूर्व कप्तान से बातचीत की। शाह ने कहा कि विश्व कप के बाद राहुल को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाना पड़ा। आप राहुल द्रविड़ जैसे सीनियर के अनुबंध को लेकर चिंतित क्यों हैं। वह टी-20 विश्व कप में भी कोच बने रहेंगे। शाह ने हालांकि संकेत दिए कि टी20 विश्व कप से पहले उनके बीच कुछ दौर की बातचीत होगी।

### रोहित की अगुवाई में भारत टी-20 विश्वकप जीतेगा

जय शाह ने भारत की कप्तानी पर कहा कि उन्हें भरोसा है कि रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत खिताब जीतेगा। शाह ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) स्टेडियम का नाम बदलकर निरंजन शाह स्टेडियम करने के कार्यक्रम में कहा कि हम भले ही 2023 वनडे विश्वकप का फाइनल हार गए हो, लेकिन हमने लगातार 10 मैच जीतकर दिल जीत लिया। मुझे विश्वास है कि भारत बारबाडोस में रोहित की कप्तानी में 2024 टी-20 विश्वकप जीतेगा। शाह ने टी-20 विश्वकप के लिए रोहित को कप्तानी की कमान सौंपने के फैसले के बारे में यह जानकारी दी।

## खेल डायरी

### डब्ल्यूपीएल 2 : यूपी वारियर्स से जुड़े अभय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा रह चुके अभय शर्मा 23 फरवरी से शुरू हो रही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र से पहले यूपी वारियर्स से क्षेत्ररक्षण और विकेटकीपिंग कोच के रूप में जुड़ गए हैं। रेलवे के पूर्व रणजी कप्तान अभय ने पिछले घरेलू सत्र में दिल्ली की रणजी टीम को कोचिंग दी थी। वह भारत ए और भारत अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका में भी निभा चुके हैं। इंग्लैंड के जॉन लुईस यूपी वारियर्स के मुख्य कोच हैं। डब्ल्यूपीएल के सूत्र ने कहा कि अभय यूपी वारियर्स के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ गए हैं। अभय 54 साल के हैं और उन्होंने 1988 से 2003 के बीच 89 प्रथम श्रेणी मैच खेले। यूपी वारियर्स की टीम बेंगलुरु में ट्रेनिंग कर रही है। डब्ल्यूपीएल का पहला चरण बेंगलुरु में होगा जिसके बाद दूसरा और अंतिम चरण दिल्ली में खेला जाएगा।

### स्वास्थ्य को लेकर चिंतित नडाला कतर ओपन से हटे

**दोहा (कतर), एजेंसी।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल अगले सप्ताह से शुरू होने वाले कतर ओपन से हट गए हैं, क्योंकि उनका मानना है कि कोर्ट पर वापसी के लिए अभी वह पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हैं। नडाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं दोहा में खेलना पसंद करता जहां आयोजकों के साथ दर्शकों ने भी मेरा भरपूर समर्थन किया। दुर्भाग्य से मैं अभी प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हूं और इस कारण दोहा नहीं आ पाऊंगा। मैं 2014 की अविस्मरणीय जीत के बाद दोहा में खेलना चाहता था। मैं लास वेगास में होने वाले प्रदर्शनी मैच और इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में खेलने के लिए खुद को तैयार करने पर ध्यान दूंगा। स्पेन के इस खिलाड़ी को 3 मार्च को कार्लोस अल्कराज़ के खिलाफ प्रदर्शनी मैच खेलना है और इसके बाद वह कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

### फीफा रैंकिंग में भारत खिसककर 117वें स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम हाल में एएफसी एशियाई कप में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण गुरुवार को फीफा रैंकिंग में 15 पायदान खिसककर 117वें स्थान पर पहुंच गई जो 7 साल में उसकी सबसे खराब रैंकिंग है। भारत एएफसी एशियाई कप में अपने सभी तीनों ग्रुप मैच गंवा बैठा था। यह भारत की जनवरी 2017 में 129वीं रैंकिंग के बाद सबसे खराब रैंकिंग है। अब तक देश की सबसे खराब रैंकिंग 2015 में 173 थी। भारत ने पिछली रैंकिंग से 35.63 रेटिंग अंक गंवा दिए। अब वह टोगो (116वीं रैंकिंग) और गिनी बिसाऊ (118वीं) के बीच में है। एशियाई देशों में भारत की रैंकिंग 22 है। कोच इगोर स्टिमक के मार्गदर्शन में भारत एशियाई कप में आस्ट्रेलिया से 0-2, उज्बेकिस्तान से 0-3 और सीरिया से 0-1 से हार गया था जिससे उसे कोई अंक नहीं मिला और टीम इसमें कोई गोल भी नहीं कर पाई।

### कोलमैन को हराकर नागल क्वार्टरफाइनल में



बेंगलुरु ओपन

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत के दूसरे वरीय सुमित नागल को गुरुवार को हांगकांग के कोलमैन वांग से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन वह एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले को जीतकर बेंगलुरू ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। नागल ने 6-2, 7-5 से जीत हासिल की। नागल ने पहले सेट में 2-0 की बढ़त बनाई। नागल को फिर आठवें गेम में एक और ब्रेक मिला, जिससे उन्होंने पहला सेट 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में वोंग ने नागल को संघर्ष कराया। पहले चार गेम में दोनों ने अपनी सर्विस पर गेम जीते। कोलमैन ने पांचवें गेम में नागल की सर्विस तोड़ी, जिससे इस टूर्नामेंट में पहली बार नागला ने अपनी सर्विस 'ड्राप' की। नागल ने छठे गेम में सर्विस ब्रेक कर स्कोर 3-3 कर दिया। सातवें गेम में नागल 0-40 से पीछे थे और वोंग ने दो विनर जमा दिए। नागल ने खेल में सुधार करते हुए स्कोर 'ड्यूस' किया और 4-3 से आगे हो गए। नागला को 10वें गेम में मैच खत्म करने का मौका मिला लेकिन वोंग ने दोनों मैच प्वाइंट बचा दिए। नागल ने 12वें गेम में तीसरे मैच प्वाइंट में मौका नहीं गंवाया। वोंग ने 40-30 पर मजबूत वॉली लगाई पर नागल ने फोरहैंड क्रॉस कोर्ट विनर से मैच अपने नाम किया।

# रोहित और जडेजा के शतक से भारत संभला

## तीसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक भारत का स्कोर 5 विकेट पर 326 रन

राजकोट, एजेंसी



कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने गुरुवार को शतक जड़कर न सिर्फ टीम को शुरुआती झटकों से उबारा बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच का पहला दिन भी भारत के नाम किया। भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 5 विकेट पर 326 रन बनाए हैं। रोहित (131) और जडेजा (नाबाद 110) ने चौथे विकेट के लिए 204 रन की साझेदारी की। यह भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ चौथे विकेट के लिए तीसरी बड़ी साझेदारी है। इन दोनों के अलावा अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज खान ने 66 गेंद पर 62 रन की मनोरंजक पारी खेली। स्टंप उखड़ने के समय जडेजा के साथ नाइट वॉचमैन कुलदीप यादव



एक रन पर खेल रहे थे।

रोहित और जडेजा ने तब मोर्चा संभाला जब भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर अपने तीन युवा बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल (10), शुभमन गिल (00) और रजत पाटीदार (05) के विकेट गंवा दिए थे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने अब तक 69 रन देकर 3 विकेट लिए हैं। रोहित और जडेजा ने सहजता से रन बटोरे। उन्हें निरंजन शाह स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर परेशानी नहीं हुई। वुड को हालांकि सुबह के सत्र में थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था लेकिन बाद में इस तेज गेंदबाज ने शॉर्ट पिच गेंदों से भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा ली। रोहित ने लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर दो रन लेकर अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया जो इंग्लैंड के खिलाफ उनका तीसरा शतक है। रोहित ने विशेषकर रेहान को निशाने पर रखा लेकिन वुड ने शॉर्ट पिच गेंद करना जारी रखा। रोहित का धैर्य जवाब दे गया और इस तेज गेंदबाज की एक और शॉर्ट पिच गेंद को सबक सिखाने के प्रयास में मिड विकेट पर बेन स्टोक्स को कैच दे बैठे। उन्होंने 196 गेंद का सामना करके 14 चौके और 3 छक्के लगाए। जडेजा ने शतक के करीब पहुंचने के बाद धीमी बल्लेबाजी की। उन्होंने 198 गेंद का सामना करके अपने टेस्ट कॅरियर का चौथा शतक लगाया। इस ऑल राउंडर ने लेग साइड में रन बटोरे तथा विकेटों के बीच उनकी दौड़ शानदार रही। जडेजा ने अब तक 212 गेंद का सामना करके 9 चौके और 2 छक्के जड़े हैं। सरफराज को देखकर नहीं लगा कि वह अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे हैं। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी की तथा मैदान के चारों तरफ शॉट लगाकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली की गेंद छक्के के लिए भेजी और 48 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। जब लग रहा था कि सरफराज बड़ी पारी खेलने में सफल रहेंगे तब जडेजा के साथ गफलत के कारण उन्हें रन आउट होना पड़ा। उन्होंने 66 गेंद की अपनी पारी में 9 चौके और 1 छक्का लगाया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही जबकि वुड ने सुबह के सत्र में 2 और हार्टली ने 1 विकेट लेकर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। वुड की गति और पिच से मिल रहे मूवमेंट के कारण भारत को शुरू में कुछ करारे झटके लगे। पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज जायसवाल कुछ खास नहीं कर पाए तथा वुड की गेंद पर स्लिप में कैच दे बैठे। विशाखापत्तनम टेस्ट में शतक बनाकर वापसी करने वाले गिल को वुड ने खाता भी नहीं खोलने दिया। उन्होंने विकेटकीपर बेन फॉक्स को आसान कैच दिया। गिल की पारी केवल नौ गेंद तक सीमित रही। भारत का स्कोर तब 3 पर 33 रन हो गया। नंबर 4 पर आए पाटीदार ने हार्टली की गेंद पर शॉर्ट कवर पर खड़े बेन डकेट को कैच दिया। दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले रोहित का भाग्य ने साथ दिया। जेम्स एंडरसन की गेंद पर उन्हें पगबाधा दे दिया गया था, लेकिन डीआरएस से पता चला की गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई थी। इसके कुछ ओवर बाद जो रूट ने हार्टली की गेंद पर स्लिप में उनका कैच छोड़ा। रोहित तब 27 रन पर खेल रहे थे।

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

- भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर यशस्वी, शुभमन और रजत का विकेट गंवाया
- रोहित और जडेजा ने 204 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला, सरफराज ने दिया 62 रन का योगदान

### जडेजा ने सरफराज से मांगी माफी

**राजकोट।** रविंद्र जडेजा ने तीसरे टेस्ट के पहले दिन रन के लिए बुलाने के गलत फैसले के लिए सरफराज खान से माफी मांगी, जिससे वह रन आउट हो गए। 1 रन के लिए बुलाने के जडेजा के गलत फैसले से सरफराज गेंदबाजी छोर पर रन आउट हो गए। जडेजा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, 'सरफराज के लिए बुरा लग रहा है। यह मेरा गलत फैसला था, आप अच्छा खेले।

### स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी) 326/5 (86 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड | 10 | 10 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड | 131 | 196 | 14/3 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड | 00 | 09 | 0/0 |
| रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली | 05 | 15 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा (खेल रहे) | 110 | 212 | 9/2 |
| सरफराज खान रन आउट (मार्क वुड) | 62 | 66 | 9/1 |
| कुलदीप यादव (खेल रहे) | 01 | 10 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** (बाई-1, लेगबाई-3, नो बॉल -2, वाइड-1) 07, **विकेट पतन :** 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, **गेंदबाजी :** जेम्स एंडरसन 19-5-51-0, मार्क वुड 17-2-69-3, टॉम हार्टली 23-3-81-1, जो रूट 13-1-68-0, रेहान अहमद 14-0-53-0

# डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने गुरुवार को कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फिर से निलंबित करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि संजय सिंह की अगुआई वाली संस्था को बहाल करने से पहलवान 'खतरे और उत्पीड़न' के दायरे में आ गए हैं। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने मंगलवार को भारत पर लगा अस्थाई प्रतिबंध हटा दिया लेकिन राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया कि वह लिखित गारंटी दे कि विरोध कर रहे पहलवानों बजरंग, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट के खिलाफ भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी। बजरंग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने हैंडल में साझा किए पत्र में लिखा कि इस फैसले से भारतीय पहलवान एक बार फिर डब्ल्यूएफआई सदस्यों से खतरे और उत्पीड़न के दायरे में आ गए हैं। समय पर चुनाव नहीं कराने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने पिछले साल 23 अगस्त को डब्ल्यूएफआई को निलंबित किया था। कई अड़चनों के बाद अंततः डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए और संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया। बजरंग ने कहा कि हम पहलवान आपसे अनुरोध करते हैं कि विभिन्न माध्यमों से अनुचित कार्यों और उत्पीड़न के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों का समर्थन करें। भारतीय पहलवान न्याय और निष्पक्ष एवं सुरक्षित खेल के अपने अधिकारों के लिए आपकी ओर देख रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आप भारत में स्वच्छ और निष्पक्ष खेल गतिविधियों का समर्थन तथा डब्ल्यूएफआई के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के हमारे अनुरोध पर विचार करेंगे।

# भारतीय पुरुष टीम चीन से 2-3 से हारी

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

बीएटीसी



भारतीय पुरुष टीम को सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार युगल जोड़ी की कमी खली, जिससे उसे गुरुवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप (बीएटीसी) के ग्रुप मैच में चीन से 2-3 से हार मिली। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने अपने एकल मुकाबले जीते लेकिन चीन ने दोनों युगल मुकाबले जीतकर स्कोर 2-2 कर दिया और अंतिम मैच में चिराग सेन को वांग झेंग जिंग से हार मिली, जिससे भारत मुकाबला गंवा बैठा। पहले ही नॉकआउट में जगह बना चुकी भारतीय टीम ग्रुप में दूसरी रही और चीन ने शीर्ष स्थान पाया। पता चला है कि सात्विक और चिराग को टीम प्रबंधन ने आराम दिया था क्योंकि भारत पहले ही हांगकांग पर 4-1 की जीत से क्वार्टरफाइनल में जगह बना चुका था। प्रणय ने वेंग पर जीत दर्ज कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। पहले युगल में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला एक गेम जीतने के बावजूद चेन बो यांग और लियू यिन से पराजित हो गए। लक्ष्य सेन ने फिर लेई लान जि को हराकर भारत को वापसी कराई। लेकिन सूरज गोआला और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय की जोड़ी को दूसरे युगल में रेन जियांग यु और जि हाओ नान की जोड़ी से हार मिली, जिससे स्कोरलाइन 2-2 हो गई। निर्णायक मैच में चिराग भारत के लिए मैच नहीं जीत सके।



# बॉलीवुड हलचल

## शैतान का गाना खुशियां बटोर लो रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का पहला गाना खुशियां बटोर लो रिलीज हो गया है। अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'जब आप अपने परिवार के साथ होते हो, तो हर पल कीमती और खूबसूरत'। विकास बहल के निर्देशन में बनी फिल्म 'शैतान' में अजय देवगन के साथ आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।

### आलिया भट्ट की सीरीज पोचर का ट्रेलर जारी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट निर्मित फिल्म पोचर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'पोचर' अमेज़न प्राइम वीडियो की ओरिजिनल क्राइम सीरीज़ है। इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 'पोचर' को आलिया भट्ट ने प्रोड्यूस किया है. वहीं, निर्देशक रिची मेहता है। यह सीरीज असल घटना पर बनी है, इसकी कहानी एक हाथी के इर्द-गिर्द घूमती है। पोचर 23 फरवरी को अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। पोचर को हिंदी के साथ इंग्लिश, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। 'पोचर' के ट्रेलर में हाथियों की लगातार हो रही हत्या की एक झलक दिखाई गई है। इस अवैध शिकार में पुलिस वालों के साथ तमाम लोग इस गिरोह में शामिल होते हैं। इस गिरोह पर जांच बैठती है।

## मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री



बॉलीवुड में जब भी खूबसूरती की का जिक्र होता है मधुबाला के बाद माधुरी दीक्षित का नाम आना लाजमी है। 90 के दशक में माधुरी के नाम का डंका बजता था और वो न केवल सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्री थीं बल्कि कई सुपरस्टार्स से अधिक फीस लिया करती थीं। फिल्म तेजाब का गाना एक, दो, तीन पर माधुरी ने ऐसा डांस किया कि जिसे आज भी उदाहरण की तरह देखा जाता है। इस फिल्म के साथ ही माधुरी की स्टारडम की जर्नी भी शुरू हो गई थी। शादी के बाद जब माधुरी भारत छोड़ कर चली गईं तो उनके फैंस बेहद निराश हुए थे और शायद उन्हीं के लिए वो लौट आईं। माधुरी दीक्षित ने साल 1984 में राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म अबोध से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि उनकी इस फिल्म में उन्हें खास पसंद नहीं किया गया। 1988 में आई फिल्म तेजाब उनके लिए जैकपॉट साबित हुई। इस फिल्म में माधुरी ने अपनी काबिलियत साबित की। उनके डांस के लोग दीवाने हो गए। फिल्म के आइकोनिक सॉन्ग 'एक-दो-तीन' का आज भी कोई जवाब नहीं है। तेजाब के बाद बेटा और दिल जैसी फिल्मों के साथ माधुरी बॉलीवुड पर छा गईं। इसके बाद आई राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म 'हम आपके हैं कौन' जिसकी सफलता ने माधुरी को लेडी सुपरस्टार बना दिया। करियर के पीक पर माधुरी ने 1999 में डॉ श्रीराम नेने से शादी की और फिर अमेरिका चली गईं। इस बात से उनके फैंस बेहद निराश हुए, लेकिन 2007 में माधुरी ने 'आजा नचले' से कमबैक किया और फिर कई सारी सफल फिल्में दीं।

## एकता कपूर ने की मोशन पोस्टर के साथ लव, सेक्स और धोखा 2 की घोषणा



फिल्मकार एकता कपूर ने लव, सेक्स और धोखा की अगली किस्त की घोषणा की। दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होगी। बनर्जी ने ही 2010 में इसके पहले भाग का निर्देशन किया था। उनकी आखिरी निर्देशित फिल्म 2021 में रिलीज हुई थी जिसका नाम संदीप और पिंकी फरार था। एकता कपूर और उनके बैनर, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड ने संयुक्त रूप से एक मोशन पोस्टर के साथ अपने सोशल मीडिया पेज पर फिल्म की रिलीज की तारीख साझा की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा कि ये वैलेंटाइन डे आसान नहीं, बस इतना समझ लीजिए, 'लव सेक्स और धोखा' का दरिया है और डूब के जाना है। लव सेक्स और धोखा 2सिनेमाघरों में 19 अप्रैल को। निर्माताओं के अनुसार, लव, सेक्स और धोखा 2 या एलएसडी 2 रिश्तों की जटिलताओं का पता लगाता है और इंटरनेट के युग में आधुनिक प्रेम के छिपे पहलुओं को उजागर करता है। फिल्म एक मनोरंजक कथा और सम्मोहक प्रदर्शन के माध्यम से प्यार, विश्वासघात और हमारी तकनीकी रूप से संचालित दुनिया के परिणामों को गहराई से उजागर करने का वादा करती है। इसका निर्माण एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने किया है।

### शाहरुख खान की फिल्म डंकी ओटीटी पर



शाहरुख खान, तापसी पन्नू और विक्की कौशल अभिनीत डंकी आखिरकार ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। एक नाटकीय प्रदर्शन के बाद राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है। स्ट्रीमिंग दिग्गज ने बुधवार आधी रात को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी घोषणा की। स्ट्रीमिंग प्लेटफोर्म नेटफ्लिक्स ने पोस्ट के साथ लिखा कि अपना सामान पैक करें। दुनिया भर में डंकी के बाद, अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग। डंकी शाहरुख की 2023 की तीसरी रिलीज़ थी। दो बैक-टू-बैक मेगा ब्लॉकबस्टर के बाद फिल्म से उम्मीदें बहुत अधिक थीं। यह फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर 'पठान' और 'जवान' की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन मेगा हिट रही और भारत में 227 करोड़ की कमाई की। फिल्म के कलेक्शन पर सबसे ज्यादा असर प्रभास-स्टारर सालार पार्ट वन : सीजफायर से हुआ, जो शाहरुख की फिल्म के साथ रिलीज हुई थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# भारत-कतर के बीच व्यापार, निवेश, ऊर्जा क्षेत्र में बनी सहमति

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार देर रात कतर की राजधानी दोहा पहुंच गए। यहां उन्होंने अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच भारत और कतर के संबंधों को बढ़ाने पर बात हुई। पीएम मोदी ने इस बैठक को शानदार करार दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके बाद कतर के शासक शेख तमीम बिन हमाद अल थानी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-कतर के संबंधों के साथ वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को कहा कि भारत और कतर दो देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए निवेश को माध्यम के रूप में उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं।



दोहा में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी को भारत आने का निमंत्रण दिया है।

इसके साथ ही पीएम मोदी ने आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए कतर सरकार की सराहना की और भारतीय समुदाय का समर्थन करने के लिए कतर के अमीर को धन्यवाद दिया। विदेश सचिव ने बताया कि दोनों नेताओं ने ऊर्जा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश और साझेदारी को लेकर बात की।

प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर की वार्ता पर विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि दोनों नेताओं की चर्चा में व्यापार साझेदारी, निवेश सहयोग और ऊर्जा संबंध शामिल हैं।

### भारतीयों ने किया मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

प्रधानमंत्री मोदी के दोहा पहुंचने के बाद होटल के बाहर प्रवासी भारतीयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। हाथों ने भारतीय तिरंगा लेकर आए लोगों ने 'मोदी-मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। पीएम मोदी ने होटल के बाहर स्वागत के लिए जुटे लोगों से हाथ मिलाया। कुछ प्रवासी भारतीयों ने पीएम मोदी को किताबें भी भेंट कीं। इस दौरान लोगों ने पीएम मोदी से बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें भी लीं। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, दोहा में असाधारण स्वागत के लिए प्रवासी भारतीयों का आभारी हूं।



# महेश दत्तानी की सोच से मैंने बहुत कुछ सीखा

मुंबई, एजेंसी

- अभिनेत्री शिल्पा ने कहा- दत्तानी का नाटक 'बिग फैट सिटी' देश की सबसे प्रमुख ब्लैक कॉमेडी

1986 में अपने पहले नाटक 'व्हेयर देयर इज ए विल' से ही, नाटककार और निर्देशक महेश दत्तानी ने समकालीन भारतीय वास्तविकताओं को थिएटर में शामिल किया और आधुनिक मुद्दों और रिश्तों को एक नए दृष्टिकोण के साथ पेश किया।

जी थिएटर के टेलीप्ले 'बिग फैट सिटी' में भी महेश मुंबई के संघर्षमय जीवन से जूझते उन लोगों पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं जो अधूरी जरूरतों और इच्छाओं के चक्र में फंसे हुए हैं। जानी-मानी फिल्म, थिएटर, ओटीटी और टेलीविजन अभिनेत्री शिल्पा शुक्ला इस बात से रोमांचित हैं कि उन्हें दत्तानी के साथ काम करने का मौका मिला और कहती हैं, जब उन्होंने मुझे 'बिग फैट सिटी' के लिए बुलाया, तो मुझे विश्वास नहीं हुआ। ये उन्हीं के मार्गदर्शन का नतीजा है की आज में अभिनय की कला को एक नए



अभिनेत्री शिल्पा शुक्ला।

दृष्टिकोण से देखती हूं जहां कोई एकरसता नहीं है। उन्होंने कहा- मैंने उनसे, जीवन पर उनकी टिप्पणियों और उनके संपूर्ण अस्तित्व से कितना कुछ सीखा है। एक शिक्षक के रूप में वह उत्कृष्ट हैं। उन्होंने कितने ही लोगों का मार्गदर्शन दिया है और वह वास्तव में हमारे लिए एक अथाह खजाने की तरह हैं। उनके जैसे बहुत कम लोग हैं। 'बिग फैट सिटी' में की गई सामाजिक टिप्पणी के बारे उन्होंने कहा, नाटक उन आकांक्षाओं के बारे में है जिनके चलते हम एक फ्लैट, एक प्रेमी या शायद एक बड़ी भूमिका की कामना में उलझे रहते हैं। ये कहानी दर्शाती है कि कुछ लोग बाहरी नजरिए से दुनिया को देखते हैं और अंदर नहीं झांकते । वे ग्लैमर और छवि के संदर्भ में ही सोचते हैं जबकि वास्तव में, उनके सपनों के शहर में बहुत गंदगी हो सकती है। यह संभवतः भारत की पहली ब्लैक कॉमेडी है जो आकांक्षा के अंधेरे पक्ष को उजागर करती है। उन्होंने कहा- दत्तानी ने नाटक में 'हास्य' और 'वीभत्स' जैसे रसों का मिश्रण किया है, जहां ठहाकों के साथ-साथ एक लाश से उपजी भय की भावना भी है। उन्होंने कहा, जिस तरह से उन्होंने कहानी के भीतर जटिल जमीनी हकीकतों को बुना है, वह लाजवाब है। महेश सर ने आधुनिक तकनीक का भी शानदार ढंग से उपयोग किया है। जिस तरह से उन्होंने टेक्स्ट संदेशों आदि का उपयोग किया है , वह अब कहीं जाकर ओटीटी शो दिखा रहे हैं।

## एक नजर

### अमेरिका में धोखाधड़ी के आरोप में भारतवंशी युवक को पांच साल की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक 24 वर्षीय भारतीय मूल के लड़के को अमेरिकी महिला के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में 51 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल, लड़के ने महिला को कंप्यूटर हैकिंग के जरिए 150,000 अमेरिकी डॉलर का चूना लगाया था। भारतीय मूल के लड़के की पहचान सुखदेव वैद्य के तौर पर की गई है। उसे पिछले साल दिसंबर में दोषी ठहराया गया था। उसने अंतरराष्ट्रीय कंप्यूटर हैकिंग के जरिए महिला को निशाना बनाया था और उनसे 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी की। बुधवार को अदालत ने बताया कि कस्टडी से रिहा होने के बाद आरोपी को निर्वासन के लिए ब्यूरो ऑफ कस्टम और इमीग्रेशन इंफोर्समेंट के पास भेजा जाएगा।

### सेना व्यवसाय के बजाए रक्षा पर दे ध्यानः पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट

**इस्लामाबाद।** सेना के राजनीतिक और व्यवसायिक हस्तक्षेप को लेकर पाकिस्तान स्थित सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी आलोचना की है। एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से यह सुनिश्चित करने का आश्वासन मांगा कि सेना रक्षा के अलावा किसी अन्य व्यवसायों पर फोकस नहीं करेगा। गौरतलब है कि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए सैन्य भूमि के इस्तेमाल की जांच करने वाले एक मामले में तीन न्यायाधीशों की पीठ का नेतृत्व पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान इस बात पर जोर दिया कि देश की सभी संस्थानों को सिर्फ अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए।

### निजी कंपनी ने चंद्रमा पर भेजा मून लैंडर, सफलतापूर्वक लॉन्च

**वाशिंगटन।** नासा की मदद से गुरुवार को अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने मून लैंडर ओडिसी को लॉन्च करने में सफलता हासिल की है। इसका नाम कवि होमर के हीरो के नाम पर रखा गया है। पहले इसे 14 फरवरी को लॉन्च किया जाना था, लेकिन ईंधन संबंधी समस्या के कारण इसमें देरी हुई। अबतक अमेरिका, रूस, चीन, भारत और जापान ने चंद्रमा पर सफल मिशन भेजा है। हालांकि, किसी निजी फर्म की ओर से अबतक ऐसा संभव नहीं हो पाया है।

### अमेरिका के कंसास सिटी में गोलीबारी, एक की मौत, 21 घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर फायरिंग हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, 21 लोग घायल हुए हैं। अग्निशमन विभाग ने बताया कि गोलीबारी चीफ्स की सुपर बाउल जीत के लिए परेड और रैली के बाद हुई थी। घटना मिसौरी के कंसास शहर की है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, जब चीफ्स के प्रशंसक यूनियन स्टेशन के पश्चिम में गैरेज के पास से गुजर रहे थे, तभी वहां गोलीबारी हो गई थी। पुलिस ने हमले के बाद तीन हथियारबंद लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, तीन घायलों की हालत गंभीर है। घटना के बारे में एक महिला ने बताया कि जब गोलियां की आवाज आई तो हम वहां से भागकर एक लिफ्ट में छिप गए।

पाकिस्तानः पीएम पद के लिए शहबाज का नाम आने के बाद, पीटीआई ने भी की घोषणा

# इमरान ने लगाई अयूब के नाम पर मुहर

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव खत्म हुए एक हफ्ता हो गया है, लेकिन प्रधानमंत्री पद को लेकर अभी भी संशय बरकरार है। अगला पीएम कौन होगा इसपर भी स्थिति साफ नहीं है। नवाज शरीफ के चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की रूपरेखा लगभग तैयार होने के बीच एन वक्त पर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) ने पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएलएन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित कर दिया है।



शरीफ परिवार की घोषणा के बाद पीटीआई प्रमुख इमरान खान ने गुरुवार को बड़ा दांव चला, पीटीआई ने पीएम पद के लिए पूर्व सैन्य तानाशाह अयूब खान के पोते और पार्टी महासचिव उमर अयूब के नाम पर मुहर लगा दी है। बता दें, आशंका जताई जा रही है कि शहबाज शरीफ के पीएम बनते ही बड़े भाई नवाज शरीफ के राजनीतिक करियर का अंत हो जाएगा। दरअसल, पिछले हफ्ते चुनावों के आए नतीजों में त्रिशंकु संसद बनने के बाद शहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद है। नवाज-शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाले पीएमएलएन का अन्य पार्टियों के साथ लगभग गठबंधन हो चुका है।

इस गठबंधन में छह पार्टियां शामिल हैं, जिसमें बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी भी शामिल है। बता दें कि पाकिस्तान के तीनों प्रमुख दलों में से किसी को भी चुनावों में बहुमत नहीं मिला है।



### विजेता उम्मीदवार की अधिसूचना रद करने वाली नवाज की याचिका खारिज

पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ झटका दिया है। ईसीपी ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने पंजाब प्रांत के एक निर्वाचन क्षेत्र में विजयी उम्मीदवार की अधिसूचना रोकने की मांग की थी। पीटीआई समर्थित उम्मीदवार ने इस निर्वाचन क्षेत्र से नवाज को हराया था। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के नेतृत्व में ईसीपी की दो सदस्यी पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने नवाज शरीफ के अनुरोध को खरिज किया और पीएमएल-एन सुप्रिमो के वकील को अर्जी फिर से दायर करने का निर्देश दिया। पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार शाहजादा गुस्तासप खान ने एनए-15 (मानसेहरा) सीट पर 105,249 मतों से जीत दर्ज की। जबकि तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ 80,2382 मतों के साथ दूसरे नंबर पर रहे।

## राजनीति मेरे बस की नहीं, टीएमसी सांसद मिमी देंगी इस्तीफा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस नेता मिमी चक्रवर्ती ने संसद की सदस्यता से इस्तीफा देने घोषणा की है। वे लोकसभा में पश्चिम बंगाल की जादवपुर सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं।



हालांकि, मिमी ने अब तक लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपना इस्तीफा नहीं सौंपा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को अपना त्याग पत्र सौंपा है। बताया जा रहा है कि मिमी स्थनीय स्तर पर पार्टी नेतृत्व से खुश नहीं थीं। इस वजह से उन्होंने यह कदम उठाया है। मिमी चक्रवर्ती ने इस्तीफा देने को लेकर कहा कि राजनीति मेरे लिए नहीं है, यहां अगर आप किसी की मदद कर रहे हैं तो आपको उसका प्रचार करना होता है। राजनीति के साथ-साथ मैं एक अभिनेत्री के रूप में भी कार्य करती हूं, मेरा दायित्व दोनों तरफ एक समान बनता है, अगर कोई राजनीति में आता है तो आप काम करें या न करें आपको भला-बुरा कहा जाता है।



अमेरिकी सेना के गार्ड ऑफ ऑनर का समकक्ष के साथ निरीक्षण करते मनोज पांडे।

# सेना प्रमुख ने अमेरिकी समकक्ष से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी

- 16 फरवरी तक अमेरिकी यात्रा पर हैं सेना प्रमुख मनोज पांडे

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को अमेरिका के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक शांति और सुरक्षा प्रयासों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चर्चा की। बता दें कि जनरल मनोज पांडे की 13 फरवरी को शुरू हुई अमेरिकी यात्रा 16 फरवरी को संपन्न हो जाएगी।

जनरल मनोज पांडे ने अमेरिकी सेना के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अर्लिंगटन नेशनल सीमेट्री में 'टॉम्ब ऑफ अननोन सोल्जर' पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जनरल मनोज पांडे की अमेरिकी यात्रा की तस्वीरें शेयर कीं और कहा, बयान में कहा गया कि जनरल मनोज पांडे ने अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय चर्चा में हिस्सा लिया। इस चर्चा का उद्देश्य द्विपक्षीय महत्व के मुद्दों और वैश्विक शांति व सुरक्षा के लिए परस्पर प्रतिबद्धता को बढ़ाना था। सेना प्रमुख ने फोर्ट बेल्वोइर में आर्मी जियोस्पेशियल सेंटर का भी दौरा किया और फोर्ट मैकनेयर में राष्ट्रीय रक्षा विव के साथ बातचीत की।

### रामलला के दरबार में गोवा सरकार...





**गोवा :** मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के साथ गोवा का पूरा मंत्रिमंडल रामलला के दरबार में पहुंचा और दर्शन-पूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ आए सभी 51 सदस्यों ने रामलला के चरणों में माथा टेका। गुरुवार को अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरे तो परंपरागत अंदाज में उनका भव्य स्वागत किया गया। सभी को ई बस द्वारा एयरपोर्ट से राममंदिर परिसर ले जाया गया। ● एजेंसी

## इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति होंगे रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो

**जाकर्ता।** इंडोनेशिया में हुए राष्ट्रपति चुनावों की मतगणना बुधवार को शुरू हुई। नतीजों के शुरुआती रुझानों में तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो ने 58 फीसदी मतों के साथ प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बना ली है।



रुझानों के बाद सुबियांतो ने अपनी जीत का एलान करते हुए कहा कि वे देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। हालांकि, सुबियांतो को देश में लोकतंत्र विरोधी नेता के तौर पर जाना जाता है। इंडोनेशिया के करीब 20 करोड़ लोगों ने अपना राष्ट्रपति चुनने के लिए बुधवार को मतदान किया था। कुल पंजीकृत मतदाताओं में से 80 फीसदी ने मतदान किया है।

# अमेरिका में भारतीय मूल के एक और शख्स की गोली मारकर हत्या

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतवंशी नागरिक होटल कारोबारी था किराये पर कमरे को लेकर हुआ विवाद

अमेरिका के अलबामा राज्य में भारतवंशी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया कि भारतीय मूल के नागरिक का होटल का कारोबारी था और एक कमरे को लेकर ग्राहक के साथ विवाद हो गया, जिसके बाद ग्राहक ने मोटल (होटल) मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी।

बता दें, एक हफ्ते पहले शेफील्ड में हिलक्रेस्ट मोटल के मालिक प्रवीण रावजीभाई पटेल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के आरोप में 34 वर्षीय विलियम जेरेमी मूर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी किराये पर एक कमरा लेना चाहता था, इसी बीच विवाद हो गया और उसने ने बंदूक निकाली और पटेल को गोली मार दी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी मूर को शेफील्ड पुलिस ने तुरंत पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि मूर की तलाशी लेने पर उसके पास से हथियार मिला। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के पास चश्मदीदों का बयान लिया गया है।

एशियन अमेरिकन होटल ओनर्स एसोसिएशन ने इस घटना पर दुख जताया है। एसोसिएशन ने कहा है कि वे इस घटना से काफी दुखी और स्तब्ध हैं। एएचओए के अध्यक्ष भरत पटेल ने कहा कि हिंसा के संवेदनहीन कृत्यों के लिए हमारे समुदायों में कोई जगह नहीं है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिका में कई भारतीय मूल के नागरिकों की हत्या कर दी गई है।

### क्या बोले चश्मदीद

घटनास्थल के पास काम करने वाले नाई जेमेरिज ओवेन्स ने बताया, मैंने तीन गोलियों की आवाज सुनी। उन्होंने कहा कि गोली चलने पर उन्हें विश्वास नहीं हुआ और वह अपने काम में लगे रहे।

## कुपवाड़ा से आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार हथियार बरामद

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में गुरुवार को पुलिस और सुरक्षाबलों को एक आतंकी मददगार को पकड़ने में सफलता मिली है। उसके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। जिले के गुंडमाचेर ब्रिज पर कुपवाड़ा पुलिस, सेना की 28 आरआर और सीआरपीएफ की 162बीएन ने संयुक्त नाका लगाया हुआ था।

चेकिंग के दौरान, लालपोरा से गुंडमाचेर की ओर आ रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके पास सफेद रंग का बैग था। जैसे ही उक्त व्यक्ति ने मौके से भागने की कोशिश की। सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम रफीक अहमद गनई पुत्र गुलाम अहमद गनई निवासी लालपोरा शेखपोरा बताया। बैग की तलाशी के दौरान उसमें से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

# बीजद विधायक व पूर्व मंत्री के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

भुवनेश्वर, एजेंसी

- 7 से 8 वर्ष पहले इंजीनियरिंग कॉलेज में 30 करोड़ रुपये गबन का लगा था आरोप

ओडिशा सरकार के पूर्व मंत्री व भद्रक जिला भंडारीपोखरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रफुल्ल सामल के 10 ठिकानों पर गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक साथ छापामारी की है। यह छापामारी भद्रक शहर में छह स्थानों पर तथा भुवनेश्वर में चार स्थानों पर की जा रही है।

विधायक के विभिन्न ठिकानों के साथ उनके रिश्तेदारों के यहां भी छापामारी किए जाने की सूचना मिली है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार तड़के प्रवर्तन निदेशलय की विशेष टीम भद्रक पहुंची। टीम भद्रक पहुंचने के बाद शहर के नुआ बाजार में मौजूद भंडारीपोखरी विधायक तथा पूर्व मंत्री प्रफुल्ल सामल के आवास के अंदर गई। केन्द्रीय सुरक्षा बल के कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी की टीम भद्रक पहुंची है। 7 से 8 वर्ष पहले जिले के बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज में 30 करोड़ रुपये गबन का आरोप लगा था। इसे लेकर एकाधिक बार इंजीनियरिंग कॉलेज के कर्मचारियों ने प्रतिवाद किया था। इस बीच कर्मचारियों के वेतन भी रोक दिए गए। ऐसे में वर्षों से वेतन ना मिलने कॉलेज कर्मचारियों ने कॉलेज के सामने, जिलाधीश कार्यालय के सामने, विधानसभा के सामने न्याय के लिए प्रतिवाद किया था।

### कोर्ट में विचाराधीन है मामला

बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज का मामले हाई कोर्ट में विचाराधीन है। इसको लेकर पहले ईडी एवं सतर्कता विभाग से जांच करने की भी मांग की गई थी। इस को आधार पर बीजद विधायक के घर पर छापामारी की है।

विज्ञान | वैज्ञानिकों ने पतझड़ में 'ला नीना' के सक्रिय होने की जताई संभावना, अल्बानी विवि न्यूयॉर्क ने जारी की रिपोर्ट

# अब छटने लगा है 'अल नीनो' का प्रभाव

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अच्छी खबर है कि अल नीनो समाप्ति की ओर है। बसंत के आखीर में प्रभाव समाप्त हो जाएगा और पतझड़ में ला नीनो सक्रिय होगा। वायुमंडलीय और पर्यावरण विज्ञान अल्बानी विश्वविद्यालय व स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क ने यह रिपोर्ट जारी की है।

अल नीनो के प्रभाव से शीतकाल मे देश दुनिया के कई हिस्से सूखे की चपेट में रहे। पश्चिमी विक्षोभ के अभाव में कृषि क्षेत्र में बड़ा असर पड़ा है। शीतकाल में जंगलों की आग भी अन्य वर्षों की तुलना में अधिक भड़की है। वर्षा नही होने से भूजल भी काफी घटा होगा। इसका असर ग्रीष्मकाल तक देखने को मिलेगा। स्वाभाविक है वर्षा की कमी से पेयजल संकट उत्पन्न होगा।




अल नीनो प्रभावित क्षेत्र का मानचित्र।

मगर अब अलनीनो समाप्ति की ओर है। एक माह के अंतराल में इसका प्रभाव पूरी तरह समाप्त होने की संभावना है और संभवतः चालू वर्ष के पतझड़ तक ला नीना सक्रिय होने लगेगा। ला नीना सक्रिय होने से मौसम का पैटर्न लौट आएगा और वर्षा के साथ बर्फबारी सामान्य रूप से होने लगेगी। वैज्ञानिक अल नीनो का प्रभाव लंबा खींचने की आशंका जता रहे थे। जिसका भारतीय मानसून पर असर पड़ता। मगर अब इसके कमजोर पड़ने से आशंका के बादल छट गए हैं।

### क्या है अल नीनो

अल नीनो और इसके विपरीत ला नीना जलवायु पैटर्न हैं जो दुनिया भर के मौसम को प्रभावित करते हैं। अल नीनो वैश्विक तापमान बढ़ाता है। जिसका प्रभाव हाल के महीनों में देखा गया। इसके उलट ला नीना की घटनाएं थोड़ी ठंडी होती हैं। अल नीनो की शुरुआत दक्षिण अमेरिका से दूर पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में भूमध्य रेखा के साथ समुद्र के गर्म पानी की धारा की उत्पत्ति करता है। भूमध्य रेखा से लगे क्षेत्र के तापमान ने असामान्य रूप से वृद्धि करता है। अलनीनो की घटना 4 से 5 साल में एक बार होती है, लेकिन दस 10 से 20 के बीच यह शक्तिशाली रूप से सक्रिय होता है।

# ट्रंप से ज्यादा अनुभवी नेता जो बाइडनः व्लादिमीर पुतिन

मॉस्को, एजेंसी

- उन्होंने कहा- किसी भी निर्वाचित अमेरिकी नेता के साथ मिलकर करेंगे काम

अमेरिका में आम चुनाव से पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने बाइडन को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ज्यादा अनुभवी बताया। पुतिन ने कहा कि उनका देश बाइडन को दूसरे कार्यकाल के लिए जीतते हुए देखना पसंद करेगा।

पुतिन ने रूस के सरकारी मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह निर्वाचित होने वाले किसी भी अमेरिकी नेता के साथ मिलकर काम करना पसंद करेंगे। लेकिन, जब उनसे पूछा गया कि रूस के नजरिए से कौन बेहतर विकल्प होगा तो उन्होंने कहा कि वह बाइडन की जीत को तरजीह देंगे।

पुतिन ने कहा, बाइडन ज्यादा अनुभवी और पुराने राजनेता हैं।





लेकिन हम ऐसे किसी भी अमेरिकी नेता के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं, जिस पर अमेरिकी लोग भरोसा करते हैं। पुतिन की ओर से यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले आई है। इन चुनाव में डेमोक्रेट पार्टी के बाइडन के खिलाफ रिपब्लिकन पार्टी डोनाल्ड ट्रंप को खड़ा कर सकती है। चुनाव से पहले दोनों सियासी दल यूक्रेन की सैन्य मदद को लेकर एक दूसरे पर हमले बोल रहे हैं।